ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 25 मई 2024
वर्ष 34, अंक 118, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्माण्ड की प्राचीन तीन आकाशगंगाओं की खोज 16
कांस फिल्म फेस्टिवल में जलवा बिखेरेंगी प्रीति 2

## गंगा में डूबने से पांच बच्चों की मौत

संवाददाता, बिल्हौर (कानपुर)

- अरौल के आंकिन गंगा घाट पर तीन और शिवराजपुर के सरैयां घाट पर दो बच्चों की गई जान

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शुक्रवार को दो हादसों में पांच बच्चों की गंगा में डूबने से मौत हो गई। अरौल क्षेत्र के आंकिन घाट पर तीन जबकि शिवराजपुर के सरैयां घाट पर दो बच्चों की जान गई। दोनों जगहों पर बच्चों की तलाश के लिए दोपहर तक गोताखोरों की टीमें लगी रहीं।

अरौल थाना क्षेत्र आंकिन घाट पर सुबह लगभग नौ बजे आंकिन गांव के फूल सिंह की छह वर्षीया पुत्री एकता, फूल सिंह के भाई हरिप्रसाद की 10 वर्षीया पुत्री प्रांशी और उसका छोटा भाई ज्ञान गंगा की धारा के उस पार अपने खेतों के पास खेल रहे थे। तीनों बच्चे गंगा में उतर गए और बीच धारा में डूबने लगे।

यह देख परिजनों ने धारा में छलांग लगा दी और बच्चों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक तीनों की सांसें थम चुकी थीं। हादसे के लिए परिवार वाले खुद की लापरवाही को कोसते रहे। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल मौके पर पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए कानपुर भेजा। एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी ने बताया कि बच्चे परिजनों के पीछे-पीछे गए थे, तभी हादसा हो गया। गहरे पानी में बच्चे संभल नहीं सके।

उधर, शिवराजपुर थाना क्षेत्र के सरैयां गंगा घाट पर शुक्रवार दोपहर गंगा में डूबने से दो किशोरों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चे को सकुशल बचा लिया गया। शिवराजपुर के वार्ड नंबर पांच के रहने वाले आनंद अवस्थी के पुत्र श्लोक अवस्थी (16) राघवेंद्र बाजपेई के पुत्र दीप बाजपेई (17) और आनंद अवस्थी के पुत्र सक्षम अवस्थी (11) गंगा स्नान करने गए थे। स्नान के दौरान तीनों डूबने लगे। गोताखोरों ने सक्षम अवस्थी को तो बचा लिया, लेकिन श्लोक अवस्थी और दीप बाजपेई डूब गए। गोताखोरों ने जाल डालकर दोनों के शव बरामद किए।

## धर्म के आधार पर आरक्षण देने वाले किए जाएं बेनकाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- योगी आदित्यनाथ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले का किया स्वागत
- कहा, ममता सरकार ने पार की राजनीतिक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा
- भारत का संविधान किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओबीसी-मुस्लिम आरक्षण को लेकर आए कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन द्वारा देश की कीमत पर राजनीति की गई। जो ये नीति चल रही है, इस होड़ को खारिज और बेनकाब किया जाना चाहिए। योगी ने कहा, भारत का संविधान किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार ने राजनीतिक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर चलते हुए 2010 में 118 मुस्लिम जातियों को जबरन ओबीसी में डाल कर ये आरक्षण दिया था। उन्होंने बताया कि भारत में अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए और मंडल कमीशन के बाद ओबीसी की सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन को ध्यान में रखते हुए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी।

मुख्यमंत्री ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को नजीर बताते हुए कहा कि कर्नाटक के अंदर भी कांग्रेस सरकार ने ओबीसी के अधिकार पर इसी प्रकार की सेंधमारी करते हुए मुसलमानों को आरक्षण देने का काम किया है। साथ ही आंध्र प्रदेश में भी इसी प्रकार की शरारत की गई थी। इन सबका जोरदार विरोध करना जरूरी है।

### उप्र में जाति के आधार पर मिल रहा आरक्षण

**पिछड़ा वर्ग विभाग ने शासन को साझा की जानकारी**

लखनऊ। राज्य में पिछड़े वर्ग के लोगों को धर्म नहीं, जाति के आधार पर आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है। इस सिलसिले में शासन स्तर से जानकारी मांगे जाने पर पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने ओबीसी में शामिल लोगों की सूची शासन को भेजी है। सूत्रों के अनुसार पश्चिम बंगाल में ओबीसी आरक्षण को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले के बाद राज्य सरकार ने आरक्षण का लाभ ले रहे वर्गों के बारे में जानकारी मांगी थी। पिछड़ा वर्ग विभाग ने शासन के अधिकारियों के साथ ओबीसी सूची पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप को भी भेजी है। भेजी गई रिपोर्ट में 79 जातियों के बारे में बताया गया है। बताया गया है कि सूची में शामिल जातियों में हिन्दू, मुस्लिम, बौद्ध व सिख धर्म के लोग हैं। कहा गया है कि इन जातियों को जातिगत आधार पर ओबीसी में शामिल किया है। धार्मिक आधार का कोई प्रावधान नहीं है।

### एक नजर

#### रामेश्वरम कैफे विस्फोट में एक और गिरफ्तार

नई दिल्ली। एनआईए ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट मामले में एक और आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। यह पांचवीं गिरफ्तारी है। एजेंसी ने कहा कि कर्नाटक के हुबली शहर का शोएब अहमद मिर्जा (35) उर्फ छोटू पहले लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) आतंकी साजिश में दोषी ठहराया जा चुका है। एजेंसी ने बताया कि जांच में पता चला कि मिर्जा जेल से छूटने के बाद इसमें संलिप्त हुआ। एजेंसी ने कहा कि 2018 में उसने आरोपी अब्दुल मथीन ताहा से दोस्ती की और उसका परिचय ऑनलाइन हैंडलर से कराया, जिसके विदेश में होने का संदेह है।

#### अभिनेत्री लैला की हत्या में सौतेले पिता को मृत्युदंड

मुंबई। मुंबई की सत्र अदालत ने अपनी सौतेली बेटी एवं अभिनेत्री लैला खान, उसकी मां और उनके चार भाई-बहनों की 2011 में हत्या करने के मामले में परवेज टाक को शुक्रवार को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त सत्र जज सचिन पवार ने नौ मई को टाक को हत्या और सबूतों को नष्ट करने के अलावा अन्य अपराधों का दोषी पाया था। इस पर फैसला शुक्रवार को सुनाया गया कि दोषी को क्या सजा दी जानी है। टाक लैला की मां सेलिना का तीसरा पति था।

# मतदान आंकड़े अपलोड करने का निर्देश नहीं दे सकते : सुप्रीम कोर्ट

## मतदान प्रक्रिया के बीच चुनाव आयोग के लिए मैनपॉवर जुटाना कठिन

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) की वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें निर्वाचन आयोग को मतदान केंद्र-वार मतदान प्रतिशत के आंकड़े अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि वह इस वक्त ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं कर सकती, क्योंकि चुनाव के पांच चरण हो चुके और दो बाकी हैं तथा ऐसे में निर्वाचन आयोग के लिए लोगों को काम पर लगाना मुश्किल होगा।

कोर्ट ने एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से दाखिल वादकालीन याचिका (आईए) यह कहते हुए रद कर दी कि इसे चुनाव बाद नियमित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा। पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि अर्जी में किए अनुरोध इसी मुद्दे पर 2019 से लंबित मुख्य याचिका के समान हैं। पीठ ने कहा कि आईए लंबित याचिका के साथ लिया जाना चाहिए, क्योंकि चुनावों के दौरान व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। साथ ही पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग के लिए अपनी वेबसाइट पर मतदान प्रतिशत के आंकड़ें अपलोड करने के लिए लोगों को लगाना मुश्किल होगा।

पीठ ने कहा कि हकीकत समझे जाने की जरूरत है, न कि बीच में प्रक्रिया में बदलाव करके निर्वाचन आयोग पर बोझ डालने की।

सुप्रीम कोर्ट ने 17 मई को एनजीओ की याचिका पर निर्वाचन आयोग से एक हफ्ते के अंदर जवाब मांगा था, जिसमें लोकसभा चुनाव के प्रत्येक चरण का मतदान संपन्न होने के 48 घंटे के अंदर मतदान केंद्र-वार मत प्रतिशत के आंकड़े आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। एडीआर ने 2019 की अपनी जनहित याचिका में एक वादकालीन याचिका दायर की। मूल जनहित याचिका में एडीआर ने निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का कोर्ट से अनुरोध किया है कि सभी मतदान केंद्रों के फॉर्म 17 सी भाग-प्रथम की स्कैन की गई सुपाठ्य प्रतियां मतदान के तुरंत बाद अपलोड की जाएं।

### ईवीएम लॉग दो-तीन साल सुरक्षित रखने का दें निर्देश



नई दिल्ली। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि निर्वाचन आयोग को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के लॉग को कम से कम दो से तीन साल तक सुरक्षित रखने और मतगणना से पहले हर चरण के मतदान के रिकॉर्ड की घोषणा करने का निर्देश दिया जाए ताकि कोई भी सदस्य गैरकानूनी ढंग से न चुना जा सके। सिब्बल ने कहा कि यदि चुनाव आयोग फॉर्म 17सी अपलोड नहीं कर सकता है, तो राज्य निर्वाचन अधिकारी डेटा अपलोड कर सकता है। फॉर्म 17सी में हर बूथ पर कुल मतदान का आंकड़ा दर्ज होता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हर मशीन में एक ऑपरेटिंग सिस्टम है जो ईवीएम में भी है। ईवीएम के इस लॉग को सुरक्षित रखा जाना चाहिए। यह हमें बताएगा कि मतदान किस समय समाप्त हुआ और कितने वोट अवैध थे। किस समय मतदान हुआ, वोट डाले गए। इसलिए, यह सबूत है जिसे सुरक्षित रखा जाना चाहिए।

### बांग्लादेश सांसद अनवारुल अजीम हत्याकांड

## खाल निकाली फिर किए मांस के कई टुकड़े, कसाई गिरफ्तार

कोलकाता, एजेंसी



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



- आरोपी ने कबूला, सांसद की हत्या में चार लोगों की मदद की थी
- शव के टुकड़ों को थैलियों में भरकर अलग-अलग स्थानों पर फेंका
- बांग्लादेशी है आरोपी, पहचान छिपाकर मुंबई में रह रहा था

पश्चिम बंगाल सीआईडी ने बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या में उत्तर 24 परगना जिले के बोनगांव इलाके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दावा किया कि पेशे से कसाई इस व्यक्ति ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि उसने शव के टुकड़े करने में अन्य आरोपियों की मदद की थी और इसके बाद अंगों को अलग-अलग स्थानों पर ठिकाने लगाया गया।

कोलकाता से 13 मई को लापता होने के बाद बंगाल पुलिस ने बुधवार को बांग्लादेश के झिनाइदाह-4 क्षेत्र से अवामी लीग के सांसद अनार की हत्या की पुष्टि की थी। अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सीआईडी की टीम शुक्रवार को गिरफ्तार व्यक्ति को भांगर इलाके में ले गई, जहां शरीर के कटे हुए हिस्सों को प्लास्टिक की थैलियों में डालकर अलग-अलग जगहों पर फेंका गया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी एक बांग्लादेशी नागरिक है और पेशे से कसाई है।

उसने अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था और पहचान छिपाकर मुंबई में रह रहा था। उन्होंने कहा कि अनार की हत्या की साजिश के तहत कसाई को कुछ महीने पहले कोलकाता बुलाया गया था। आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसने उन चार लोगों की मदद की थी, जिन्होंने फ्लैट के अंदर राजनेता की हत्या की थी। उसने शरीर से खाल उतारने और शव के टुकड़े करने में उनकी मदद की थी।

### 13 मई को हुए लापता, छह दिन बाद तलाश

लापता सांसद कथित तौर पर इलाज कराने के लिए 12 मई को कोलकाता पहुंचे थे। उनकी तलाश छह दिन बाद तब शुरू हुई जब उत्तरी कोलकाता के बारानगर के निवासी और बांग्लादेशी राजनेता के परिचित गोपाल विश्वास ने 18 मई को स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अनार यहां आने के बाद बिस्वास के घर पर रुके थे। अपनी शिकायत में बिस्वास ने कहा कि अनार 13 मई की दोपहर को डॉक्टर से मिलने के लिए अपने बारानगर आवास से निकले। उन्होंने कहा था कि वह रात के खाने के लिए घर वापस आएंगे। बिस्वास ने दावा किया कि बांग्लादेश के सांसद से 17 मई से संपर्क नहीं हुआ था। इस वजह से उन्हें एक दिन बाद गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करानी पड़ी।

## आजम खान, पत्नी-बेटे को हाईकोर्ट से मिली जमानत

विधि संवाददाता, प्रयागराज

### फर्जी प्रमाणपत्र मामला



- अन्य मामलों में सजा के चलते जेल में ही रहेंगे आजम खान

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा नेता आजम खान, उनकी पत्नी डॉ. तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा कि आजम खान का मामला डॉ. तंजीन फातिमा और मोहम्मद अब्दुल्ला आजम के मामले से अलग है। अतः आजम की सजा का फैसला और आदेश उनके आपराधिक संशोधन के लंबित रहने के दौरान स्थगित रहेगा जबकि उनकी पत्नी और बेटे की सजा के फैसले और आदेश पर रोक लगाने की प्रार्थना खारिज कर दी गई है।

न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने आजम व उनके परिवार को व्यक्तिगत बांड और समान राशि के दो विश्वसनीय जमानतदार प्रस्तुत करने पर जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। हालांकि आजम खान अभी जेल में ही रहेंगे, क्योंकि उन्हें एक अन्य मामले में भी सजा हुई है जबकि तंजीन फातिमा और अब्दुल्ला आजम जेल से बाहर आ जाएंगे।

## अंबाला में ट्रक से टकराई मिनी बस 7 की मौत और 20 लोग घायल

- उप्र. के बुलंदशहर से 30 लोगों को लेकर वैष्णो देवी जा रही थी बस

अंबाला, एजेंसी



दुर्घटनाग्रस्त वाहन के पास जुटे लोग। ● एजेंसी

हरियाणा के अंबाला में शुक्रवार तड़के मिनी बस और ट्रक की टक्कर होने से छह महीने की बच्ची समेत 7 की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह हादसा अंबाला छावनी के नजदीक मोहरा गांव के पास हुआ।

पुलिस ने बताया कि मिनी बस उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से लगभग 30 लोगों को जम्मू-कश्मीर स्थित वैष्णो देवी मंदिर लेकर जा रही थी। दुर्घटना में हताहत हुए सभी लोग रिश्तेदार हैं। दुर्घटना से मिनी बस का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मिनी बस में सवार छह महीने की बच्ची समेत सात लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने घायलों को बस से निकाला और पुलिस की मदद से दो अस्पतालों में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग गया है। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## छठे चरण में उप्र की 14 लोकसभा सीटों के लिए मतदान आज

लखनऊ। प्रदेश में छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों और बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा सीट के लिए मतदान 25 मई को होगा। मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां पहुंच गई हैं। इस चरण में पूर्व मंत्री मेनका गांधी समेत कई दिग्गजों के भाग्य का फैसला होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज (अजा), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अजा) व भदोही सीट शामिल है।

## कोर्ट ने बिभव को 4 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

नई दिल्ली, एजेंसी

### मालीवाल मामला



- 18 मई से पुलिस हिरासत में हैं मुख्यमंत्री केजरीवाल के निजी सहायक

दिल्ली की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। केजरीवाल के निजी सहायक (पीए) बिभव कुमार ने 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी। वह शनिवार से पुलिस की हिरासत में हैं।

मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने कुमार की चार दिन की न्यायिक हिरासत के अनुरोध संबंधी अभियोजन पक्ष के आग्रह को स्वीकार कर लिया। दिल्ली पुलिस ने 18 मई को कुमार को गिरफ्तार किया था। उनके मोबाइल फोन का डेटा प्राप्त करने के लिए पुलिस उन्हें मुंबई भी ले गई थी। घटना के बाद कुमार ने अपने मोबाइल फोन को फार्मेट करा दिया था।

## हरदोई में अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई आग लगने से दंपती की जलकर मौत

संवाददाता, हरदोई



- सांडी थाना क्षेत्र के बघराई में गौशाला के सामने हुआ हादसा

**अमृत विचार :** सांडी थाना क्षेत्र के बघराई में गौशाला के ठीक सामने तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई, जिससे उसमें सवार दंपती रद्धेपुरवा निवासी आकाश पाल (25) और उनकी पत्नी कीर्ति सिंह (23) की कार में ही जिंदा जलकर मौत हो गई। सीएनजी कार होने के कारण इसमें मौके पर ही आग लग गई। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के एक घंटे बाद पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया।

पुलिस के अनुसार, कोतवाली शहर के रद्धेपुरवा निवासी आकाश पाल पुत्र रामकिशोर शुक्रवार को पत्नी कीर्ति पाल (23) को बीए (द्वितीय वर्ष) की परीक्षा दिलाने के लिए अपनी आर्टिगा कार से सांडी गया हुआ था। दोपहर में वहां के एमएस कान्वेंट डिग्री कॉलेज में परीक्षा देने के बाद दोनों लौट रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार कार सांडी के बघराई में गौशाला के ठीक सामने एक पेड़ से टकरा गई, जिससे उसमें आग लग गई। कार के शीशे लॉक होने की वजह से कोई उनके चीखने की आवाज नहीं सुन सका। लेकिन कोई कुछ करता इससे पहले ही समूची कार आग का गोला बन चुकी थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर एक घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिग्रेड ने आग पर काबू पाया। एएसपी पूर्वी श्रीकुमार के साथ सीओ सुनील शर्मा, अग्नि शमन अधिकारी एमपी सिंह साण्डी के अलावा सुरसा और शहर कोतवाली पुलिस के अलावा दमकल कर्मी पहुंच गए। जब तक आग पर काबू पाया जाता, उससे पहले आकाश और कीर्ति की मौत हो चुकी थी।

## खून खराबा रोकने को माओवादी बातचीत को तैयार

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने अबूझमाड़ के नक्सल मुठभेड़ में आठ नक्सलियों के ढेर होने के बाद नक्सलियों के राष्ट्रीय संगठन को मुख्यधारा से जुड़ने की सलाह दी है। वहीं नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी की ओर से सरकार को वार्ता के लिए पत्र लिखा गया है। पत्र पर गृह मंत्री शर्मा ने कहा कि ऑपरेशन जहां जरूरी हो जाए वहां करना होता है। नक्सलियों से आग्रह है कि आप वार्ता करें। उन्होंने कहा कि अगर नक्सली भी विकास चाहते हैं, उन्नति चाहते हैं, तो वे मुख्य मार्ग में आ जाएं क्योंकि सरकार भी राज्य का विकास चाहती है।

## केदारनाथ में हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, यात्री सुरक्षित

ब्यूरो, देहरादून




तकनीकी खराबी के कारण हेलीकॉप्टर की आपातकालीन लैंडिंग। ● अमृत विचार

- हेलीकॉप्टर ने शेरसी से तमिलनाडु के छह यात्रियों को लेकर भरी थी उड़ान
- हेलीपैड से लगभग 100 मीटर पहले तकनीकी खराबी के कारण कराई गई लैंडिंग

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में शुक्रवार सुबह छह यात्रियों को लेकर केदारनाथ आ रहे क्रिस्टल कंपनी के हेलीकॉप्टर का रूडर खराब हो गया, लेकिन पायलट ने धैर्य का परिचय देते हुए हेलीकॉप्टर की सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग करवाई। हेलीकॉप्टर में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। डीएम ने डीजीसीए को इसके जांच के आदेश दिए हैं।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि शुक्रवार सुबह सात बजे क्रिस्टल एविएशन कंपनी के हेलीकॉप्टर ने छह यात्रियों को लेकर शेरसी हेलीपैड से केदारनाथ के लिए उड़ान भरी थी। केदारनाथ पहुंचने से पहले ही हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई, लेकिन पायलट कल्पेश ने धैर्य रखते हुए हेलीकॉप्टर की केदारनाथ हेलीपैड से सौ मीटर पहले खाई की तरफ सकुशल आपातकालीन लैंडिंग करा दी। पायलट समेत सभी छह श्रद्धालु सुरक्षित हैं। इस घटना की जानकारी पर पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने यात्रियों की सहायता कर उन्हें मंदिर तक पहुंचाया। हेलीकॉप्टर में तमिलनाडु के छह यात्री सवार थे।

केदारनाथ धाम के लिए हवाई सेवा संचालित हैं। रोजाना हेलीकॉप्टर तीर्थयात्रियों को लेकर केदारनाथ की उड़ान भर रहे हैं। यदि हेलीकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग नहीं हो पाती तो बड़ा हादसा हो जाता। इससे पहले केदारनाथ धाम की उड़ान भरते समय कई हेलीकॉप्टर हादसे के शिकार हो चुके हैं। डीएम सौरभ गहरवार ने कहा कि पायलट की सूझबूझ से हादसा होने से बच गया। पायलट ने धैर्य नहीं खोया और आपात स्थिति में हेलीकॉप्टर की लैंडिंग कराई। सभी तीर्थ यात्री सुरक्षित हैं, उन्हें बाबा केदारनाथ के दर्शनों के लिए भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि हेलीकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी की जांच कराई जा रही है।

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण (कोलकाता) | 14 | 20 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 741 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

## टी-20 विश्व कप के लिए कमेंटरी पैनल की घोषणा

**दुबई।** आईसीसी ने अगले महीने शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए शुक्रवार को स्टार सुसज्जित कमेंटरी पैनल की घोषणा की जिसमें क्रिकेट और प्रसारण के कुछ बड़े नाम जैसे पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री और महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर शामिल हैं।

टी-20 विश्व कप दो से 29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाले दिनेश कार्तिक को भी कमेंटरी पैनल में चुना है। मुख्य कमेंटेटरों में शास्त्री, नासिर हुसैन, इयान स्मिथ, मेल जोंस, हर्षा भोगले और इयान बिशप शामिल हैं।




# फाइनल के टिकट से 176 रन दूर रॉयल्स

## क्लासेन के अर्धशतक से संभला हैदराबाद, बोल्ट-आवेश ने लिए तीन-तीन विकेट

**चेन्नई, एजेंसी**

हाइनरिक क्लासन (50), राहुल त्रिपाठी (37) और ट्रैविस हेड (34) की शानदार पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 176 रनों का लक्ष्य दिया है।

एम ए चिदंबरम स्टेडियम में राजस्थान रायल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर की आखिरी गेंद पर अभिषेक शर्मा (12) का विकेट गवां दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में ट्रेंट बोल्ट ने राहुल त्रिपाठी को आउट कर हैदराबाद को दूसरा झटका दिया।

राहुल त्रिपाठी ने 15 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (37) रन बनाए। 10वें ओवर में संदीप शर्मा ने ट्रैविस हेड को अश्विन के हाथों कैच आउट करा दिया। हेड ने 28 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (34) रन बनाए। एडन मारक्रम (1), नितीश कुमार रेड्डी (5), अब्दुल समद (शून्य) और शाहबाज अहमद (18) और और जयदेव उनादकट (5) रन बनाकर आउट हुये। हाइनरिक क्लासन ने 34 गेंदों में चार छक्के लगाते हुए सर्वाधिक (50) रन बनाये।


अभिषेक शर्मा का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के जश्न मनाते ट्रेंट बोल्ट। ● एजेंसी

क्लासेन ने बोल्ट की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया और फिर एक रन के साथ 33 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

संदीप ने हालांकि सटीक यॉर्कर पर क्लासेन को बोल्ड करके उनकी पारी का अंत किया। जिससे सनराइजर्स की टीम अंतिम दो ओवर में 12 रन ही बना सकी। कप्तान पैट कमिंस (5) रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 175 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से ट्रेंट बोल्ट और आवेश खान ने तीन-तीन विकेट लिए।




**हैदराबाद 175/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड कैच अश्विन बो संदीप | 34 | 28 | 3/1 |
| अभिषेक शर्मा कैच कोल्हर बो बोल्ट | 12 | 5 | 1/1 |
| राहुल त्रिपाठी कैच चहल बो बोल्ट | 37 | 15 | 5/2 |
| एडेन मारक्रम कैच चहल बो बोल्ट | 1 | 2 | 0/0 |
| हैनरी क्लासेन बोल्ड संदीप शर्मा | 50 | 33 | 0/4 |
| नीतिश रेड्डी कैच चहल बो आवेश | 5 | 10 | 0/0 |
| अब्दुल समद बो आवेश | 0 | 1 | 0/0 |
| शहबाज अहमद कैच ध्रुव बो आवेश | 18 | 18 | 0/1 |
| पैट कमिंस | 5 | 5 | 1/0 |
| जयदेव उनादकट रनआउट आवेश | 5 | 2 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 4-0-45-3, अश्विन 4-0-43-0, संदीप 4-0-25-2, आवेश 4-0-27-3, चहल 4-0-34-0

## खेल डायरी

### फ्रेंच ओपन के पहले दौर में नागल का सामना कारेन से



**पेरिस।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल क सामना फ्रेंच ओपन के पहले दौर में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी रूस के कारेन खाचानोव से होगा। दुनिया के 94वें नंबर के खिलाड़ी नागल को मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश मिला है। वह 2019 में प्रग्नेश गुणेश्वरन के बाद फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश पाने वाले पहले भारतीय पुरूष खिलाड़ी बने। वह क्लेकोर्ट पर खेले जाने वाले इस ग्रैंडस्लैम से पहले हालांकि अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। उन्हें मोंटे कार्लो मास्टर्स के तीसरे दौर में होल्गर रूने ने हराया। इसके बाद वह बोर्डो चैलेंजर और जिनीवा ओपन में भी पहले दौर में हार गए।

### सेंथिल कुमार, अभय क्यूएसएफ 3 स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में

**दोहा।** भारत के वेलावन सेंथिल कुमार और अभय सिंह 53500 डॉलर ईनामी राशि के क्यूएसएफ 3 स्क्वाश टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। यह पीएसए विश्व टूर ब्रांज श्रेणी का टूर्नामेंट है। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन सेंथिल कुमार ने मिस्र के सातवीं वरीयता प्राप्त उमर मोसाद को हराया। चोट के कारण मोसाद ने 30 मिनट में कोर्ट छोड़ दिया। वहीं, अभय ने छठी वरीयता प्राप्त फ्रांस के आगस्टे डुसोर्ड को मात दी। सेंथिल कुमार का सामना अब मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त तारिक मोमेन से होगा जबकि अभय की टक्कर मलेशिया के तीसरी वरीयता प्राप्त ऐन योउ एंग से होगी।

### भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में, दीपिका सेमीफाइनल में

**येचियोन (दक्षिण कोरिया)।** ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश की जोड़ी तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में शुक्रवार को कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई जबकि दीपिका कुमारी ने शानदार वापसी करके व्यक्तिगत रिकर्व सेमीफाइनल में जगह बनाई। ज्योति, परनीत कौर और अदिति स्वामी ने भारत का पहला पदक पक्का कर दिया था। युवा कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे व्यक्तिगत वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने 16 तीरों में दो अंक ही गंवाते हुए हान सियुंगियोन और यांग जाएवोन को 158-157 से हराया।

### घुड़सवारी महासंघ के लिए प्रशासनिक समिति गठित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ के कामकाज में अनियमितताओं के मद्देनजर इसके कामकाज के संचालन के लिये सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में तदर्थ प्रशासनिक समिति का गठन किया। जस्टिस तारा वी गंजू ने कहा कि आम तौर पर अदालत राष्ट्रीय खेल महासंघ के प्रशासन में दखल नहीं देती है लेकिन अनियमितताओं के मामले में हालात को अनदेखा नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के पूर्व जज नाजमी वजीरी तदर्थ प्रशासनिक समिति के अध्यक्ष होंगे जबकि पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी इसके पर्यवेक्षक सदस्य और एडवोकेट रोहिणी मूसा सदस्य होंगी। यह फैसला राजस्थान घुड़सवारी संघ की याचिका पर सुनाया गया। अदालत ने कहा कि समिति ईएफआई के दैनंदिनी कार्यों का संचालन करेगी और मौजूदा पदाधिकारी किसी काम से जुड़े नहीं रहेंगे लेकिन समिति को पूरा सहयोग देंगे।

### अमेरिका ने बांग्लादेश को 6 रनों से दी शिकस्त

**ह्यूस्टन।** कप्तान मोनांक पटेल के (42), एरोन जोन्स (35) की शानदार बल्लेबाजी के बाद अली खान की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत अमेरिका ने शाकिब-अल-हसन की अगुवाई वाली बंगलादेश टीम को दूसरे टी-20 मुकाबले में छह रनों से हराकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की टीम ने 144 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में बांग्लादेश की पूरी टीम 19 .3 ओवर में 138 रन में सिमट गई। टी-20 विश्व कप से पहले बांग्लादेश की नाकाफी तैयारी सामने आ गई है।

### वेस्टइंडीज ने द. अफ्रीका को 28 रनों से हराया

**किंगस्टन।** ब्रैंडन किंग की 45 गेंदों पर (79) की तूफानी पारी और उसके बाद गुडाकेश तथा फोर्ड ने 3-3 विकेट की घातक गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने पहले टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 28 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने 20 ओवरों में आठ विकेट पर 175 रनों का स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 19 .5ओवर में 147 रन पर सिमट गई। गुडाकेश ने और मैथ्यू फोर्ड ने 3-3 विकेट लिए।

### फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित

**भुवनेश्वर।** कुवैत के खिलाफ छह जून को होने वाले विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिए भारत की 27 सदस्यीय फुटबॉल टीम का ऐलान कर दिया गया है जिसमें फॉरवर्ड पार्थिब गोगोई और डिफेंडर मोहम्मद हम्माद चोट के कारण बाहर हैं जबकि अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री का यह आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा। मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कोलकाता में होने वाले मैच के लिए टीम की घोषणा की है। भुवनेश्वर में 32 खिलाड़ी शिविर में थे जिनमें से पांच (फुरबा लाचेंपा, पार्थिब, इमरान खान, हम्मदाद और जितिन एमएस) को रिलीज कर दिया है। स्टिमक ने कहा ये सभी पेशेवर और मेहनती हैं। पार्थिब और हम्माद को कुछ दिन पहले चोट लगी थी और उन्हें एक से दो हफ्ते आराम की जरूरत है। बाकी खिलाड़ी भुवनेश्वर में अभ्यास करते रहेंगे और 29 मई को कोलकाता जाएंगे। कुवैत से उनका सामना छह जून को होगा।

# कोच के लिए किसी ऑस्ट्रेलियाई के संपर्क में नहीं : जय

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने शुक्रवार को उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया जिसमें कहा गया कि बोर्ड ने अगले मुख्य कोच के लिए किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क किया था। इसके साथ ही उन्होंने यह संकेत दिया कि राहुल द्रविड़ का उत्तराधिकारी भारतीय क्रिकेटर हो सकता है जिसे देश में क्रिकेट और उसके मैदान की गहरी समझ हो।

शाह ने एक बयान में कहा न तो मैंने और न ही बीसीसीआई ने कोचिंग की पेशकश के साथ किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क किया है। कुछ मीडिया अनुभागों में



प्रसारित रिपोर्टें पूरी तरह से गलत हैं। हमारी राष्ट्रीय टीम के लिए सही कोच ढूंढना एक कुशल और गहन प्रक्रिया है और हम ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसे भारतीय क्रिकेट संरचना की गहरी समझ हो और टीम को अच्छी रैंक तक ले जा सके। बीसीसीआई सचिव ने यह भी कहा कि भारतीय घरेलू क्रिकेट का गहन ज्ञान होना अगले कोच की नियुक्ति के लिए महत्वपूर्ण मानदंडों में से एक होगा।

### लैंगर ने भारत का कोच बनने का इरादा त्यागा

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर जस्टिन लैंगर भारत का मुख्य कोच बनने की संभावना पर विचार कर रहे थे लेकिन इससे जुड़े 'दबाव और राजनीति' को लेकर केएल राहुल की सलाह के बाद उन्होंने यह ख्याल जेहन से निकाल दिया। लखनऊ सुपर जाइंट्स आईपीएल टीम के मुख्य कोच लैंगर ने कहा यह शानदार काम होगा। मैं ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ चार साल कोच रह चुका हूं लेकिन यह काफी थकाऊ होता है, लेकिन किसी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। मैं केएल राहुल से बात कर रहा था तो उसने कहा कि आईपीएल टीम में अगर आपको दबाव और राजनीति लगती है तो उसका हजारों गुना भारतीय टीम की कोचिंग में होता है।

### लक्ष्मण का एनसीए में कार्यकाल सितंबर में होगा खत्म

**चेन्नई।** यह जगजाहिर है कि वीवीएस लक्ष्मण की भारतीय टीम के मुख्य कोच पद पर काबिज होने की कोई इच्छा नहीं है और एनसीए में क्रिकेट प्रमुख के तौर पर उनका कार्यकाल इस साल सितंबर में खत्म हो रहा है जिससे यह देखना होगा कि बीसीसीआई किस तरह उन्हें सेट अप में बरकरार रखने में कामयाब होता है। कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर गौतम गंभीर को बीसीसीआई के लिए उपलब्ध विकल्पों में प्रबल दावेदार माना जा रहा है लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि सचिव जय शाह ने राष्ट्रीय टीम के सीनियर खिलाड़ियों से गंभीर पर सर्वसम्मति से रजामंदी के बारे में बात की है या नहीं।

# कार्तिक ने तब मेरा मनोबल बढ़ाया, जब मैं जूझ रहा था

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अभियान के खत्म होने के बाद संन्यास लेने वाले दिनेश कार्तिक को समझदार और ईमानदार व्यक्ति करार देते हुए कहा कि इस अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ने 2022 सत्र में उनका मनोबल बढ़ाया था, जब वह फॉर्म हासिल करने में जूझ रहे थे।

कार्तिक ने बुधवार को अपना अंतिम आईपीएल मैच खेला जिसमें आरसीबी प्लेऑफ में राजस्थान रॉयल्स से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। कोहली ने कहा वह बहुत समझदार व्यक्ति हैं और उन्हें सिर्फ क्रिकेट नहीं बल्कि काफी चीजों की अच्छी जानकारी भी है। कोहली ने 2022 सत्र को याद किया जिसमें उन्होंने 16 मैच में महज 22.73 के औसत से 341 रन बनाए थे, तब दूसरे क्वालीफायर में आरसीबी राजस्थान रॉयल्स से हारकर फाइनल में जगह बनाने से चूक गई थी। कोहली ने कहा मैंने हमेशा उनके साथ बातचीत का आनंद लिया है। 2022 में भी उस चरण में जब मेरा आईपीएल सत्र इतना अच्छा नहीं रहा था तो मेरा आत्मविश्वास भी डगमगाया हुआ था। वह दो तीन दफा मेरे साथ बातचीत के लिए बैठे और ईमानदारी से मुझे बताया कि उन्हें चीजें कैसी दिख रही हैं क्योंकि शायद मैं खुद इन चीजों को अच्छी तरह नहीं देख पा रहा था।



### धोनी के पास न खेलने का कारण नहीं : कैफ



**मुंबई।** भारत के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ का मानना है कि फॉर्म, फिटनेस और आसानी से बड़े शॉट खेलने की क्षमता को देखते हुए ऐसा कोई कारण नहीं है कि महेंद्र सिंह धोनी को आईपीएल का अगला सत्र नहीं खेलना चाहिए। अटकलें लगाई जा रही हैं कि चेन्नई सुपरकिंग्स को पांच आईपीएल खिताब दिलाने वाले धोनी अपना आखिरी आईपीएल खेल चुके हैं। कैफ ने कहा व्यक्तिगत रूप से, मुझे नहीं लगता कि वह अपना पूरा क्रिकेट खेल चुका है, वह मैच नहीं जीत सका। आप उसकी बॉडी लैंग्वेज देखकर अंदाजा लगा सकते हैं कि सीएसके के लिए मैच नहीं जीत पाने से वह निराश लग रहा था। उसे वापस क्यों नहीं आना चाहिए? वह फिट है, वह रन बना रहा है और छक्के लगा रहा है और खेलना बंद करने का कोई कारण नहीं है। यह उस पर निर्भर करता है, हम धोनी के बारे में यह नहीं कह सकते कि उसकी योजना क्या है।

# भारतीय पुरुष टीम बेल्जियम से हारी

**एंटवर्प, एजेंसी**



● **दूसरे मुकाबले में 1-4 से करना पड़ा हार का सामना आज भी भिड़ेंगे**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को शुक्रवार को एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के यूरोप चरण के अपने दूसरे मुकाबले में बेल्जियम के खिलाफ 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले में शुरुआत से ही बेल्जियम ने मजबूत भारतीय रक्षापंक्ति पर आक्रामक रूख बनाए रखा।

दोनों टीमों ने दूसरे क्वार्टर की अच्छी शुरुआत की। इस क्वार्टर के पहले तीन मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वह इसे गोल में नहीं बदल सका। इसके बाद फेलिक्स डेनेयर (22वें मिनट में) गोल करते हुए बेल्जियम को 1-0 की बढ़त दिला दी। हाफ टाइम के बाद भारत ने आक्रामक खेल शुरू किया, लेकिन बेल्जियम के डिफेंस को तोड़ना काफी मुश्किल रहा। तीसरे क्वार्टर के अंत में बेल्जियम ने भारत पर 2-0 से बढ़त बना ली। मैच के अंतिम 15 मिनट में भारत ने तेजी से मौके ढूंढने शुरू कर दिए। सेड्रिक चार्लियर ने एक शानदार मैदानी गोल दागते हुए टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। मैच खत्म होने में पांच मिनट बाकी रहने पर, अभिषेक भारत के लिए पहला गोल किया। इसी के साथ इस मैच को बेल्जियम ने 4-1 से जीत लिया। भारतीय टीम आज फिर बेल्जियम से मुकाबला करेगी।

### भारतीय महिला टीम यूरोप चरण में दूसरा मैच भी हारी

**एंटवर्प (बेल्जियम)।** भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार दूसरी पराजय झेलनी पड़ी और इस बार उसे बेल्जियम ने 2-0 से हराया। नए कोच हरेंद्र सिंह और कप्तान सलीमा टेटे के साथ भारतीय महिला टीम को पहले मैच में अर्जेंटीना ने 5-0 से हराया था। बेल्जियम के लिए दोनों गोल फील्ड गोल थे जो 34वें मिनट में अलेक्सिया टी सरस्टेवेंस और दो मिनट बाद डेवाएट लुईस ने किए। बेल्जियम को पहले क्वार्टर के आखिर में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता ने उसे बचा लिया। दूसरे क्वार्टर में बेल्जियम ने लगातार हमले बोले लेकिन भारतीयों ने उसका माकूल जवाब दिया। ब्रेक के बाद बेल्जियम ने तीसरे क्वार्टर के चौथे मिनट में अलेक्सिया ने पहला गोल दागा। डेवाएट ने दूसरा गोल कर दिया। भारत को अब शनिवार को बेल्जियम से खेलना है।

# सिंधु हान यू को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची

**कुआलालंपुर, एजेंसी**

पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु शुक्रवार को चीन की हान यू हराकर मलेशिया मास्टर्स 2024 बैडमिंटन महिला एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच गईं है। कुआलालंपुर के एक्सियाटा एरिना में खेले गये क्वार्टरफाइनल में पीवी सिंधु ने 55 मिनट तक चले मुकाबले में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हान यू को 21-13, 14-21, 21-12 से हराया। दूसरा गेम हारने के बावजूद पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधु निर्णायक गेम में अपना संयम बनाए रखने में सफल रही।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने 16-13 की बढ़त के बाद लगातार पांच अंक हासिल करते हुए पहला गेम जीत लिया। हान यू ने दूसरे गेम की अच्छी शुरुआत की और एक समय पर 15-3 की बढ़त बना ली, हालांकि सिंधु ने इस अंत को कम करते हुए स्कोर को 18-13 तक



ले जाने में सफल रहीं। उनकी यह जबरदस्त शुरुआत इस गेम को जीतने के लिए काफी रही और इसी के साथ उन्होंने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सिंधु बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से भिड़ेंगी। इस बीच, महिला एकल में अश्मिता चालिहा का अभियान क्वार्टरफाइनल में चीन की छठी वरीयता प्राप्त झांग यी से सीधे गेम में हारने के बाद समाप्त हो गया।

## बॉलीवुड हलचल



### कांस फिल्म फेस्टिबल में जलवा बिखेरेंगी प्रीति

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री प्रीति जिंटा कांस फिल्म फेस्टिबल में जलवा बिखेरती नजर आएंगी। ऐश्वर्या राय और कियारा आडवाणी के बाद अब प्रीति जिंटा भी कान्स के रेड कारपेट पर नजर आएंगी। हालांकि, इससे पहले ही प्रीति का इस फिल्म फेस्टिवल से फर्स्ट लुक सामने आ चुका है। प्रीति जिंटा की हाल ही में एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह शिमरी व्हाइट गाउन में बला की खूबसूरत लग रही हैं। प्रीति कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कारपेट पर वॉक करते हुए नजर आएंगी, लेकिन उससे पहले उनके फैन क्लब ने फ्रांस के रिवर साइड पर फोटोशूट करवाते हुए एक्ट्रेस की एक बेहद ही प्यारी वीडियो शेयर की है। प्रीति के गाउन में स्लीव्स में व्हाइट रंग के बाऊ लगे हुए हैं। उन्होंने मेकअप से लेकर ज्वेलरी तक बिल्कुल मिनिमल लुक रखता है। प्रीति जिंटा इंडिया के नामचीन सिनेमैटोग्राफर संतोष सिवन को पियरे एंजिनीक्स अवॉर्ड से कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में सम्मानित करने वाली हैं।

### सिंघम अगेन से अजय का लुक रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देगवन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन से उनका नया लुक रिलीज कर दिया है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही फिल्म सिंघम अगेन इन दिनों काफी सुर्खियों में बनी हुई है। अजय देवगन, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और टाइगर श्रॉफ समेत कई स्टार्स इस फिल्म में एक साथ दिखाई देने वाले हैं। सिंघम अगेन से मेकर्स ने लेटेस्ट फोटो शेयर की है, जहां बताया गया है कि टीम ने कश्मीर शेड्यूल को पूरा कर लिया है। रोहित शेट्टी ने सेट से अजय देवगन की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

रेलवे स्टेशन गोला

# कुछ दिन मुसीबत, फिर यात्रियों को मिलेगी एयरपोर्ट जैसी सहूलियत

## अमृत भारत योजना के तहत करीब छह करोड़ से कराया जा रहा सौंदर्यीकरण

कामता सिंह कुशवाहा/विवेक दीक्षित, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो रहा है। प्लेटफार्म से लेकर स्टेशन परिसर में निर्माण कार्य हो रहा है। इससे मुसाफिर मुसीबतों के साथ जान जोखिम में डालकर आने-जाने के लिए विवश हैं। हालांकि कुछ दिनों की परेशानी के बाद यात्रियों को प्लेटफार्म से लेकर स्टेशन परिसर पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

छोटी काशी गोला के रेलवे स्टेशन का अमृत भारत योजना के तहत 6 करोड़ की लागत से सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। काम तेजी से हो रहा है। प्लेटफार्म नंबर दो का निर्माण कार्य पूरा होने को है तो वहीं प्लेटफार्म नंबर एक और स्टेशन परिसर के बाहर के सौंदर्यीकरण का काम अभी 40 फीसद बाकी है। हालांकि निर्माण कार्य से मुसाफिरों को तमाम दिक्कतें हो रही हैं। आलम यह है कि प्लेटफार्म पर आवागमन के दौरान मुसाफिरों को कई तरह की परेशानियां उठानी पड़ती हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत रात में ट्रेनों से आने जाने वाले यात्रियों को होती है। प्रकाश की उचित व्यवस्था न होने की वजह से अक्सर मुसाफिर चोटिल तक हो जा रहे हैं। इस संबंध में स्थानीय रेलवे के लोगों का कहना है कि सौंदर्यीकरण की वजह से दिक्कत तो है, लेकिन इसके बाद यात्रियों को एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं मिलेंगी।


रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म जाने वाले मुख्य गेट का हो रहा सौंदर्यीकरण।


निर्माण कार्य को लेकर यात्रियों को आने-जाने में हो रही दिक्कत। अमृत विचार

### यात्रियों को मिलेंगीं ये सुविधाएं

मुख्य प्रवेश द्वार के सरकुलेटिंग एरिया का विकास कर स्थानीय कला व संस्कृति को शामिल कर स्टेशन का सौंदर्यीकरण, प्लेटफार्म सरफेस का अपग्रेडेशन, प्लेटफार्म परिसर में उन्नत लाईटिंग, कोच गाइडेंस सिस्टम, ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, डिजिटल घड़ियां, ट्रेन उद्घोषणा प्रणाली, सोलर प्लांट, वाटर कूलर, एयर कंडीशनर, यात्री सुविधाओं से संबंधित ग्लोसाइन बोर्ड, एलईडी स्टेशन नाम पट्टिका, 12 मीटर चौड़ा पैदल उपरिगामी पुल सहित यात्री प्रतीक्षालय व शौचालय का आधुनिकीकरण होगा।


प्लेटफार्म पर यात्रियों के लिए लगवाई गई आधुनिक पानी की टंकी।

### इन ट्रेनों का हो रहा संचालन

- लालकुआं से वाराणसी सिटी- प्रत्येक सोमवार
- वाराणसी सिटी से लालकुआं- प्रत्येक बुधवार
- हावड़ा से लालकुआं- प्रत्येक रविवार
- लालकुआं से हावड़ा- प्रत्येक गुरूवार
- रामनगर से लखनऊ- प्रत्येक शुक्रवार व शनिवार
- लखनऊ से रामनगर- प्रत्येक शनिवार व रविवार

दैनिक ट्रेनों की संख्या **10**

रोजाना आने जाने वाले यात्री **करीब 1700**

### दैनिक ट्रेनें

- मैलानी से गोरखपुर व गोरखपुर से मैलानी- एक्सप्रेस
- शाहगढ़ से डालीगंज व डालीगंज से शाहगढ़- पैसेंजर
- मैलानी से डालीगंज व डालीगंज से मैलानी- पैसेंजर
- मैलानी से डालीगंज व डालीगंज से मैलानी- पैसेंजर
- मैलानी से सीतापुर व सीतापुर से मैलानी- पैसेंजर

# रोडवेज की अनुबंधित बस में लगी आग, बाल-बाल बचे सभी यात्री

- सीतापुर के हरगांव में रात दस बजे के आसपास हुआ हादसा
- घटना के बद जिम्मेदार करने लगे अग्निशमन यंत्रों की जांच

संवाददाता लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** गुरुवार रात लखनऊ से गोला वापस आ रही गोला डिपो की अनुबंधित बस में रात करीब दस बजे हरगांव में अचानक आग लग गयी। आग की लपटों को देखकर चालक-परिचालक व यात्री दहशत में आ गए। जान बचाने की खातिर यात्रियों में चीख पुकार के साथ बस से निकलने की भगदड़ मच गई। पल भर में बस आग का गोला बनकर खाक हो गई। बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। अग्निशमन दस्ते ने आग पर काबू पाया। कुछ यात्रियों का सामान जल गया।

गोला डिपो की अनुबंधित बस गुरुवार दोपहर लखनऊ रूट पर गई थी। रात आठ बजे से लखनऊ से गोला रवाना हुई। रात करीब दस बजे हरगांव पहुंचते ही आग लग गई। उस समय बस में 20 यात्री मौजूद थे। चालक महेंद्र और परिचालक प्रेमचंद्र जब तक कुछ समझते आग विकराल हो गयी। यात्रियों ने बस से बाहर निकलकर जान बचाई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय फोर्स के साथ पहुंच गए। फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया। बताते हैं कि रात में ही हरदोई क्षेत्र के अधिकारी मौके पर पहुंचे और हादसे की जानकारी ली। बस में आग किस कारण लगी, इसके बारे में जिम्मेदार बता नहीं पा रहे हैं। मगर, हादसे की वजह शार्ट सर्किट का होना बताया जा रहा है।


सीतापुर के हरगांव कस्बे में धू-धूकर जलती गोला डिपो की अनुबंधित बस।

### चालक-परिचालक नहीं खोल सके लॉक


बस अड्डे पर अग्निशमन यंत्र का लॉक खुलवाकर देखते एआरएम महेश चंद्र कमल।

एआरएम ने बस अड्डे पर आग बुझाने वाले सिलिंडर का संचालन करने के लिए चालक परिचालकों को बुलाया। इस पर गिनती के लोगों को छोड़कर अधिकतर चालक-परिचालक उसका लॉक तक नहीं खोल सके। ऐसे में हादसे की पुनरावृत्ति के दौरान अग्निशमन यंत्र होने के बाद भी चालक परिचालक आग ही नहीं बुझा पाएगें।

### घटनास्थल पर पहुंचे क्षेत्रीय प्रबंधक व सेवा प्रबंधक

बस में आग लगने की सूचना लगते ही गोला डिपो से लेकर लखनऊ तक हड़कंप मच गया। आनन फानन में परिवहन निगम हरदोई क्षेत्र के आरएम एमएल केशवानी, सेवा प्रबंधक रमेश कुमार सहित एआरएम सीतापुर और गोला महेश चंद्र कमल पहुंच गए। अधिकारियों ने घटना के बाद जांच पड़ताल कर बस के मुसाफिरों को दूसरी बस से गंतव्य तक भिजवाया।

### एआरएम डाल-डाल तो बस मालिक पात-पात

हादसे के बाद गोला एआरएम ने अग्निशमन यंत्रों की जांच करानी शुरू कर दी। जिन बसों में यंत्र नहीं मिला उनका संचालन रुकवा दिया। ऐसे में पांच बसें खड़ी हो गईं। जानकारी मिलते ही बस मालिकों ने इसका भी जुगाड़ निकाल लिया। जो बसें यंत्र होने पर बस अड्डे से निकल चुकी थी। उनका अग्निशमन यंत्र बसों में रखकर संचालन शुरू करवाया।

### हर बार की तरह हादसे के बाद शुरू हो गई जांच

हरगांव की घटना के बाद फिर से बसों की जांच शुरू हुई। गोला व लखीमपुर डिपो के एआरएम ने शुक्रवार को बसों में अग्निशमन यंत्रों की जांच की। गोला की चार अनुबंधित बसों में अग्निशमन यंत्र नहीं मिला तो उनका संचालन रोक दिया गया। लखीमपुर डिपो में सीतापुर डिपो की बस (यूपी 34 टी 9804) में अग्निशमन यंत्र नहीं मिला। इस पर एआरएम ने परिचालक को फटकार लगायी। कुछ बसों में अग्निशमन यंत्र डिग्गी में तो कुछ में खाली मिला। लखीमपुर की कुछ बसों में अग्निशमन यंत्र न मिलने पर एआरएम ने उपलब्धता के बाद ही संचालन के निर्देश दिए हैं।

> गोला डिपो की जिस बस में आग लगी थी, उसमें अग्निशमन यंत्र था। आग तेज थी उस पर काबू नहीं पाया जा सका। यात्री और स्टाफ सुरक्षित हैं। बसों में अग्निशमन यंत्रो की जांच कराई गई जिनमें नहीं मिले, उनका संचालन रोक दिया गया था। जिस बस में आग लगी थी उसका चालक भाग गया था। इसलिए कारण नहीं पता चल पाया।
>
> -महेश चंद्र कमल, एआरएम

> बसों की पड़ताल के दौरान कुछ बसों में अग्निशमन यंत्र नहीं मिला तो कुछ में वह डिक्की में बंद पाया गया। इस पर बिना सिलिंडर वाली बसों का संचालन रूकवाकर सहायक यातायात निरीक्षकों को रूट पर भी बसों में अग्निशमन यंत्र एवं फर्स्ट एड बॉक्स में दवाओं की चेकिंग कर रिपोर्ट करने के लिए निर्देशित कर दिया है।
>
> -मुकेश मेहरोत्रा, एआरएम लखीमपुर डिपो

### एक नजर

**दुर्घटना में ग्रामीण घायल**

पलिया कलां, अमृत विचार : संपूर्णानगर रोड पर बैंक ऑफ बड़ौदा के निकट कार ने गांव नगला निवासी राजेंद्र तिवारी (65) को टक्कर मार दी, जिससे वे दूर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

**मारपीट की रिपोर्ट दर्ज**

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : कुम्हारन टोला निवासी नरेंद्र दीक्षित ने मोहल्ले के ही दो लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए रचित द्विवेदी और उसके भाईके खिलाफ मारपीट की रिपोट दर्ज करायी है।

**दंपति ने महिला को पीटा**

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : मुकारिमपुर में एक महिला की पिटाई कर दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मुकारिमपुर निवासी रंजीत कुमार की पत्नी भावना देवी ने गांव के ही बृजलाल और उनकी पत्नी मोहिनी पर मारपीट का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

**बाइक सवार घायल**

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी रोहित और लालपुर निवासी कपिल कुमार की बाइक को खुटार रोड पर बाईपास के पास ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे सड़क पर गिरकर दोनां गंभीर घायल हो गए।

**मंदिर में हुआ भंडारा**

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : बजाज हिंदुस्थान शुगर लि. स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में वैशाख पूर्णिमा पर भंडारा आयोजित किया गया। गुरुवार की रात नौ बजे आरती के बाद पुजारी दयानंद पांडे और पुजारी अनिल मिश्रा ने श्री लक्ष्मी नारायण को नए वस्त्र पहना कर सुसज्जित किया। पूड़ी-सब्जी और खीर का भोग लगाकर भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया।

# डग्गामार वाहनों का संचालन रोकने की मांग

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** पलिया बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने शुक्रवार को डीएम को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें पलिया के विभिन्न मार्गों पर संचालित हो रही टाटा मैजिक, निजी कारों आदि डग्गामार वाहनों को रोके जाने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा है कि पलिया से लखीमपुर वाया भीरा, लखीमपुर वाया निघासन, पलिया से गोला, मैलानी, चंदन चौकी, गौरीफंटा, खजुरिया आदि मार्गों पर पलिया बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन की बसों का संचालन होता है, लेकिन कई वर्षों से इन मार्गों पर टाटा मैजिक, ई-रिक्शा, आटो, कारों टैक्सी का अवैध रूप से संचालन होता है। यह चालक बसों के आगे अपने वाहनों को खड़ा कर सवारियां भरते हैं। चालक-परिचालक जब विरोध करते हैं तो उनसे अभद्रता करते हैं। ई-रिक्शा और ऑटो का संचालन अब हाईवे पर भी हो रहा है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बसों को सवारियां न मिलने से मालिकों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। उधर डिस्ट्रिक्ट बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमीत सिंह राना ने भी परिवार आयुक्त को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपकर कहा है कि जिले के विभिन्न मार्गों पर कॉन्ट्रैक्ट कैरिज परमिट लेकर अवैध डग्गामार वाहन संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा अन्य प्रदेशों और जिलों से भी अवैध तरीके से बसों का संचालन हो रहा है। इस पर रोक लगाई जाए।


डीएम को ज्ञापन देने पहुंचे बस यूनियन के लोग। अमृत विचार

# सेपक टाकरा में कोबरा क्लब ने दर्ज की जीत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

### प्रतियोगिता

- लांस क्लब की टीम बनी उप विजेता
- तीन दिवसीय लीग में सात क्लबों ने लिया हिस्सा

**अमृत विचारः** तीन दिवसीय सेपक टाकरा लीग मैच का आयोजन कर विजेता और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। गोला देहात के जहांनपुर में छोटी काशी गोला सेपक टाकरा एसोसिएशन द्वारा कराई गई तीन दिवसीय लीग मैच में सात क्लबों ने हिस्सा लिया। फाइनल में कोबरा क्लब विजेता व लांस क्लब उप विजेता बना। कोबरा क्लब की टीम में रूपेश, अमन, रतीराम, संदीप, करण तथा शिवा ने भाग लिया। क्लब में मुख्य अतिथि गोला देहात के पूर्व प्रधान शकील अहमद समाजसेवी ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी दी।

मैच में जिला सचिव पूर्व आइटीबीपी तान सिंह, कोषाध्यक्ष खेम सिंह, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह रिंकू, जिला रेफरी अरविंद कुमार, राष्ट्रीय खिलाड़ी अभय सिंह, सदस्य धर्म सिंह मौजूद रहे।

# 15 जून तक पूरा भुगतान न हुआ तो होगा आंदोलन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** बजाज ग्रुप की चीनी मिलों के सर्वेक्षण में आये बस्ती चीनी मिल के यूनिट हेड ओमपाल सिंह से राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के पदाधिकारियों ने वार्ता की और किसानों का बकाया गन्ना भुगतान मांगा। साथ ही 15 जून तक पूरा भुगतान न मिलने पर सत्याग्रह की चेतावनी दी है।

संगठन के जिला अध्यक्ष सेवानिवृत्त फौजी मनोज कुमार वर्मा अपने पदाधिकारियों के साथ चीनी मिल गोला में बीमारी से पीड़ित किसानों का भुगतान मांगने गए थे। वहां बजाज समूह की ओर से चीनी मिलों के सर्वेक्षण में आये बजाज चीनी मिल बस्ती के यूनिट हेड ओमपाल सिंह, गोला के यूनिट हेड जितेंद्र सिंह जादौन, केन जीएम पीएस चतुर्वेदी मौजूद थे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा और जिलाध्यक्ष ने अधिकारियों से कहा कि किसान बीमारी से ग्रसित हैं। गन्ना भुगतान न मिलने से तमाम किसानों की मौत हो गई है, जबकि शैलेंद्र सिंह आदि बनाम बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड मुकदमे में उच्च न्यायालय ने शादी बीमारी वाले गन्ना किसानों का तत्काल संपूर्ण भुगतान करने का आदेश दिया था। उसके बावजूद भुगतान नहीं किया गया। किसान अपनी पत्नी और बहुओं के जेवर सोनारों को गिरवी रख रहे हैं। चीनी मिल गोला, खम्भारखेड़ा और पलिया कलां खरीदे गन्ने का एक महीने का ही भुगतान कर सकी है।डीएम ने शनिवार को चीनी मिलों के अध्याशियों को बुलाकर भुगतान करने के लिए हिदायत दी थी, किंतु बजाज ग्रुप की चीनी मिलों के अध्याशियों ने पेराई सत्र 2024-25 के शुरू करने के अक्टूबर माह तक भुगतान करने की बात कही है, जिससे राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन सहमत नहीं है। गन्ना विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से चीनी मिलें भुगतान नहीं कर रही हैं और न ब्याज ही दे रही हैं।

मंडल संगठन मंत्री संतोष सिंह भदौरिया ने चेतावनी दी है कि 15 जून तक चीनी मिलें पूरा बकाया भुगतान नहीं करतीं हैं तो सत्याग्रह किया जायेगा। इस दौरान अनिल कुमार वर्मा, शारदा प्रसाद गौतम आदि मौजूद रहे।


बजाज मिल के अधिकारियों से बात करते राकिशसं पदाधिकारी।

### फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी से कुर्मी समाज में उबाल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** फेसबुक पर संदीप शुक्ला नाम के एक युवक द्वारा कुर्मी जाति को लेकर की गई अशोभनीय टिप्पणी से कुर्मी समाज में रोष है। कुर्मी क्षत्रिय समाज कल्याण समिति ने पटेल संस्थान में बैठक कर कड़ी निंदा की और कोतवाल को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है।

पदाधिकारियों का आरोप है कि संदीप शुक्ला नामक युवक ने 14 मई को टिप्पणी करते हुए लिखा है कि 29 लोकसभा क्षेत्र धौरहरा में भाजपा का विरोध होने की मुख्य वजह नाकाम सांसद एवं कुर्मी जाति है। उसके बाद आरोपी ने उसी दिन कुर्मी जाति पर अभद्र टिप्पणी की। पदाधिकारियों ने तहरीर देकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है।

### सार-संक्षेप

**भाकिसं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा**


डीएम को ज्ञापन देने आये भारतीय किसान संगठन कार्यकर्ता।

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** किसानों की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग को लेकर भारतीय किसान संगठन का एक प्रतिनिधि जिलाध्यक्ष सद्दाम रहमानी की अगुवाई में डीएम कार्यालय पहुंचा और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि जिले के गन्ना किसानों का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। इससे किसान काफी परेशान है। उसके सामने घर का खर्च, बच्चों की पढ़ाई और शादी-विवाह का संकट खड़ा है। गेहूं खरीद के सेंटर सरकार ने खोले थे, लेकिन ज्यादातर सेंटरों पर कर्मचारी ही नहीं बैठे। इससे किसानों को अपना गेहूं बिचौलियों के हाथ कम दामों में बेचना पड़ा।

**कैडेटों को दी यातायात के नियमों की दी जानकारी**


एनसीसी कैडेटों को संबोधित करते टीएसआई हरमीत सिंह।

**पलिया कलां, अमृत विचार :** 26 वाहिनी एनसीसी लखीमपुर खीरी के बलदेव वैदिक इंटर कॉलेज के परिसर में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान शुक्रवार को टीएसआई हरमीत सिंह ने कैडेटोंको यातायात के नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान कैंप कमांडेंट कर्नल चित्र सेन, डिप्टी कैंप कमांडेंट राजेश सिंह चौहान, सूबेदार मेजर करन सिंह सहित प्रशिक्षण स्टाफ मौजूद रहे।

**दो भाइयों के घर से नकदी-जेवर समेत तीन लाख की चोरी**

**रजागंज, अमृत विचार :** थाना फरधान के गांव ओदरहना में गुरुवार की रात चोर एक घर में घुस गए और मकान मालिक और उसके भाई के घर से 1,58,000 हजार की नकदी और करीब तीन लाख के जेवर चोरी कर ले गए। कमलेश कुमार वर्मा और उनका भाई दीपक कुमार एक ही मकान में अलग-अलग कमरों में रहते हैं। गुरुवार की रात चोर पीछे की दीवार के सहारे मकान में घुस आए। चोर कमलेश के घर से चार जोड़ी पायल, एक सोने का माला, एक चेन, एक जोड़ी सोने का झाला, 10 जोड़ी बिछिया, पांच नाक के फूल, तीन बाली, एक जोड़ी झुमकी, 2 ग्राम सोने की तबिजिया और 9800 रूपये नगद चोरी कर ले गए। दीपक के घर से पांच जोड़ी पायल, दो अंगूठी सोने की, एक झाला, 2 माला, 2 टाप्स तथा 1,45000 रुपये की नगदी चोरी कर ले गए।

**समर कैंप में पहले दिन हुई पेंटिंग व ड्राइंग प्रतियोगिता**

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में वामा सारथी, पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित समर कैंप का उद्घाटन एसपी की पत्नी कोमल साहा ने किया। पहले दिन पर्यावरण विषय पर पेंटिंग व ड्राइंग प्रतियोगिता हुई। इसमें पुलिस परिवार के लगभग 100 बच्चों ने भाग लिया। अग्निशमन केन्द्र से एफएसएसओ प्रदीप कुमार, फायरमैन प्रमोद कुमार कन्नौजिया व दीक्षित कुमार की टीम ने बच्चों को आग से बचाव व बुझाने के तरीके बताए।

**जिले में पर्याप्त मात्रा में है उर्वरक**

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** उप निदेशक कृषि अरविंद मोहन मिश्र ने बताया कि जिले में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में है। मई में यूरिया 39040 मीट्रिक टन, डीएपी 6740 एमटी, एनपीके 9000 एमटी, एमओपी 300 एमटी एवं एसएसपी 11200 एमटी का लक्ष्य आवंटित है। इसके सापेक्ष यूरिया 56901 एमटी, डीएपी 7027 एमटी, एनपीके 6579 एमटी, एमओपी 807 एमटी एवं एसएसपी 16237 एमटी की उपलब्धता है। एमआरपी से अधिक मूल्य पर खाद बेचने वालों पर कठोर कार्रवाई होगी। किसान इस नंबर पर 7289036484 शिकायत कर सकते हैं।

आक्रोश

एक-दूसरे पर कार्रवाई के लिए शुरू हो गया ज्ञापन देने का सिलसिला, चार मई को तहसील परिसर में हुई थी घटना

# सीएचसी अधीक्षक से मारपीट मामले में डॉक्टरों-वकीलों में खिंची तलवार

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** सीएचसी अधीक्षक के साथ गोला तहसील में हुई मारपीट का मामला तूल पकड़ने लगा है। एक तरफ अधिवक्ता अधीक्षक पर कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी देकर ज्ञापन दे रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर शुक्रवार को प्रांतीय चिकित्सा संघ ने डीएम, एसपी एवं सीएमओ को ज्ञापन देकर मारपीट करने वाले अधिवक्ता आदि पर कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी को लेकर शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा है। ऐसे में वकीलों और डॉक्टरों में तलवारें खिंचने लगी हैं।

प्रांतीय चिकित्सा संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. अमितेश दत्त द्विवेदी ने शुक्रवार को डीएम से लेकर एसपी और सीएमओ को ज्ञापन देकर बताया कि चार मई को सीएचसी अधीक्षक गोला डॉ. गणेश कुमार बीसीपीएम योगेश कुमार के साथ शहरी टीकाकरण आदि के मामले में एसडीएम गोला से वार्ता करने के लिए तहसील पहुंचे थे, लेकिन तहसील परिसर में अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने इन दोनो को रोककर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। इसको नजर अंदाज कर अधीक्षक और बीसीपीएम अपनी गाड़ी की ओर जाने लगे। इस पर मनोज श्रीवास्तव आदि ने वकीलों का विरोधी बताकर अन्य अधिवक्ताओं को उकसाया। इस पर लोगों को इकठ्ठा होता देखकर डॉ. गणेश व बीसीपीएम योगेश एसडीएम के लिपिक कक्ष में होकर चैंबर में छिपने के लिए भागे। मगर, मनोज श्रीवास्तव आदि ने अधीक्षक व बीसीपीएम को चैंबर से खींचकर मारा पीटा। पुलिस के आने से दोनो की जान बची। इसूचना अधिकारियों को डॉ. गणेश दे चुके हैं। वहीं अब अधिवक्ता संघ मनोज श्रीवास्तव की फर्जी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की नाजायज मांग कर डॉ. गणेश की प्रथम सूचना रिपोर्ट को स्पंज कराने की मांग कर रहा है। इस घटना को लेकर डॉक्टरों में नाराजगी व्याप्त है। जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन देकर चेतावनी दी है कि यदि सघन जांच कराए बिना अधीक्षक व बीसीपीएम के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया या फिर अधीक्षक को सीएचसी गोला के पद से हटाया गया तो संगठन हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर होगा, जिसकी जिम्मेदारी सीएमओ से लेकर जिला प्रशासन की होगी। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी और कई अधीक्षक मौजूद रहे।


सीएमओ को आंदोलन की चेतावनी का ज्ञापन देते डॉक्टर। अमृत विचार

### आईआईटी गांधीनगर में होगी विज्ञान-गणित की कार्यशाला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** राजकीय विद्यालयों में गणित और विज्ञान विषय में छात्रों के प्रति लगाव पैदा करने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए गुजरात के गांधीनगर की आईआईटी में कार्यशाला होगी। प्रथम चरण की कार्यशाला पांच से नौ जून तक तथा दूसरे चरण की 24 से 28 जून तक होगी। इसमें विज्ञान एवं गणित विषय के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रदेश से विज्ञान एवं गणित विषय के 100-100 सहायक अध्यापक (टीजीटी) सहित भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान व गणित विषय के प्रवक्ता (पीजीटी) चयनित किए जाएंगे। शिक्षकों के चयन की जिम्मेदारी डीआईओएस को सौंपी गई है। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार जायसवाल ने बताया कि सभी डीआईओएस को उत्कृष्ट विषय वाले शिक्षकों की सूची उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित कर दिया गया है।

## एक नजर

### गोवंश हत्या में तीन आरोपियों का भेजा चालान

**बिलहरी, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव कपरहा के मजरा देवरिया में बीती 17 मई की सुबह खेत मे गोवंशीय पशु की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है।

### ईदगाह मोहल्ले में हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** मोहल्ला ईदगाह में बुधवार की रात हुई लाखों की चोरी की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है, जबकि उसी रात श्याम कन्हैया कालोनी में हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। मोहल्ला ईदगाह निवासी जुबेर खां ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह 22 मई को घर में ताला बंद कर परिवार के साथ मोहम्मदी रिश्तेदारी में गए हुए थे। तभी चोरों ने घर में घुसकर एक लाख अस्सी हजार रुपये नकद, सोने चांदी के सात लाख से अधिक के जेवर चोरी कर लिए थे।

### माहौल बिगाड़ने की कोशिश

**सिंगाही, अमृत विचार :** महारानी सूरथ कुमारी रोड स्थित श्री रामलीला मेला कमेटी के धर्मशाला के निकट धार्मिक चित्र से किसी ने छेड़छाड़ कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। लेकिन नगर में अमन चैन पसंद लोगों के रहने के कारण उसके मंसूबे सफल नहीं हो सके। श्री रामलीला कमेटी ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

### मनायी गयी बुद्ध जयंती

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ,

**अमृत विचार :** कुशवाहा मौर्य शाक्य सैनी मानव कल्याण संस्थान के संरक्षक रामकुमार मौर्य के निवास में गौतम बुद्ध की जयंती मनायी गयी। समारोह में उपाध्यक्ष जनार्दन मौर्य, सुनील कुमार मौर्य, प्रदेश ऑडिटर राजेंद्र सिंह कुशवाहा, अनुराग, जसकरनलाल मौर्य, रामलाल मौर्य, जीत नारायण आदि थे।

# पीटने के बाद गला घोंटकर की महिला की हत्या, पति और ससुर हिरासत में

## पांच दिन पूर्व ही आयी थी ससुराल, दूसरी महिला से संबंध होने का करती थी विरोध

**रिश्ते का खून**

- शव के गले व चेहरे पर मिले चोट के निशान

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार :** थाना पढ़ुआ क्षेत्र के गांव बैरिया में गुरुवार की रात पति ने अपनी पत्नी की पिटाई की और गला घोंटकर हत्या कर दी। बताते हैं कि आरोपी पति के दूसरी महिला से संबंध थे, जिसका उसकी पत्नी विरोध करती थी।


पम्मी फाइल फोटो

इसी बात को लेकर आक्सर विवाद होता था। पुलिस ने आरोपी पति-ससुर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वह पांच दिन पहले ही मायके से ससुराल आई थी।

गांव बैरिया निवासी जगजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री हरप्रीत कौर उर्फ पम्मी का विवाह करीब 6 साल पहले गांव के ही धर्मेंद्र सिंह के साथ सिख रीति रिवाज के अनुसार किया था। गुरुवार की देर रात करीब दो बजे दामाद धर्मेंद्र ने उन्हें जानकारी दी कि हरप्रीत की तबियत बिगड़ गई है। वह पूरे परिवार सहित जब मौके पर पहुंचे तो देखा उसकी पुत्री मृत पडी थी। गले पर खरोंच के निशान व चेहरे पर चोट लगी हुई थी। उनका कहना है कि बेटी ने बचाव के लिए हाथ पैर भी चलाया होगा। इसलिए चोट के निशान साफ दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब एक माह पहले धर्मेंद्र ने जहर देने की कोशिश की थी। बेटी ने घर वालों को इस बात की सूचना भी दी तो पढ़ुआ थाने जाकर तहरीर दी। पुलिस वालों व गांव के संभ्रांत व्यक्तियों ने सुलह करा दी थी। धर्मेंद्र को आगे से ऐसी हरकतें न करने के लिए समझाया था। इसके बाद पांच दिन पहले ही उन्होंने के दोबारा बेटी को ससुराल भेजा था। उनका कहना है कि धर्मेंद्र सिंह का पढ़ुआ थाना क्षेत्र के ही एक गांव की विशेष समुदाय की युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा, जिसे वह दो बार अपने घर भी ला चुका था। वह उसी लड़की से दूसरी शादी करके अपने घर लाना चाहता था। पम्मी इस बात का विरोध करती थी। अभी 5 दिन पहले ही बेटी को दोबारा ससुराल भेजा था अचानक से उसके मौत की खबर सुनकर पूरा परिवार अवाक रह गया।

> आरोपी पति व ससुर को हिरासत में लिया गया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **–हरिकेश राय,** प्रभारी निरीक्षक थाना पढ़ुआ

### मनोरमा दहेज हत्याकांड: पति, सास और ससुर गिरफ्तार

**पसगवां, अमृत विचार :** पीलीभीत जिले के थाना सेहरामऊ उत्तरी के ग्राम पिपरा मुजप्ता निवासी हरीराम ने अपनी पुत्री मनोरमा का विवाह तीन वर्ष पहले पसगवां थाना क्षेत्र के ग्राम नकटी निवासी धनीराम के पुत्र विपिन कुमार के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ किया था। शादी में मिले दान दहेज से मृतका के ससुराल वाले संतुष्ट नहीं हुए और दहेज में बाइक और एक लाख रुपए नकद की मांग कर विवाहिता को प्रताड़ित करने लगे। इस बीच पुत्री नित्या का जन्म भी हुआ, लेकिन मनोरमा का उत्पीड़न कम नहीं हुआ। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर चार मई की रात को पति, सास, ससुर और देवर शिवपूजन ने मारपीट कर हत्या कर दी। मृतका के पिता हरीराम की तहरीर पर पुलिस ने मृतका के पति, सास, ससुर और देवर के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर पति विपिन कुमार, सास धनवती व ससुर धनीराम को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### फर्जीवाड़ा: शादी के दिन भी मजदूरी करने गया दूल्हा, पोल खुली तो मचा हंगामा

**निघासन, अमृत विचार :** मनरेगा योजना में मनगढ़ंत हाजिरी लगाकर मस्टर रोल तैयार कर फर्जी ढंग से सरकारी रुपये का बंदरबांट किया जा रहा है। ऐसा ही मामला निघासन की ग्राम पंचायत धर्मापुर का सामने आया है। शादी की तैयारी कर रहे दूल्हा की सात दिन की हाजिरी लगाकर पंचायत मित्र समेत जिम्मेदारों ने मजदूरी निकलवा ली। इतना ही नहीं जिस दिन उसकी बारात गई। उस दिन भी उसकी हाजिरी लगाई गई। ग्रामीणों को जब इस बात की भनक लगी तो उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। ग्राम प्रधान ने कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया है। विकासखंड निघासन की ग्राम पंचायत धर्मापुर में अनुज कुमार मौर्य नाम के मजदूर की करीब 7 दिहाड़ी चढ़ाकर मास्टर रोल भी तैयार कर दिया गया। जबकि मजदूर का तिलक 25 अप्रैल 2024 को हुआ। उसके बाद 26 तारीख को बारात रवाना हुई। इधर पंचायत मित्र ने 20 अप्रैल से 27 अप्रैल तक मजदूर की शादी के बीच के दिनों में मनरेगा में हाजिरी चढ़वाकर सरकारी मजदूरी निकलवा ली। इसके अलावा गांव के ही कौशल किशोर के बेटे की शादी थी। उनकी भी हाजिरी भर दी गई। करीब 12 से अधिक मजदूरों के खाते में आई मनरेगा धनराशि का फर्जीवाड़ा कर गबन किया गया है। बिना मजदूरी किए खाते में रुपये आने की भनक जब ग्रामीणों को लगी तो पूरे गांव में बखेड़ा खड़ा हो गया। खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। अगर इस तरह से कार्य किया जा रहा है तो गलत है। इस बारे में जानकारी लेकर फर्जीवाड़े की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### बिजली विभाग की टीम के साथ मारपीट

**पसगवां, अमृत विचार।** जंगबहादरगंज में बकाया वसूली को गयी विद्युत विभाग की टीम से उपभोक्ता के पुत्रों ने मारपीट की। जंगबहादरगंज में उपभोक्ता स्व. रजनीकांत पर 41,897 रुपए बिल बकाया है। अवर अभियंता शिवकुमार की अगुआई में विभाग की टीम रजनीकांत के घर पहुंची और बकाया जमा करने को कहा। इसी बात को लेकर स्व. रजनीकांत के पुत्रों गोपाल मिश्रा और सूरज मिश्रा ने टीम के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। टीम में अनूप कुमार मिश्रा, राम सिंह, शिवेंद्र यादव, मोहम्मद आदिल, अनुराग अवस्थी आदि शामिल थे। अवर अभियंता शिवकुमार ने थाना पसगवां पुलिस को आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा डालने आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाज ने ठगे 2.75 लाख

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** जेलांडो कंपनी में नौकरी के बहाने साइबर जालसाज ने एक युवक को झांसा देकर 2,75,270 रुपये ठग लिए। पीड़ित ने साइबर थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना भीरा के बहादुरनगर निवासी अनूप कुमार ने बताया कि बीती 12 मई को उसके व्हाट्सएप व टेलीग्राम पर जेलांडों कंपनी में काम करने का मैसेज आया। उसने जेलांडो ज्वाइन कर लिया। टेलीग्राम वाले के कहने पर उसने आईडी बनाई। आईडी पर 619 रुपये उसे मिले। फिर जालसाज ने झांसा देकर अपने अकाउंट में 10 हजार रुपये डलवा लिए। जालसाज ने अलग-अलग दिनों में कुल 2,75,270 रुपये की धनराशि अपने खाते में ट्रांसफर करवा ली। पीड़ित ने आरोपी जालसाज के खिलाफ साइबर थाना पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पढ़ुआ में जमीन बेचने के बहाने हड़पे 3.75 लाख

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना पढ़ुआ के बैरिया निवासी कमल किशोर पांडेय ने वबियारी निवासी बृजेश कुमार से दस बीघा जमीन खरीदने की बात की थी। बतौर पेशगी सहकारी बैंक शाखा ढखेरवा की चेक से दिनाक 28 जनवरी 2020 को 95000, 20 अप्रैल 2020 को 200000, 21 अप्रैल को 50,000 और 30,000 कुल 375000 रुपये दिया था। आरोपी बृजेश बैनामा करने के लिए टरकाने लगा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## संस्कृति शाखा के अध्यक्ष बने आर्येंद्र

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद संस्कृति शाखा की जिला इकाई का द्वितीय अधिष्ठापन समारोह गुरुवार को एक रेस्टोरेंट में हुआ। मुख्य अतिथि नैमिष प्रांत के अध्यक्ष रमेश चंद्र वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह रहे। इस मौके पर आर्येंद्र पाल सिंह को पुनः संस्कृति शाखा का अध्यक्ष चुना गया। अधिष्ठापन अधिकारी क्षेत्रीय सचिव (संपर्क) मानवेंद्र सिंह ने पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करवाई। सचिव रूपाली शुक्ला ने गत वर्ष की गतिविधियां बताईं। निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर आयोजित करने के लिए स्वास्थ्य चेतना सम्मान से डॉ. वीबी धुरिया एवं डॉ. शीलू कश्यप, संस्कृति दर्पण से अनिल श्रीवास्तव, निःशुल्क ह्रदय रोग परामर्श के लिए जन सारथी सम्मान से डॉ. सुदीप वर्मा एवं विद्यालय में शाखा गतिविधियों को बढ़ावा को संजय गुप्ता और पूर्णिमा, मतदान सेल्फी प्रतियोगिता के विजेता कुलदीप एवं उपविजेता मोनी को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान शाखाध्यक्ष आर्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि बीते सत्र में परिषद के प्रकल्पों पर पूरे प्रयास किये गए। डॉ. रमा रमण मिश्रा, डॉ. सौरभ, रंजना गुप्ता, राजशेखर, परम वर्मा, आलोक शुक्ला, शिशिर अवस्थी, अनुज शुक्ला, श्यामजी शेखर, राधा मिश्रा, डॉ. माया देवी, सुनीता शुक्ला, निधि गोयल, अरविंद मिश्रा मौजूद रहे।



द्वितीय अधिष्ठापन समारोह के दौरान मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### चित्रकला प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी पुरस्कृत

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** इण्डियन अमेक्राइन फाउंडेशन संस्था द्वारा ब्राइटलैण्ड एकेडमी में कराई गई चित्रकला प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया है। ब्राइटलैंड में अमेक्राइन फाउंडेशन द्वारा कराई गई चित्रकला प्रतियोगिता में विभिभन्न विद्यालयों के 100 बच्चचों ने प्रतिभाग किया। फाउंडेशन सचिव /संस्थापक शिवा गुप्ता ने बताया कि चार वर्गों में कराई गई प्रतियोगिता में किड्स में उपस्थि डे को प्रथम, अहाना को द्वितीय, इंद्रजीत को तृतीय स्थान मिला। जूनियर वर्ग में सांची प्रथम, युवसिरा द्वितीय और अर्पित वर्मा को तृतीय स्थान दिया गया। सीनियर वर्ग में पार्थ को प्रथम, अक्क्षा को द्वितीय और प्रणव को तृतीय स्थान दिया गया। विशेष सीनियर में छवि प्रथम, तनु द्वितीय, कुणाल तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में अंकुर वर्मा, मोहम्मद दानिस, मयूरी चौहान, कलश गुप्ता, ज्योति राठौर, आसमा आदि रहे। फाउंडेशन अध्यक्ष शहबाज अली का कहना है कि बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए फाउंडेशन ऐसे कार्यक्रम कराता है। मुख्य अतिथि संनसाइन हास्पिटल के संचालक डॉ कौशल वर्मा ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। राखी पटेल, प्रांजल गुप्ता, बलीउल्लाह, आदेश, मृदुल, आर्यन, राज, मनीष, रितिक, सम्राट आदि मौजूद रहे।

### अर्पित वर्मा का विद्यालय में हुआ सम्मान

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** ब्राइटलैंड एकेडमी में इंडियन अमेक्राइन फाउंडेशन द्वारा कराई गई चित्रकला प्रतियोगिता में श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी के छात्र अर्पित वर्मा को तृतीय स्थान मिलने पर विद्यालय में पुन: सम्मानित किया गया। लक्ष्मणजती स्थित श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी में अर्पित वर्मा की इस उपलब्धि पर उसे ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक विधायक अमन गिरि, निदेशक मोहित पुरी और प्रधानाचार्य मुदित शाह ने उसे सम्मानित किया।

### मुद्रा लोन का झांसा देकर पांच लाख की ठगी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना व कस्बा शारदा नगर निवासी वशीक खां ने बताया कि उनके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉलर ने कहा कि उनका नाम प्रधानमंत्री मुद्रा लोन की लिस्ट में शामिल है। जालसाज ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया और पहले दो हजार रुपये गूगल पे पर डलवा लिए। इसके बाद ठग ने फिर से 4160 रुपये डालने पर ही मुद्रा लोन आने की बात कही। ठग ने इस तरह से लोन दिलाने के नाम पर उससे 5 लाख 20 हजार रुपये ठग लिए।

### शिव-पार्वती के विवाह का प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**बिलहरी, अमृत विचार :** गोला छोटी काशी क्षेत्र के गांव बिलहरी में जेठ प्रतिपदा, गंगा अवतरण होने से पंडित अमित शास्त्री ने सात दिवसीय संगीतमयी रामचरित मानस की चौपाइयों पर शिव पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया है। बिलहरी स्थित राम जानकी हनुमान मंदिर पर हो रही श्रीरामचरित मानस कथा में कथा ब्यास ने भक्तो को बताया कि जब शंकरजी का विवाह मां पार्वती से तय हो गया तो, वे मां पार्वती जी के दरवाजे पर भूत, पिशाचो को लेकर पहुंचे। ताशे, ढोलक पर संगत दे रहे मुन्ना श्रीवास्तव, अर्गन पर सुरेश यादव के साथ मन्दिर के मुख्य पुजारी बाबा रामदास आदि थे।

### घुंसी में शिकारियों ने किया जंगली सुअर का शिकार

**बिलहरी/केशवापुर, अमृत विचार :** मोहम्मदी वनरेंज की बिलहरी बीट के ग्राम घुंसी में शिकारियों ने जंगली सुअर का शिकार कर मौत के घाट उतार दिया। मोहम्मदी वनरेंज की बिलहरी बीट के अंतर्गत घुंसी गांव में लगभग छह दिन पूर्व शिकारियों ने जंगली सूअर को मार दिया था। इसकी खबर गांव के एक व्यक्ति को हुई। कोई कार्रवाई न होने पर मीडिया के द्वारा पूछे जाने पर छह दिन बाद जानकारी दी गई। फारेस्ट गार्ड मायाप्रकाश वर्मा ने बताया कि चार नामजद, कुछ अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## नर्सों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** पीएचसी पर भी सुरक्षित प्रसव कराने की कवायद शुरू हो गई है। नव नियुक्त स्टाफ नर्सों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

जिले में एमएचसीपी कार्यक्रम यानी मातृ स्वास्थ्य समुदाय स्तर कार्यक्रम के तहत स्टाफ नर्सों की 21 पीएचसी पर तैनाती की गई है। इन सभी को सुरक्षित प्रसव कराने के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे पीएचसी पर आने वाली जटिल प्रसव वाली गर्भवतियों का आसानी से प्रसव कराकर जच्चा बच्चा को सुरक्षित रखा जा सके। इसके लिए 21 स्टाफ नर्स चयनित हैं, जिनको जिला महिला अस्पताल में पांच-पांच के बैच में 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. ज्योति मल्होत्रा ने प्रसव कक्ष में इनको प्रशिक्षक करना शुरू कर दिया है। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य समुदाय स्तर पर घरेलू प्रसवों को संस्थागत प्रसव में परिवर्तित कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करना है। ग्रामीण क्षेत्र में नवजात शिशु से लेकर गर्भवती, धात्री आदि की देखभाल व टीकाकरण, जांच, संस्थागत प्रसव, शिशु मृत्यु दर कम करने में स्टाफ नर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। इससे जिले के ग्रामीण क्षेत्र की महिला संबंधी स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी। सीएमएस ने बताया कि प्रशिक्षण में मातृ एवं शिशु का स्वास्थ्य, प्रसव के समय होने वाली कठिनाइयों व आकस्मिक दुर्घटनाओं से बचाव के तरीके एवं इलाज के बारे में बताया जा रहा है।


महिला अस्पताल में प्रशिक्षण के दौरान सीएमएस के साथ मौजूद स्टाफ नर्स।

## बहू व उसके परिजनों पर लगाया नकदी जेवर ले जाने का आरोप

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** पूर्वी लखपेड़ा निवासी मोहन सिंह ने अपनी पुत्रवधू और उसके मायके वालों पर जेवर, नकदी व अन्य कीमती सामान उठा ले जाने का आरोप लगाया है। पर मोहम्मदी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा निवासी मोहन सिंह ने बताया कि उनका पुत्र मनिंदर पाल सिंह करीब सात साल पहले से कनाडा में रह रहा है और उसे नागरिकता भी मिल गई है। इसकी जानकरी शाहजहांपुर के थाना खुटार के हांव नवदिया प्रेमराज निवासी रविंदर कौर को हुई तो उसने साजिश रची। पिता बख्शीश सिंह के जरिए उसके पुत्र से शादी का प्रस्ताव भेजा। बख्शीश सिंह अपने बड़े बेटे जगतार सिंह के साथ कई बार उसके घर आए। 18 दिसंबर 2022 को शादी हुई। पुत्र मनिंदर कनाडा चला गया। जब वापस आया तब शादी की पार्टी की। इधर रविंदर कौर ने कनाडा जाने की जिद की। 02 मार्च को रविन्दर के पिता बख्शीश सिंह, मां सलविंदर कौर व भाई जगतार ने रविन्दर को अपने घर ले जाने की इच्छा जताई। उन्होंने विदा कर दिया। कुछ दिन बाद पुत्र मनिंदर पाल पत्नी को विदा कराने के लिए गया तो वहां उसके ससुर व भाई ने गाली-गलौज की। पुत्र लौट आया और घर की अलमारियां खोलकर देखी तो 6 तोला सोने के जेवर, एक अंगूठी हीरे की व पांच लाख रुपये गायब थे।

### बाइक की टक्कर से नेपाली नागरिक समेत तीन घायल

**पलिया कलां, अमृत विचार :** गौरीफंटा–बनगवां मार्ग पर बाइक ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में नेपाली नागरिक व बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां से नेपाली नागरिक की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नेपाल सीमावर्ती भारतीय मंडी बनगवां में सुबह बड़ी संख्या में नेपाली गांवों व कस्बों के लोग रोजमर्रा की जरूरत का सामान खरीदने आते–जाते हैं। नेपाल के मिलन बाजार में चाय आदि की दुकान चलाने वाले खेमचंद साइकिल से कुछ सामान खरीदकर लौट रहे थे। बनगवां से पलिया के मोहल्ला किसान दो निवासी गोपाल वर्मा पुत्र पप्पू वर्मा व शाहजहांपुर निवासी सौरभ बाइक से आ रहे थे। गौरीफंटा–पलिया मार्ग पर बनगवां के निकट बाइक साइकिल से टकरा गई।

### स्वस्थ जीवन के लिये योग रामबाण

**पलिया कलां, अमृत विचार :** जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर के चौथे दिन शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्राओं को योग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रधानाचार्य कृष्ण अवतार भाटी ने कहा कि स्वस्थ व प्रशन्न जीवन के लिये योग रामबाण है। आसन जहां शरीर के बाह्य अंगों को सशक्त बनाते हैं, वहीं प्राणायाम शरीर के आंतरिक अंगों को नया जीवन प्रदान करते हैं।

दिन की शुरुआत सुबह 2 या 3 गिलास गुनगुने पानी को पीकर करनी चाहिए, जिससे कब्ज व अपच जैसी पेट की अन्य बीमारियों से बचा जा सकता है। कभी भी खाना खाते समय पानी नहीं पीना चाहिए। ऐसा करने से सदैव पेट की समस्या बनी रहेगी। भोजन के एक घंटे बाद ही पानी पीना चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चन्द्रप्रभा सिंह, अर्चना शुक्ला, रचना मिश्रा, नीलम कश्यप, अखिलेश वर्मा, अतुल सिंह, निहाल व अवधेश वाजपेयी आदि मौजूद रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राम चन्द्र पुत्र स्व0 देवी दीन, नि0–A–7 आवास विकास कालोनी, इन्दिरा नगर, रायबरेली** का निवासी हूँ। मेरे मकान की रजिस्ट्री सं0–2273 +2274, दिनांक–02/07/2001, खालिद लतीफ फारूकी। वास्तव में कही खो गयी है।

**सूचना**

मै गिन्नो देवी पत्नी सन्तोष श्रीवास्तव म0नं 406 मो0 पचघरा फतेहपुर जिला बाराबंकी उत्तर प्रदेश –225305, की निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम गिन्नो देवी दर्ज है। त्रुटिवश पासपोर्ट में मेरा नाम गिन्नो देवी श्रीवास्तव दर्ज हो गया था। मैं सशपथ घोषणा करती हूं कि उपरोक्त दोनों नाम मेरे है। पासपोर्ट में मेरा नाम गिन्नो देवी अंकित कर दिया जाए। **प्रार्थिनी– गिन्नो देवी**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाई स्कूल का संस्थागत अंक प्रमाण पत्र सह प्रमाण पत्र वर्ष 2021 रोल नंबर 212575630 वास्तव में खो गया है। आदर्श राम जानकी हायर सेकेण्डरी स्कूल यादवपुर में पढ़ाई की थी। – **सलोनी पुत्री कमलेश कुमार यादव, निवासी– ग्राम–सुसरौली, पोस्ट डीहा, बहराइच।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी बीमा पालिसी संख्या 264652418 में मेरा नाम बब्लू तथा अन्य दस्तावेज में अनिल कुमार है तथा मुझे उक्त दोनों ही नामों से जाना व पुकारा जाता है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी मेरे ही हैं। – **बब्लू उर्फ अनिल कुमार पुत्र रघुनाथ प्रसाद निवासी – ग्राम भवानीगढ़, पो0– कैथोली, जिला मैनपुरी।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सद्दाम को उसके आचरण से दुखी होकर उसे अपनी समस्त चल चल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कार्य से मेरा और मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं है। **–कुर्बान अली पुत्र रहमतुल्लाह, जाफरा बाजार, थाना तिवारीपुर, जिला गोरखपुर।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बेटे सोनू पुत्र स्व0 राजपाल ने वर्ष 2021 में संस्थागत छात्र के रूप में श्री दुर्गा बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज खीरों, जनपद रायबरेली से हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। जिसका अनुक्रमांक 211186204 है। उसका अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। – **रमाकांती पत्नी स्व0 राजपाल, निवासी–ग्राम–गनेशीखेड़ा मजरे पाहो, थाना– खीरों, जनपद– रायबरेली**

## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्ते निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 10.06.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)


**विश्व थायराइड दिवस आज** | जिला अस्पताल में शुरू हो गई जांच, तीन दिन में 25 की जांच में पांच लोग मिले ग्रसित

# लगातार घटता–बढ़ता वजन, हो सकता है थायराइड

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में आने वाले तमाम मरीज थायराइड की समस्या से जूझ रहे हैं। मगर, जांच के इंतजाम न होने की वजह से मरीज प्राइवेट लैब में जांच कराकर इलाज कराते थे, लेकिन बुधवार से जिला अस्पताल में जांच की सुविधा शुरू हो गयी है। गत तीन दिनों में 25 मरीजों की जांच हुई है। इनमें पांच थायराइड से ग्रसित मिले। सीएमएस डॉ. आरके कोली ने बताया कि यदि शरीर हमेशा थका थका सा लगता है, कम भोजन करने के बाद भी वजन बढ़ रहा है या फिर अधिक खाने के बाद वजन कम हो रहा है और कम उम्र में बुढ़ापे जैसे भाव चेहरे पर दिख रहे हैं। तो यह साइलेंट किलर थायराइड के लक्षण हो सकते हैं।


जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में जांच के लिए सैंपल लगाते एलटी अमन।

| दिन | जांच | मरीज |
|---|---|---|
| बुधवार | चार | 00 |
| बृहस्पतिवार | नौ | दो |
| शुक्रवार | 12 | तीन |

### पांचों की जांच में टीएसएच बढ़ा आया

थायराइड– थायराइड तितली के आकार का एक ग्लैंड होता है। जो सांस की नली के ऊपर होता है। यह ग्लैंड थ्योरी कसिन नाम का हार्मोन बनाती है। जो शरीर के मेटाबॉलिज्म को बढ़ाकर शरीर में सेल्स को नियंत्रित रखता है।

### दो प्रकार का होता है थायराइड

यह दो प्रकार का होता है। इसकी कमी से हाइपोथायरायडिज्म यानि अचानक वजन का बढ़ना होता है। और थायराइड हार्मोन के बढ़ने से हाइपरथायरायडिज्म होता है। खाने में उचित आयोडीन स्तर बनाए रखने और कच्ची गोइट्रोजेनिक सब्जियों का सीमित सेवन कर थायराइड रोगों से बचा जा सकता है।

### लक्षण

1. **हाइपोथायरायडिज्म–** वजन का कम होना, घबराहट व थकान लगना, सांस फूलना, नींद कम आना, अधिक प्यास का लगना।
2. **हाइपरथायरायडिज्म–** वजन बढ़ने लगना, थकान के साथ अवसाद, मानसिक तनाव, बालों का झड़ना, त्वचा का रूखा और पतला होना।

### संतुलित खानपान दिलाएगा निजात

जिरियाट्रिक फिजीशियन डॉ. शिखर बाजपेई बताते हैं कि थायराइड के मरीजों को ग्लूटन का सेवन कम करना चाहिए। इसके अलावा यह थायराइड की दवा का असर भी कम कर देती है। चावल, पास्ता ब्रेड का सेवन कम करें या फिर न करें। साथ ही फैटी फूड्स का सेवन भी करें। अधिक फैटी फूड्स थायराइड हार्मोन के उत्पादन को कम कर देता है। इसलिए खान पान में मक्खन मेयोनीज, मीट एवं वसायुक्त खाद्य पदार्थ से लेकर फाइबर वाली सामग्री का सेवन न के बराबर करें करें।

# जंपर जोड़ने में लगे 15 घंटे, बिलबिलाए लोग

## समस्याः कंचन नगर मोहल्ले में फीडर एक में एचटी लाइन का गुरुवार देर रात उड़ गया था जंपर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के कंचन नगर मोहल्ले में फीडर एक में एचटी लाइन का जंपर गुरुवार देर रात उड़ गया। जिसकी जानकारी विभाग को दी गई। बिजली कर्मियों ने मामूली से जंपर को जोड़ने के लिये पंद्रह घंटे लगा दिये। जिससे भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं ऋषि नगर मोहल्ले में रखा ट्रांसफार्मर फुंकने से दस घंटे तक सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। जिससे वहां भी लोग गर्मी में उबल गये।

मगरवारा गोकुल बाबा सबस्टेशन से संचालित हो रहे फीडर एक की रात करीब साढ़े नौ बजे जंपर उड़ गया। बिजली न आने पर लोगों ने विभाग को अवगत कराया। जहां कर्मियों ने पेट्रोलिंग शुरू की। कंचन नगर मोहल्ले में एचटी लाइन का जंपर उड़ा मिला। इस दौरान 630 केवीए ट्रांसफार्मर की सप्लाई बंद कर दी गई।

जिसके बाद बिजली कर्मियों ने जंपर नहीं जोड़ा। जिससे पूरी रात बिना बिजली के लोग रहे। बिजली न आने पर अधिकांश लोगों की नींद तक नहीं पूरी हो सकी। वहीं शुक्रवार को भी पूरा दिन हो गया लेकिन किसी ने जंपर नहीं जोड़ा। जिसके बाद क्षेत्रीय लोगों ने जेई से लेकर विभाग के अधिकारियों को फोन किया। जिसके बाद दोपहर ढाई बजे जंपर जोड़ा गया।

बिजली आने के बाद क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं ऋषि नगर में ओवरलोड के कारण शुक्रवार सुबह साढ़े छह बजे 400 केवीए ट्रांसफार्मर खराब हो गया। जिससे दोपहर के समय बिजली न आने पर उपभोक्ता परेशान हो गये। शाम करीब साढ़े पांच बजे के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी। जिस पर लोगों ने राहत की सांस ली।


ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

### केबल डालने को लेकर छह घंटे तक बंद रही बिजली, लोग परेशान

**शुक्लागंज उन्नाव।** ऋषि नगर मोहल्ले में शुक्रवार को कार्यदायी संस्था ने नई एबीसी लाइन डालने के लिये दो ट्रांसफार्मरों की बिजली बंद कर दी और काम कराया। इस दौरान क्षेत्र की छह घंटे तक बिजली बंद रही। कार्य को लेकर विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण कर मातहतों को दिशा निर्देश दिये। नगर में इन दिनों पुराने एबीसी लाइन को हटाकर नई केबिल डालने का काम किया जा रहा है। उसी को लेकर शुक्रवार को कार्यदायी संस्था ऋषि नगर पहुंची। जहां कर्मचारियों ने सुबह करीब 11 बजे ऋषि नगर मंद 100 केवीए और 250 केवीए ट्रांसफार्मर की आपूर्ति बंद की। जिसके बाद पुराने तारों को खंभों से उतारा और नई एबीसी केबिल डालने का काम किया। कार्य के दौरान जेई विष्णु शुक्ला, अक्षय तिवारी निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान मौजूद कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। कार्य होने के कारण क्षेत्र की छह घंटे तक बिजली बंद रही। शाम करीब पांच बजे कार्य पूरा होने के बाद आपूर्ति चालू हो सकी। जिस पर क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली।


पालिका कर्मियों को सुरक्षा किट देते ईओ। अमृत विचार

## ईओ ने कर्मचारियों को वितरित की सुरक्षा किट

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद गंगाघाट में कार्यरत कर्मचारी अभी तक बिना सुरक्षा किट के काम करते चले आ रहे हैं। जिस कारण कई कर्मचारी हादसों का शिकार भी हो चुके हैं। जिसे देखते हुये शुक्रवार को ईओ ने कर्मचारियों को सुरक्षा किट बांटी और किट का प्रयोग करने के निर्देश भी दिये।

नगर पालिका क्षेत्र के 28 वार्डों में काम करने वाले पालिका के बिजली विभाग के कर्मचारी अभी तक बिना सुरक्षा किट के काम कर रहे थे, जिस कारण कई बार उन्हें करंट लगने के साथ ही कई कर्मचारियों की जानें तक जा चुकी हैं। जिसे देखते हुये पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने सभी कर्मचारियों को सुरक्षा किट दिलाने की बात कही थी। जिस पर शुक्रवार को ईओ ने नौ पालिका कर्मियों को हेलमेट, दस्तानों के साथ ही सुरक्षा किट मुहैया कराई। उन्होंने कर्मचारियों को बिना किट के कार्य न करने की हिदायत दी है।

## आग से झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के देवारा कलां निवासी एक विवाहिता ने पति से झगड़ने के बाद खुद को आग लगा ली थी। जहां परिजनों ने उसे इलाज के लिये लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां शुक्रवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

देवारा कलां निवासी विजय राठौर की पत्नी काजल (22) का बुधवार को पति से मामूली बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद वह कमरे में पहुंची और खुद को आग लगा ली थी। परिजनों ने किसी तरह आग बुझाई और उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल ले गये। जहां उसे कानपुर ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर लखनऊ के एक ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया।

जहां शुक्रवार दोपहर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। इस बावत क्षेत्रीय दरोगा अंजनी कुमार ने बताया कि विवाहिता की मौत की सूचना मिली है। शनिवार को मजिस्ट्रेटी जांच के बाद पोस्टमार्टम कराया जायेगा। अभी तक मायके पक्ष के लोगों ने किसी भी प्रकार का आरोप नहीं लगाया है। यदि मायके पक्ष के लोग तहरीर देते हैं तो विधिक कार्यवाही की जायेगी।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें


पोस्टमार्टम हाउस में गमगीन बैठे परिजन। अमृत विचार

## कीटनाशक निगलने से युवक की गई जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- प्रेम संबंध के चलते जहरीला पदार्थ खाने की रही चर्चा

**अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत लोहचा गांव निवासी युवक ने किसी बात से आहत होकर कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन वहां इलाज शुरू होने के कुछ देर बाद उसकी सांसें थम गईं। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पीएम रिपोर्ट में जहर खाने से मौत होने की पुष्टि हुई है।

लोहचा गांव निवासी प्रताप (26) पुत्र मोहन लाल ट्रक चालक था। शुक्रवार को वह उड़ीसा से वापस घर लौटा था। इसके बाद वह अपनी बकरियां चराने सुबह जंगल की ओर गया और वहीं किसी से फोन से बात करने के बाद कीटनाशक निगल लिया। घर पहुंचते ही उसकी हालत बिगड़ी और उल्टियां शुरू हो गईं। इस पर बड़ा भाई उसे लेकर सीएचसी पहुंचा। जहां उसने जहर निगलने की बात बताई। हालत अधिक बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज शुरू होने के कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। उसकी मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल के मेमो पर अचलगंज पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया। बड़े भाई मोनू ने बताया कि प्रताप की अभी शादी नहीं हुई थी। उसकी मौत से मां शीला व अन्य परिजन बेहाल हैं। प्रभारी एसओ विनय यादव ने बताया कि अस्पताल से मिली सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। वहीं प्रेमप्रसंग के चलते युवक के आत्महत्या करने की चर्चा रही।


नवीन पुल पर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

## ई-बसों के आवागमन से नवीन पुल पर लगा भीषण जाम

समस्या

- तीन घंटे जाम से राहगीर परेशान
- मनोहर नगर की ओर से वाहन निकलने से जाम हुआ पेंचीदा
- ई-बसों के आवागमन के कारण कई बार रुका रहा यातायात

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नवीन पुल पर हैवी वाहनों की आवाजाही के साथ ई-बसों का संचालन होने से भीषण जाम लग रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार सुबह पुल पर पीकआवर में जाम लगना शुरू हो गया। इसी बीच कानपुर व शुक्लागंज से ई-बसें निकलीं। इसके साथ ही मनोहर नगर के रास्ते एक के बाद एक कई वाहन निकले। जिससे एक ओर का यातायात रुक गया। जिस कारण नवीन पुल से फोरलेन तक वाहन कतारों में खड़े रहे। जाम हटवाने के लिये पुलिस कर्मियों को भी खासी परेशानी उठानी पड़ी। दोपहर में वाहनों का भार कम होने पर जाम खुल सका।

शुक्रवार सुबह नौ बजे मनोहर नगर व गायत्री मंदिर जाने वाले रास्ते से ब्रेड वाहन, दूध वाहन और पालिका की गाड़ियों के अलावा लोडर निकलने लगे। जिससे शुक्लागंज से कानपुर जाने वाला मार्ग बाधित हो गया। कुछ ही देर में फोरलेन तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। वाहनों का अधिक भार होने के कारण नवीन पुल से लेकर फोरलेन तक दोपहिया, चौपहिया, टेंपो, ई रिक्शा, लोडर समेत अन्य वाहन कतारों में खड़े हो गये। भीषण जाम को देख गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और जाम छुड़ाने के लिये काफी मशक्कत की लेकिन बालूघाट मोड़ से लेकर नवीन पुल तक का मार्ग संकरा और बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के कारण जाम टस से मस नहीं हिला।

किसी तरह पुलिस कर्मियों ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद वाहन आगे रेंगे। तेज धूप होने के कारण जाम में फंसे वाहन सवार बिलबिला उठे। जाम में एम्बुलेंस भी फंसी रही। दोपहर करीब बारह बजे वाहनों का भार कम हुआ। जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

## दहेज उत्पीड़न का आरोपी गिरफ्तार

**उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली पुलिस ने दहेज अधिनियम व दुष्कर्म के दो वांछितों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

एसएचओ सफीपुर श्याम नारायण सिंह ने बताया कि 26 फरवरी को एक विवाहिता ने अपने ससुरालियों पर दहेज की मांग व दुष्कर्म किये जाने जाने को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया कि चार नामजद व अन्य आरोपी सहित ससुरालियों के नाम पता अज्ञात में एफआईआर दर्ज हुई थी। शुक्रवार को उन्होंने फोर्स के साथ वांछित मेवालाल पुत्र स्व. बलदेव व लालता प्रसाद पुत्र मिश्रीलाल निवासी गांव महमदखेड़ा थाना बेहटा मुजावर को हुलासी कुंआ से गिरफ्तार किया। जिन्हें कोर्ट से जेल भेजा गया है।

## बाढ़ की विभीषिका से बचाने के लिये प्रशासन ने कसी कमर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मानसून आने से पहले ही डीएम गौरांग राठी राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारी पूरी करना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने विभागाध्यक्षों व एसडीएम के साथ विकास भवन सभागार में बैठक की। इस दौरान उन्होंने गंगा व सई नदी में बाढ़ आने पर एहतियातन पहले से सभी प्रबंध रखने के निर्देश दिए।

बता दें कि बांगरमऊ, सफीपुर, सदर व बीघापुर तहसील क्षेत्र गंगा नदी के तटवर्ती क्षेत्र हैं। जबकि, हसनगंज व पुरवा तहसील क्षेत्र से होकर सई नदी बहती है। डीएम ने बाढ़ को लेकर संवेदनशील माने जाने वाले जिले की सभी बाढ़ चौकियों को समय पर सक्रिय किए जाने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि स्थानीय स्तर पर मल्लाहों (नाव चालकों) व उपलब्ध नावों की सूची तैयार कर ली जाए। जिससे बाढ़ आने पर जरूरत के अनुसार नाविकों सहित नावों को उपयोग में लाया जा सके। कहा कि भौगोलिक स्थिति, बाढ़ चेतावनी, जिले के बाढ़ स्तर, पिछले 20 वर्षों में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए तैयारियां की जाएं। साथ ही अनुश्रवण हेतु स्टीयरिंग ग्रुप सृजित किए जाएं। बाढ़ नियंत्रण कक्ष, बाढ़ केंद्र व उप केंद्रों के माध्यम से बाढ़ संबंधी सूचनाएं संकल्ति करने पर विस्तार से चर्चा की। बचाव कार्यों से वंचित न रहे। साथ ही बाढ़ की भयावहता समाप्त होने पर किए जाने वाले प्रबंधन की रूपरेखा भी तैयार रहनी चाहिए। उन्होंने सिंचाई, लघु सिंचाई, नगर विकास, खाद्य एवं रसद विभाग, पंचायतीराज, ग्राम विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि एवं उद्यान विभाग, पशुधन विभाग, ऊर्जा विभाग पुलिस अधिकारियों को समय पर बाढ़ राहत संबंधी योजना तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे जरूरी संशोधन कराए जा सकें। पिछले वर्षों आई बाढ़ के आधार पर सदर तहसील में 185, सफीपुर में 27, बीघापुर में 21 व बांगरमऊ में 43 नाविकों को नावों सहित सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल प्लावित क्षेत्र में पानी की निकासी व तटवर्ती भूमि सहित सड़कों की कटान रोकने के उपायों की भी समीक्षा की। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह, डीडीओ संजय पांडेय, डीडी कृषि प्रसार मुकुल तिवारी, सीवीओ डा. शिवमूर्ति प्रसाद, डीएसओ राज बहादुर सिंह, अधिशाषी अभियंता शारदा नहर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन की बैठक करते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

- बाढ़ आने पर जिला प्रशासन तैनात करेगा 276 नावें
- डीएम ने प्रभावी सूचना संकलन प्रबंधन पर दिया जोर
- जिले में प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय रहें सभी बाढ़ चौकियां

**कटान रोकने पर रहेगा प्रशासन का जोर :** डीएम ने बांगरमऊ व सफीपुर क्षेत्र के एसडीएम से गंगा के जल स्तर के सापेक्ष प्रभावित होने वाले क्षेत्रों की सूची उपलब्ध कराने का कहा। कहा बाढ़ क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा व खाद्य सामग्री तत्काल पहुंचाने को प्रबंध होने चाहिए। उन्होंने गंगा नदी के तटवर्ती नया पुरवा, हिंदूपुरवा, दबौली बाजार, शुक्लागंज व गढेवा गांवों में बाढ़ से होने वाली कटान रोकने के प्रभावी उपायों के निर्देश दिए।

## मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण से सिकुड़ गईं सड़कें

अराजकता

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- नगर पालिका एवं यातायात विभाग बंद किए आंखें
- जाम की समस्या बनी नासूर होती हैं दुर्घटनाएं

**अमृत विचार।** चौक चौराहों में फैला अतिक्रमण का जाल और पटरी से उतरी यातायात व्यवस्था राहगीरों की राह में रोड़ा बनी हुई है। नगर पालिका और यातायात विभाग की अनदेखी के चलते आयदिन लगता जाम शहर की गंभीर समस्या बनती जा रही है, इसके बावजूद अफसर इस ओर कतई गंभीर नहीं है।

पत्थरकटा चौराहा में फल और सब्जी वालों ने फुटपाथ पर कब्जा कर रखा है जिससे सड़कों पर यातायात दुर्गम हो गया है। इसी प्रकार पटेलनगर चौराहा, वर्मा चौराहा, अशोक नगर बस स्टैंड, ज्वालागंज बस स्टाप, बिंदकी बस स्टाप तथा बाकरगंज चौराहा भी अतिक्रमण की गिरफ्त में है। सड़क पर खड़े आड़े तिरछे वाहन जाम का प्रमुख कारण बनते हैं। स्थिति तो यह है कि सड़कों पर खड़े ट्रैफिक सिपाही भी यातायात को नियंत्रित नहीं कर पाते।

ऐसी स्थिति में जाम के झाम से हर आम और खास को जूझना पड़ता है। इसी तरह शहर का बांदा सागर मार्ग हो या फिर पत्थरकटा चौराहा सड़क पर घूमते पशु ट्रैफिक सिस्टम को खराब किए हैं।

पटेलनगर चौराहा, वर्मा चौराहा आदि मार्गो में इनका आंतक आए दिन राहगीरों पर पड़ता है। स्थिति यह है कि आवारा पशु न सिर्फ दुकानदारों का नुकसान करते हैं बल्कि राहगीरों को भी चुटहिल कर देते हैं। नगर पालिका ने आवारा पशुओं को पकड़ने या पशु पालकों पर कार्रवाई के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए।

### टेंपो चालक निरंकुश होकर चलाते वाहन

शहर में फर्राटा भरते टेंपो चालक दुर्घटनाओं को बढ़ा रहे हैं। शहर के अंदर टेंपो चालक तेज गति से वाहन चलाते हैं और सवारियां अधिक बैठाने के चक्कर में कहीं भी अचानक वाहन खड़ा कर देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज गति से वाहन चलाने वाले टेंपो चालकों पर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है।

> शहर में अतिक्रमण की समस्या गंभीर है। इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। ट्रैफिक एवं पालिका विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। जो अतिक्रमणकारी कार्रवाई से बचना चाहते हैं वह स्वयं अतिक्रमण हटवा लें।
>
> -बृजमोहन राय, यातायात प्रभारी

## सार-संक्षेप


चंपापुरवा में साफ-सफाई करते पालिका कर्मी। अमृत विचार

### वेक्टर जनित रोगों को लेकर वार्ड नौ में चला अभियान

**शुक्लागंज उन्नाव।** गर्मी के मौसम में मच्छरों से फैलने वाले वेक्टर जनित रोगों से बचाव को लेकर शुक्रवार को पालिका प्रशासन के निर्देश पर पालिका कर्मी वार्ड 9 में पहुंचे। जहां क्षेत्र की सभी गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर नगर पालिका वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिये बीते कई दिनों से अभियान चला रहा है। इसे देखते हुये शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे व ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर पालिका के सफाई कर्मी वार्ड-9 चंपापुरवा में पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने मोहल्ले की सभी गलियों में वृहद स्तर से साफ सफाई की। इसके साथ ही नाला-नालियों में जमी सिल्ट को साफ किया। वहीं मच्छरों को देखते हुये एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। वहीं ईओ ने बताया कि इसी तरह अभियान चलाकर आगे भी सभी वार्डों में साफ सफाई कराई जायेगी। जिससे क्षेत्र में मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा सके।

### किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी को मिली तीन साल की सजा



**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत छत पर सो रही किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले युवक को कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए तीन साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने 23 सितंबर-2014 को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 21 सितंबर-2014 की रात दस बजे उसकी 17 व 15 वर्षीय बेटी छत पर लेटी थी। वह पत्नी के साथ नीचे था। देररात अचानक बेटियों की चीख सुन वह छत की ओर दौड़ा तो उसे आता देख बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ठकुरियापुर गांव निवासी राजा उर्फ नफीस पकड़े जाने के भय से छत से कूद कर भागता दिखा। बड़ी बेटी ने युवक द्वारा उससे छेड़छाड़ करने की बात बताई। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। आईओ अशोक सिंह भदौरिया ने मामले की जांच के बाद कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पाक्सो एक्ट कोर्ट में पूरी हुई। एडीजे विवेकानंद विश्वकर्मा ने शासकीय अधिवक्ता चंद्रिका प्रसाद बाजपेई की दलील व प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर राजा उर्फ नफीस को तीन साल की सजा सुनाई है।

मौसम की मार

### सरकारी अस्पताल में एक दिन में पहुंचे रहे हैं 40 से 50 मरीज, डॉक्टर सावधानी बरतने की दे रहे नसीहत

## गर्मी ने बढ़ाए आंखों के मरीज, पीएचसी में लगी लाइन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मई माह में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण बच्चों से लेकर बुजुर्गों में आंखों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है। जिस कारण बच्चों की आंखे लाल होने के साथ ही आंखों से पानी आने की शिकायत आ रही है। शुक्रवार को पीएचसी में ओपीडी के दौरान तमाम आंखों से संबंधित मरीज पहुंचे। जहां मौजूद नेत्र परीक्षक ने उनका परीक्षण करते हुये बचाव के तरीके बताते हुये दवाइयां दी।

गर्मी के कारण आई कंजक्टिवाइटिस और आखों में एलर्जी तेजी से बढ़ रही है। जिससे हर वर्ग के लोगों में अचानक आंखों में सूजन के साथ जलन और खुजली हो रही हैं। बच्चों में यह तेंजी से फैल रहा है। वहीं धूप में निकलने वाले लोगों की भी आंखे लाल हो रही हैं। गर्मी के चलते लगभग आठ से दस दिन के बीच अचानक कंजक्टिाइटिस के मरीज बढ़ गये। यह वॉयरस काफी प्रभावी बताया जा रहा है। शुक्रवार को पीएचसी में मरीजों की लाइन लगी रही। जहां अस्पताल में मौजूद नेत्र रोग परीक्षक डॉ. ऋतु ओमर ने उनका परीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि इन दिनों प्रतिदिन आंख के चालीस से पचास मरीज प्रतिदिन अस्पताल पहुंच रहे हैं। जहां सभी को दवाइयां देने के साथ ही आधुनिक मशीनों से परीक्षण किया। इसके साथ ही बताया कि मरीज के उपयोग किये कपड़ों आदि का प्रयोग नहीं करना चाहिए और आंखों में जलन, खुजली आदि लक्षण होने पर फौरन नेत्र चिकित्सक से संपर्क करे।


आंखों की जांच करतीं नेत्र परीक्षक डॉ. ऋतु ओमर। अमृत विचार

### यह लक्षण हो तो डॉक्टर से लें सलाह

- आंखों में खुजली होना, आंखों का लालपन होना, बार-बार पानी आना, आंखों में जलन, कीचड आ रहा है तो तुरंत नेत्र चिकित्सक से सलाह लेकर दवा कराये। क्योंकि यह संक्रामण तेजी से फैलता है।

### यह है आंखों की एलर्जी से बचाने के तरीके

- आंखों में सूजन के साथ जलन और खुजली हो रही हो तो काला चश्मा पहना, ठंडे पानी से आंख धोना, बर्फ से सिकाई करना, साफ कपड़े से आंख साफ करे। बिना डॉक्टर के सलाह के कोई भी आई ड्राप न डाले।

## हादसे में लोडर चालक घायल

**अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली अंतर्गत उन्नाव-लालगंज हाईवे पर तेज रफ्तार डंपर ने लोडर में टक्कर मार दी। पुलिस ने लोडर चालक को 100 बेड अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने टक्कर मारने वाले डंपर को पकड़कर कोतवाली में खड़ा कराया। बिहार थानांतर्गत मोहकमगंज निवासी विनोद उर्फ कृपा (30) पुत्र सत्य नारायण अनाज के व्यापारी हैं। शुक्रवार को वह लोडर से बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गौरी गांव स्थित एक धर्मकांटे में तौल कराने गए थे। उन्नाव-लालगंज हाईवे पर धर्मकांटा के पास डंपर ने लोडर में टक्कर मार दी। इसमें उन्हे गंभीर चोट आ गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उसे 100 बेड अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

# सड़क हादसे में घायल ई-रिक्शा चालक की मौत

## सवारी उतारकर लौटते समय सड़क हादसे में हुआ था घायल, असरेंदा गांव के पास हुआ था हादसा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सवारी छोड़कर लौटते समय ई-रिक्शा को डंपर ने टक्कर मार दी। इसमें चालक ई-रिक्शा से उछलकर दूर गिर गया। परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



सुरेश।

माखी थानांतर्गत लगलेसपुर गांव निवासी सुरेश (54) ई-रिक्शा चलाकर परिवार पालता था। बीते बुधवार वह सवारी बैठाकर आवागोझा गांव गया था। लौटते समय आसीवन थानाक्षेत्र में असरेंदा गांव के पास एक नर्सरी के सामने एक डंपर ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी, जिससे वह उछलकर सड़क पर गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आ गईं। लोगों की सूचना पर पुलिस ने उसे मियागंज सीएचसी पहुंचाया। खबर मिलते ही परिजन सीएचसी आए और उसे जिला अस्पताल ले गए। यहां से उसे कानपुर के हैलट अस्पाताल रेफर कर दिया गया। लेकिन, घरवालों ने उसे शुक्लागंज में एक निजी अस्पताल भर्ती कराया। गुरुवार को उसकी इलाज के दौरान मौत होने पर परिजन शव लेकर घर लौट आए और एफआईआर दर्ज कराने माखी थाना पहुंचे। इस पर उन्हें घटनास्थल आसीवन थानाक्षेत्र में होने की बात कह वहां भेजा गया। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पत्नी शांति देवी दिल्ली में घरों में काम करती है।

● सिर के बल गिरने से आई थीं गंभीर चोटें

### बैक हो रहे ट्रैक्टर की चपेट में आई बाइक, तीन घायल

बांगरमऊ। बेहटा मुजावर थानांतर्गत गांव मटुकरी निवासी दिनेश (22) पुत्र मौजीलाल अपने भाई अभिषेक (18) और चचेरे भाई प्रवीण (19) पुत्र विजय शंकर के साथ इलाज कराने सीएचसी आया था। वापस लौटते समय शुक्रवार को नगर के संडीला मार्ग पर तहसील कार्यालय गेट के पास सड़क किनारे मौरंग लदे ट्रैक्टर ने बैक करते समय बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर, भर्ती

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के आगाखेड़ा गांव निवासी नन्हक्की पत्नी शिवपाल पास के ही नवई गांव स्थित साप्ताहिक बाजार से वापस घर जा रही थी। अभी वह अपने गांव के किनारे ही पहुंची थी कि तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने महिला के पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इसमें महिला गंभीर घायल हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पीआरवी के साथ एम्बुलेंस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को एम्बुलेंस से नवाबगंज सीएचसी भेजा। जहां उसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।



दुर्घटना के बाद आजाद मार्ग पर क्षतिग्रस्त खड़ी कार। अमृत विचार

### अनियंत्रित कार डीसीएम से टकराई, चार छात्र घायल

शुक्लागंज उन्नाव। शुक्रवार सुबह मरहला चौराहे से हाईवे की ओर जा रही एक कार आजाद मार्ग स्थित धनइयां गांव के पास अनियंत्रित हो गई। जिससे कार डीसीएम से टकराकर डिवाइडर पर चढ़ गई। दुर्घटना में कार सवार चार छात्रों को चोटें आई। वहीं दुर्घटना के बाद आजाद मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई। सुबह करीब दस बजे कार सवार चार छात्र आजाद मार्ग होते हुये हाइवे की ओर जा रहे थे, जैसे ही वह कैलाश विहार कॉलोनी और धनइयां गांव के पास पहुंचे तभी उनकी कार अनियंत्रित हो गई और आगे चल रही डीसीएम से टकराते हुये डिवाइडर पर चढ़ कर बीच सड़क पर खड़ी हो गई। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और कार सवार चारों छात्रों को बाहर निकाला। जहां उन्हें मामूली चोटें आई। वहीं बीच सड़क पर क्षतिग्रस्त वाहन खड़े होने से जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को हटवाया। जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

# नाला की सिल्ट पड़ी होने से बोहनी को तरस रहे दुकानदार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद के नाला सफाई अभियान के तहत निकाली जा रही सिल्ट दुकानदारों व ग्राहकों के लिए मुसीबत बन रही है। पालिका कर्मी छोटी पोकलैंड से नालों में भरी गंदगी निकालते समय अधिक मात्रा में गंदा पानी फुटपाथ पर छोड़ देते हैं। इससे ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने में असुविधा होती है। वहीं कारोबारियों का धंधा मंदा बना रहता है। स्वास्थ्य निरीक्षक रश्मि पुष्कर ने सिल्ट ही निकाले जाने का दावा किया है।

हर साल जलभराव की समस्या से निपटने के लिए बारिश से पहले गर्मियों में ही नाला सफाई कराई जाती है। इसीलिए पालिका प्रशासन आवश्यकतानुसार जेसीबी व छोटी पोकलैंड से नालों से सिल्ट निकलवा रहा है। जेसीबी व पोकलैंड सिल्ट के साथ काफी मात्रा में नालों का पानी भी उठा लेती है जिसे आपरेटर नालों के बाहर ही गिरा देते हैं। इससे संबंधित सड़क व नाले के बीच सिल्ट समेत गंदगी का अंबार लग जाता है। नालों के पीछे बनी दुकानों के सामने सिल्ट व नालों का गंदा पानी भरा होने से ग्राहकों को असुविधा होती है। इसलिए वह संबंधित दुकाने छोड़कर खरीददारी के लिए आगे बढ़ जाते हैं। जिससे वहां के दुकानदारों को बोहनी तक के लाले हैं। इससे कई बार पालिका कर्मियों व दुकानदारों में विवाद भी हो जाता है। हालांकि अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामला रफादफा कराकर नालों की सफाई करा लेते हैं। इस संबंध में स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि सिल्ट के साथ आने वाला मामूली पानी गर्मी के चलते तुरंत जमीन सोख लेती है। इसलिए गंदा पानी निकालने की शिकायत नहीं मिलती हैं। उन्होंने बताया कि आमतौर पर दुकानदार नालों पर रखे पत्थर टूटने की शिकायत करते हैं। इसके बाद भी अगर ऐसा है तो समस्या का हल निकाला जाएगा।



मोतीनगर में एक दुकान के सामने नाला सफाई के बाद फैली पड़ी सिल्ट।

● जलभराव से निपटने को पालिका प्रशासन करा रहा नालों की सिल्ट सफाई

## एक नजर

### अब 26 मई तक होगा पंजीकरण

**उन्नाव।** डीसीए के बैनर तले प्रस्तावित जिला स्तरीय अंडर-12 लीग क्रिकेट प्रतियोगिता की पंजीयन तिथि बढ़ा दी गई है। डीसीए सचिव पीके मिश्रा ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी अपनी टीमों का पंजीयन बढ़ी तिथि 26 मई तक एसोसिएशन के आईबीपी चौराहा के पास मिश्रा लान स्थित कार्यालय में करा सकते हैं। प्रतियोगिता में शामिल होते समय खिलाड़ियों को आयु प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### नाबालिग को भगाकर शादी करने का आरोप

**बिछिया।** दही थानाक्षेत्र के एक गांव मोहल्ला निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 18 मई को उसकी नाबालिग बेटी को थानाक्षेत्र के नंदोली गांव निवासी युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। असके बाद उसने न्यायालय में शादी भी कर ली। जबकि उसकी बेटी नाबालिग है। जिसके प्रमाण के रूप में उसने उसके हाईस्कूल का सर्टिफिकेट भी लगा दिया है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

# शिकायत करने पर ढाबा संचालक ने ग्राहक को पीटा

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** खराब खाने को लेकर ग्राहक व संचालक में हुए विवाद के बाद दोनों पक्ष से गालीगालौज के साथ जमकर मारपीट हुई। ग्राहक पक्ष से दो लोग घायल हो हुए। दोनों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों पक्षों ने कोतवाली में तहरीर दी है। ग्राहक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने संचालक व एक कर्मी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव लोहार खेड़ा निवासी प्रवीण पुत्र अशोक दुबे ने दी तहरीर में बताया कि बीती देररात करीब एक बजे वह अपने साथियों के साथ उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित गांव जमलुद्दीनपुर स्थित प्रधान ढाबे पर खाना खाने गया था। खाना खाते समय कर्मचारी से पनीर की सब्जी लाने को कहा। वह जो सब्जी लाया वह खाने पर बेहद खराब लगी। जिसकी शिकायत उन लोगों ने ढाबा संचालक सनी निवासी गांव अमर थाना अचलगंज से की। जिस पर वह गालीगलौज के साथ मारपीट करने लगा।

● ढाबा संचालक ने कहा कि ग्राहक नशे में था और खाने के पैसे मांगने पर की मारपीट

वहीं संचालक ने दी तहरीर में बताया कि प्रवीण दुबे व इनके अन्य साथी काफी नशे में थे। खाने के पैसे मांगने पर उन लोगों ने जमकर उत्पात मचाया और मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि ग्राहक की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# डीबीटी से धनराशि भेजने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** चालू शिक्षा सत्र में परिषदीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं को यूनीफार्म खरीदने के लिए उनके अभिभावकों के बैंक खातों में तय रकम भेजने को शासन फिक्रमंद हो गया है। शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी बीएसए को पत्र जारी कर इसकी तैयारियां अभी से करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए 30 मई तक सभी अभिभावकों के बैंक खातों को आधार सीड कराने को कहा गया है।

लोकसभा चुनाव समाप्त होने से पहले 22 मई को विभागीय अधिकारी ने बीएसए को भेजे पत्र में कहा है कि शिक्षा सत्र 2024-25 में छात्र-छात्राओं को जूता-मोजा, बैग व स्वेटर आदि खरीदवाने हैं। इसके लिए उनके अभिभावकों (माता-पिता) के बैंक खातों में हमेशा की तरह डीबीटी के माध्यम से धनराशि हस्तांतरित की जानी है। उन्होंने बताया है कि अभिभावकों के आधार लिंक खातों में निर्धारित धनराशि स्थानांतरित की जानी है। इसके लिए जरूरी है कि सभी अभिभावकों के बैंक खाते आधार से लिंक हों। इसलिए 30 मई तक यह सुनिश्चित किया जाए कि जिन अभिभावकों ने आधार सीडिंग नहीं करा रखी है, उनके खातों को आधार से लिंक कराया जाए। उन्होंने बीएसए को डीबीटी भुगतान संबंधी कार्यों की स्वयं समीक्षा करते हुए तय अवधि में सभी औपचारिकताएं पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।



● अभिभावकों से 30 मई तक बैंक खातों को आधार सीड कराने के लिये कहा गया

### अधिकारियों को बताईं शिक्षकों की समस्याएं

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष अपूर्व दीक्षित के नेतृत्व में महानिदेशक स्कूल शिक्षा, शिक्षा निदेशक (बेसिक), सचिव व सहायक शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल से मुलाकात कर छह वर्ष के बच्चों के नामांकन करने में हो रही दिक्कत बताई। डीबीटी से शिक्षकों के खातो प्रशिक्षण संबंधी भुगतान न पहुंचने की समस्या बताई। साथ ही कहा गया कि जल्द से जल्द समस्याओं का समाधन कराया जाये। साथ ही समय पर कंपोजिट ग्रांट का बजट उपलब्ध कराने, मानव संपदा पोर्टल पर हाफ-डे लीव व्यवस्था लागू करने व स्थानांतरण, पदोन्नति व पीएमश्री विद्यालयों में शिक्षक-छात्र अनुपात बराबर करने भी चर्चा हुई। प्रतिनिधि मंडल में मनीष पांडेय, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कनौजिया, केएस मिश्र, दिलीप अवस्थी, विनीत वाजपेयी व चंद्र प्रकाश दीक्षित आदि थे।

# नहीं थम रहा करोड़ों की जालसाजी का मामला

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

**अमृत विचार।** शेयर बाजार में पैसा लगाकर मोटी कमाई के झांसे में आए करीब आधा सैकड़ा पीड़ितों ने शुक्रवार को जालसाजों की आरा मशीन पर धावा बोल दिया। पीड़ितों द्वारा गाली-गलौज करने के बावजूद जालसाजों का कुनबा घर के अंदर छिपा रहा।

बता दें कि कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला तालाब निवासी अनवारुद्दीन उर्फ राजू, उसके भाई व बेटों द्वारा क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को शेयर बाजार में पैसा लगाकर 15 से 20 फीसदी ब्याज देने का झांसा देकर सैकड़ों करोड़ रुपये हड़पा जा चुका है। इस मामले में अभी तक तीन पीड़ितों द्वारा जालसाज परिवार के विरुद्ध रिपोर्ट भी कोतवाली बांगरमऊ में दर्ज कराई जा चुकी है।

● मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझा कर शांत कराया

जबकि तमाम पीड़ितों का दबंग जालसाजों के दरवाजे पर दस्तक देकर अपनी-अपनी रकम मांगने का सिलसिला जारी है। सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को एक दर्जन दुपहिया व चौपहिया वाहनों से करीब आधा सैकड़ा पीड़ितों ने जालसाजों के आवास व उनकी आरा मशीन को घेर लिया।

सभी जालसाज अनवारुद्दीन उर्फ राजू व उसके परिजनों को घर के बाहर निकलने और पैसा लौटाने को लेकर आवाज लगाते रहे। किंतु कोई भी घर के बाहर नहीं निकला। तब तक गंजमुरादाबाद चौकी पुलिस मौके पर जा पहुंची और गालीगलौज कर रहे पीड़ितों को समझा-बुझाकर शांत कराकर वापस भेजा।

# मोबाइल पर जांच रिपोर्ट मिलने से महिलाओं को मिली राहत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिला महिला अस्पताल प्रशासन ने मरीजों को उनके मोबाइल पर जांच रिपोर्ट भेजने की सुविधा शुरू की है।

जिला महिला अस्पताल ने डिजिटल क्रांति की ओर अपने कदम बढ़ाए हैं। इससे यहां आने वाले मरीजों को बड़ी राहत मिली है। अभी तक गर्भवती महिलाओं को पहले रक्त के सैंपल देने के लिए लाइन लगानी पड़ती थी। इसके बाद उन्हें जांच रिपोर्ट के लिए फिर अस्पताल के चक्कर लगाना पड़ता था या वहीं बैठकर घंटों इंतजार करना पड़ता था। इससे उन्हें परेशानी होती थी। लेकिन अस्पताल प्रशासन की नई व्यवस्था से जांच रिपोर्ट उनके द्वारा रजिस्टर कराए गए मोबाइल नंबर पर पहुंचने लगी है। इससे महिला मरीजों को बड़ी राहत मिली है। उन्हें इसके लिए मोबाइल फोन पर भेजे गए लिंक को क्लिक कर अपनी रिपोर्ट डाउनलोड करना होता है। महिला पैथोलाजी के इंचार्ज डा. तौसीफ हुसैन रिजवी ने बताया कि दरअसल पैथोलाजी में अधिकतर प्रेग्नेंट महिलाएं ही जांच कराने आती हैं। विशेष तौर पर महिलाओं के लिए यह कदम उठाया गया है।

● विशेष तौर पर महिलाओं के लिए उठाया गया है यह कदम

# अवैध खनन कर रही जेसीबी को किया सीज

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** ग्रामीणों की शिकायत पर नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक व लेखपाल ने अवैध खनन कर रही जेसीबी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खान एवं खनिज अधिनियम के तहत जेसीबी को सीज करने के साथ सत्येंद्र सिंह पुत्र रामराज निवासी अमोइया के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में राजस्व अभिलेख में दर्ज तालाब में जेसीबी से खुदाई कर उसी गाटे में सत्येंद्र सिंह द्वारा मेड़बंदी कराई जा रही थी। साथ ही ट्रैक्टर से मिट्टी अन्य जगह बेची जा रही थी। ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंचे नायब तहसीलदार मनोज अवस्थी, राजस्व निरीक्षक अनिल पांडेय व क्षेत्रीय लेखपाल रोली द्विवेदी की टीम ने छापेमारी कर एक जेसीबी को कब्जे में ले लिया।

लेखपाल की तहरीर पर सत्येंद्र सिंह के विरुद्ध बिना परमिशन अवैध खनन कराने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि नायब तहसीलदार मनोज अवस्थी के आदेश पर जेसीबी व सत्येंद्र सिंह पर खान एवं खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।



मौके पर मौजूद अधिकारी व खड़ी जेसीबी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### सब रजिस्टार कार्यालय कचहरी के पास बनवाने की मांग

**पुरवा।** बार एसोसिएशन व लायर्स बार के अध्यक्षों सहित सभी अधिवक्ताओं की संयुक्त बैठक शुक्रवार को कचहरी स्थित बार भवन में आयोजित हुई। बैठक में बार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष गंगा महेश यादव व लायर्स बार के अध्यक्ष विद्याशंकर पांडेय आदि अधिवक्ताओं ने कहा कि कचहरी स्थित सब रजिस्टार कार्यालय के नए भवन के निर्माण के लिए नगर पंचायत द्वारा मोहल्ला चंदीगढ़ी में भूमि का चयन किया गया हैं। अधिवक्ताओं ने कहा कि जिस स्थान पर सब रजिस्टार भवन की भूमि का चयन किया गया है वह करीब छह किमी दूर है। इसके चलते अधिवक्ता शुक्रवार को न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। लायर्स बार के महामंत्री अजय मिश्रा ने बताया कि इस संबंध में अगली बैठक 27 मई को की जाएगी। मांगे न मानने पर अधिवक्ता प्रदर्शन को बाध्य होंगे। इस दौरान शैलेन्द्र तिवारी, अरुण मिश्रा, संजय सिंह, महेंद्र श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### मामूली बात पर पति ने पत्नी को पीटा

**बिंदकी।** मामूली घरेलू विवाद के चलते पति ने पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। जब मामले की शिकायत करने महिला का पिता पहुंचा तो दामाद ने ससुर के साथ भी गाली गलौज की और मारपीट कर दी। मामले में महिला के पिता ने अपने दामाद के खिलाफ पुलिस से शिकायत किया है। कोतवाली क्षेत्र के कोरईया गांव में मामूली कहासुनी में खुशबू के साथ उसके पति टिक्कू ने मारपीट कर दी। पीड़ित महिला खुशबू ने इसकी जानकारी अपने पिता शकील निवासी ग्राम चक हैबतपुर कोतवाली बिंदकी जनपद को दी। शकील ने अपने दामाद को समझने का प्रयास किया तो दामाद ने ससुर के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट में आमादा हो गया।

आक्रोश — कार्मिक एक दिन का पारिश्रमिक और हल्का नाश्ता का भुगतान न मिलने का लगा रहे आरोप

# भुगतान को लेकर मतदान कार्मिकों में असंतोष

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन संपंन कराने वाले कार्मिकों में किए जा रहे भुगतान को लेकर असमंजस की स्थिति है। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर मतदान कार्मिकों को निर्वाचन प्रशिक्षण व मतदान ड्यूटी मद में 1050 रुपए का भुगतान कर दिया गया है। शिक्षक अल्पाहार मद के डेढ़ सौ रुपए सहित प्रथम प्रशिक्षण का भुगतान न होने से क्षुब्ध हैं। हालांकि परिषदीय सहित माध्यमिक विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश होने की वजह से वह एकजुट होकर पूरे भुगतान की लड़ाई नहीं शुरू कर पा रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम गौरांग राठी ने 11 मई 2024 को जारी पत्र में पीठासीन अधिकारी व मतगणना पर्यवेक्षक को प्रतिदिन या उसके भाग के लिए 350, मतदान अधिकारी और मतगणना सहायक को 250 और चतुर्थ श्रेणी कार्मिक को 200 रुपए प्रतिदिन या उसके भाग के लिए भुगतान किए जाने की बात कही थी। इस तरह पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों को प्रथम व द्वितीय प्रशिक्षण, पार्टी प्रस्थान दिवस और मतदान दिवस 1400-1400 रुपए का भुगतान प्राप्त होना चाहिए, जबकि पीठासीन अधिकारियों 1050 और मतदान अधिकारियों को 750 रुपए का ही भुगतान प्राप्त हो सका है। मतदान कार्मिकों का कहना है कि डेढ़ सौ रुपए नाश्ता मद के साथ एक दिन का पारिश्रमिक अभी और मिलना चाहिए। यही नहीं बड़ी संख्या में मतदान कार्मिकों को कोई भुगतान ही नहीं प्राप्त हो सका है। मतदान संपंन कराने वालों में सर्वाधिक संख्या परिषदीय व माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित अन्य स्टाफ की रहती है। इन दिनों विद्यालयों में अवकाश घोषित है, जिससे परस्पर बातचीत में नाराजगी जता रहे शिक्षक-शिक्षिकाएं भुगतान की लड़ाई नहीं शुरू कर पा रहे हैं। शिक्षक संघ के पदाधिकारी भी मौन साधे हैं, जबकि बड़ी संख्या में शिक्षक उन्हें भुगतान को लेकर बनी असमंजसपूर्ण स्थितियां बता चुके हैं।



● शिक्षकों द्वारा असंतोष जताए जाने को लेकर शिक्षक नेताओं ने साध रखा है मौन

### अब किसी का भुगतान शेष नहीं है : सीडीओ

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान कार्मिकों को निर्वाचन संबंधी भुगतान को गठित कमेटी के अध्यक्ष कार्मिक प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना के मुताबिक सभी को भुगतान हो चुका है। अब किसी का भुगतान शेष नहीं है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से आवंटित बजट आनलाइन भुगतान के माध्यम से मतदान कार्मिकों के बैंक अकाउंट में भेजा जा चुका है। अब मतगणना दिवस पर ड्यूटी करने वालों को ही आयोग के निर्देशों के तहत भुगतान किया जाएगा। कुछ मतदान कार्मिकों के खातों में अब तक भुगतान न पहुंचने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसके लिए संबंधित को बैंक शाखा में संपर्क करना चाहिए। उन्होंने आयोग द्वारा ही एक प्रशिक्षण दिवस में कटौती किए जाने की संभावना जताई।

# सीएम से की बिना सूचना मिट्टी खोदने की शिकायत

**पुरवा उन्नाव।** क्षेत्र के गांव तूरी निवासी मीना ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि गांव स्थित भूमि संख्या 180 मिलजुमला नंबर है। वह भूमि में सह खातेदार है। बताया कि कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे निर्माण करा रही कार्यदायी संस्था पीएनसी में मिट्टी का कार्य कर रही हलधर कंट्रेक्टशन द्वारा बिना सूचना के खेत से करीब 8 फिट गहरी मिट्टी खोद ली गई। उसे जब इसकी जानकारी हुई तो खेत पहुंचकर देखा तो मिट्टी खुदी हुई मिली। जब इस संबंद्ध में कंपनी के लोगों से बात करना चाहा तो उन्होंने बात करने से इनकार कर दिया। एसडीएम रनवीर सिंह ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है। लेखपाल को भेजकर जांच कराई जाएगी। और साथ ही कहा कि जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# लापरवाही: बजट के अभाव में लटका हुआ है क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवाल का निर्माण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बिछिया ब्लाक क्षेत्र के बक्खाखेड़ा गांव में बने राजकीय महाविद्यालय की बाउंड्रीवाल का एक हिस्सा कई माह पूर्व ढह गया था। बजट के अभाव में टूटी दीवार का निर्माण नहीं हो पा रहा है, जिससे अराजकतत्वों की आवाजाही की आशंका बनी रहती है। प्राचार्य के मुताबिक उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में निर्माण के लिए बजट मांगा गया है।

बता दें कि करीब दो दशक पहले सदर तहसील क्षेत्र के लिए शासन ने राजकीय महाविद्यालय स्वीकृत किया था। भवन निर्माण न होने तक शुरुआती दौर में यह महाविद्यालय शहर स्थित जीआईसी खेल मैदान में बने कक्षों में संचालित होता था। भवन बनने के बाद से बक्खाखेड़ा में छात्र-छात्राएं अध्ययन करते आ रहे हैं। शहर में संचालित डीएसएन कालेज व श्री नारायण बालिका महाविद्यालयों में प्रवेश न होने पर उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए शहर सहित आसपास के छात्र-छात्राएं राजकीय महाविद्यालय में एडमीशन कराते हैं। एक ओर परिषदीय विद्यालयों की बाउंड्री बनवाने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर राजकीय महाविद्यालय की बीती बारिश में ढह चुकी बाउंड्री की मरम्मत नहीं हो पा रही है। महाविद्यालय में कंप्यूटर आदि की सुरक्षा के साथ अराजकतत्वों की आवाजाही रोकने को बाउंड्री का निर्माण जरूरी होने के बाद भी बजट के अभाव में दीवार नहीं बन पा रही है। अभिभावकों का कहना है कि सह शिक्षा व्यवस्था को देखते हुए महाविद्यालय प्रशासन को अविलंब बाउंड्री बनवानी चाहिए।



महाविद्यालय की बाउंड्रीवाल का ढह चुका हिस्सा। अमृत विचार

## एक नजर

### बांस काटने के विरोध में मारपीट कर किया घायल

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उमरिया कैथानी में एक युवक ने अपने भाई सहित तीन लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उमरिया कैथानी निवासी अशर्फीलाल पुत्र शंकर ने बताया उसकी और उसके भाई की साझे में बांस की थनिया है। उसने अपने भाई से उसमें से बांस काटने के लिए कहा तो ऋषिपाल ने अपने साथी हरिओम, सत्यपाल पुत्रगण बाबू के साथ मिलकर उसे काफी मारा पीटा। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बाइक सवार घायल

**माधौगंज, हरदोई।** थाना क्षेत्र के पिपरावां निवासी रामजीवन गुरुवार को बाइक पर सवार होकर मल्लावां कोतवाली के गांव हेरवल निवासी साढू छोटेलाल के घर गया था। वापसी में दोनों साढू बाइक पर आ रहे थे रात करीब नौ बजे किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### दबंगों ने किशोर को पीट कर किया लहूलुहान

**शाहाबाद, हरदोई।** तड़ेर गांव में केबिल बिछाने को लेकर दबंगों ने एक किशोर को लाठियों से पीट कर लहूलुहान कर दिया। किशोर का सिर फट गया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल किशोर का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम तड़ेर निवासी विवेक के अनुसार खेत पर केबिल बिछाने के विवाद के चलते गांव के सूरजपाल, प्रेमपाल ने उसे लाठियों और बांसों से मारा-पीटा, जिससे उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया।

### बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**संडीला, हरदोई।** लखनऊ के पारा निवासी त्रिभुवन कुमार ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया है की 19 मार्च शाम को लखनऊ रोड स्थित बाबा हजारा बाग से उसकी बाइक चोरी हो गयी। कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है जांच की जा रही है।

# मोपेड सवार तीन ग्रामीणों को ट्रक ने रौंदा, मौत

## मल्लावां-कन्नौज रोड पर मगरहा मोड़ पर हुआ हादसा, दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई


लल्ला भइया।


राममंगल।


मलिखान।

**अमृत विचार।** कन्नौज से सण्डीला जा रहे ट्रक ने मगरहा मोड़ पर मोपेट सवार तीन लोगों को टक्कर मारते हुए उन्हे कुचल दिया। शुक्रवार की सुबह हुए इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरे ने सीएचसी पहुंचते ही दम तोड़ दिया। उधर ड्राइवर ट्रक छोड़कर फरार हो गया, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले कर हादसे की जांच शुरु कर दी है। शुक्रवार की सुबह साण्डी थाने के संजलापुर निवासी मलिखान (50), हरपालपुर थाने के बरसोइया निवासी लल्ला भइया (45) व हरपालपुर कस्बा निवासी राम मंगल 45) मोपेट पर सवार होकर गांव से निकले थे। मगरहा मोड़ पर कन्नौज से सण्डीला जा रहे तेज़ रफ्तार ट्रक ने मोपेड में टक्कर मार दी और सड़क पर गिरे तीन लोगों को कुचलते हुए आगे निकल गया। मलिखान व लल्ला भइया की वहीं पर मौत हो गई। एम्बुलेंस-108 से मल्लावां सीएचसी ले जाए जा रहे राम मंगल ने रास्ते में दम तोड़ दिया। इसका पता होते ही राघौपुर पुलिस चौकी इंचार्ज संजय कुमार राय व एसआई मान सिंह वहां पहुंचे, हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को अपने कब्ज़े में ले लिया। एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने इस बारे में बताया कि ट्रक को कब्जे में लिया गया है, चालक और ट्रक मालिक का पता किया जा रहा है।

### परिवार कर रहा था लौटने का इंतजार, मिली मौत की खबर

**संवाददाता, मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** जाति-बिरादरी अलग थी लेकिन मलिखान, राम मंगल और लल्ला भइया उर्फ राजेन्द्र के बीच दोस्ती अपना अलग ही मिजाज़ रखती थी। तीनों का रहना-सहना और काम-धंधा भी अलग-अलग था, लेकिन उनकी राय एक और एक ही बात रहती थी। मलिखान के फूफा ने तीनों को अपने घर भुट्टे की दावत पर बुलाया था, वहीं से वापस लौटने के दौरान हुए हादसे में तीनों की मौत हो गई। पलक झपकने के साथ हुए हादसे ने तीन परिवारों को तबाह कर दिया। साण्डी थाने के संजलापुर निवासी मलिखान के फूफा ओम नारायण मल्लावां कोतवाली के मगरहा में रहते है। उन्होने मलिखान और उसके दोस्त राम मंगल व लल्ला भइया उर्फ राजेन्द्र को अपने घर भुट्टे की दावत पर बुलाया था। गुरुवार की शाम को तीनों लोग एक साथ मोपेट पर सवार हो कर मगरहा पहुंचे और रात में वहां रुककर अगले दिन शुक्रवार की सुबह वापस लौट रहे थे। मगरहा मोड़ पर पहुंचते ही कन्नौज की तरफ से आ रहा ट्रक टक्कर मारते हुए उन्हे तीनों को कुचलते हुए निकल गया। उधर उन तीनों के घर वाले उनकी राह देख रहे थे, लेकिन जैसे ही उन्हे हादसे की खबर मिली तो वहां कोहराम मच गया। मलिखान की पत्नी गजमेलिन, राम मंगल की पत्नी मंगला देवी और लल्ला भइया उर्फ राजेन्द्र की पत्नी प्रेमलता ज़मीन पर हाथ पटकते हुए दहाड़ मारकर रोने लगी। पलक झपकते हुए हादसे ने उन तीनों सुहागिनों का सुहाग छीन लिया। उनके घरों में मौत का मातम बरपा हो गया। मलिखान और लल्ला भइया उर्फ राजेन्द्र खेती-बाड़ी और राम मंगल सब्ज़ी बेंच कर अपने बच्चो का पेट पाल रहा था। मलिखान के अकेली बेटी है, जबकि राम मंगल के तीन बेटे और तीन बेटियां है, वही लल्ला भइया उर्फ राजेन्द्र के तीन बेटे है। तीनों अपने-अपने घरों के अकेले कमाने वाले थे, उनकी मौत के बाद सवाल उठ रहें हैं कि अब आगे की ज़िंदगी कैसे बसर होगी।


रोते बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

### पिकअप वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** दुकान से घरेलू सौदा खरीद कर पैदल घर लौट रहे युवक को एक तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया, उसे इलाज के लिए ले जाने की तैयारी की जा रही थी, उसी बीच उसकी वहीं पर मौत हो गई। ड्राइवर पिकअप छोड़ कर फरार हो गया। बिलग्राम कोतवाली के इटौली निवासी 30 वर्षीय प्रेमचंद्र पुत्र डम्मर अपने चार भाइयों में बड़ा था, मेहनत-मजदूरी कर गुजर कर रहा था, उसकी शादी नहीं हुई थी। बताते है कि गुरुवार की देर शाम को प्रेमचंद्र कोई घरेलू सौदा खरीदने के लिए गांव में ही एक दुकान पर गया हुआ था। वह सौदा खरीद कर घर लौट रहा था, उसी बीच एक तेज़ रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। जिससे प्रेमचंद्र बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। इस बीच ड्राइवर पिकअप को वहीं पर छोड़ कर फरार हो गया। प्रेमचंद्र के ज़ख्मी होनेका पता होने पर उसके घर और आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े। उसे इलाज के लिए सीएचसी ले जाने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन उसी बीच प्रेमचंद्र की मौत हो गई। वहां पहुंची पुलिस ने पिकअप को अपने कब्जे में लेते हुए, शव का पोस्टमार्टम कराया है। एसएचओ बिलग्राम नारायण कुशवाहा ने बताया है कि हादसे की जांच की जा रही है। तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।




# घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म के आरोपी को भेजा गया जेल

संवाददाता, पाली, हरदोई



**अमृत विचार।** थाना पुलिस ने घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी पर एक गांव निवासी महिला ने घर में घुसकर छेड़छाड़ और गाली गलौज करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके महिला के न्यायालय में बयान कराए, जहां उसने बयानों में दुष्कर्म की भी बात कही। कोर्ट के आदेश पर विवेचना के दौरान धारा 376 की बढ़ोत्तरी की गई थी।

पाली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बीती 7 मई को थाने में तहरीर देकर बताया था कि 6 मई की रात को वह घर में अकेली लेटी थी। तभी गांव निवासी नन्हें उर्फ श्यामवीर उसके घर में घुस आया और उसके साथ अश्लील हरकतें की। किसी तरह उसने खुद को बचाया, जाते समय आरोपी ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पाली थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके पीड़िता के न्यायालय में बयान कराए गए थे। बयानों में पीड़िता ने दुष्कर्म की भी बात कही। शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# किसानों की समस्याओं का हो समाधान : डीएम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में शुक्रवार को किसान प्रतिनिधियों की आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि जनपद के किसानों की सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर कराया जायेगा। भारत एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ भी दिलाया जायेगा।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी किसान बंधु किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के साथ फसल बीमा अवश्य करायें ताकि फसलो को होने वाले नुकसान की कुछ भरपाई हो सके। सोलर पम्प के लिए आवेदन करें ताकि बिजली के खर्च को कम किया जा सके। गांवों के तालाबों को पानी से भरने को लेकर उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि नहरों के किनारे स्थित तालाबों में पानी भरने की व्यवस्था कराये और नलकूप विभाग को नलकूपो के निकट स्थित तालाबों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराये इसके साथ ही उपायुक्त मनरेगा द्वारा यथा संभव अमृत सरोवरों में पानी भरवाया जायेगा।

उन्होंने बताया कि सीमेन पर भारी छूट उपलब्ध है। इस सीमेन से 95 प्रतिशत बछिया पैदा होने की सम्भावना है। जनपद में विभिन्न स्थानों पर वृहद गौशालाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने किसान संगठनों से भूसा दान करने की अपील की। किसान प्रतिनिधियों ने गोवंश संरक्षण में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने जिला गन्ना अधिकारी से किसानों के साथ गोष्ठियां आयोजित कर गन्ना उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि नियमों के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, उपनिदेशक कृषि डॉ नन्द किशोर, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, अधिशासी अभियंता शारदा नहर, विद्युत तथा डीसी मनरेगा उपस्थित रहे।


किसानों के साथ बैठक करते डीएम एमपी सिंह। अमृत विचार

### समीक्षा बैठक कर दिए अधिकारियों को निर्देश

**हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि विभागीय योजनाओं की प्रगति को बनाये रखा जाये। उन्होंने ड्रग सैम्पल संग्रह में ख़राब प्रगति को लेकर ड्रग इंस्पेक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जल निगम ग्रामीण को निर्देश दिए कि एफएसटीसी कवरेज को बढ़ाया जाये। शत प्रतिशत संतृप्त ग्रामों की संख्या बढ़ाई जाये। योजना के बारे में लोगों को जागरूक किया जाये। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस के माध्यम से शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।

# टीबी मरीजों के परिजनों के लिए आई दवा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अभी तक टीबी का पॉजिटिव मरीज मिलते ही उसकी दवा शुरू की जाती थी, लेकिन अब टीबी का पॉजिटिव मरीज मिलते ही उसके परिजनों को भी टीबी से बचाव के लिए दवा खिलाई जाएगी। यह दवा जिले में पहली बार आई है। सभी ब्लॉकों में यह दवा भेज दी गयी है। यह दवा सिर्फ बलगम जांच के बाद रिपोर्ट पॉजिटिव आने बाले मरीजो के परिजनों को ही दी जाएगी। इसके लिए सभी कर्मचारियों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए है।




**टीबी उन्मूलन अभियान**

**अब परिजनों को भी खिलाई जाएगी दवा, जिले को मिली 13 हजार 500 टेबलेट**

स्वास्थ्य विभाग टीबी को खत्म करने के लिए प्रयास कर रहा है। इसके चलते अब जिले में टीबी मरीजों के साथ परिवारजनों की भी स्क्रीनिंग की जाएगी। विभाग टीबी रोगी के साथ ही परिजनों को भी टीबी की दवाई देगा।

विभाग ने टीबी रोगियों के परिजनों की स्क्रीनिंग की योजना बना ली है। अभी तक पांच साल के बच्चों को ही विभाग की ओर से प्रिवेंटिव थेरेपी दी जाती है लेकिन, अब टीबी से मरीज के घर के सभी सदस्यों की स्क्रीनिंग होगी। जरूरत पड़ने पर प्रिवेंटिव थेरेपी और एहतियात के तौर पर दवा भी दी जाएगी। स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। अप्रैल और मई माह में जिन मरीजों का इलाज शुरू हुआ है। उन मरीजों की मॉनीटरिंग की जा रही है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. शरद वैश्य ने बताया कि टीबी रोगी लगातार परिवार के सदस्यों के संपर्क में रहते हैं। इसके चलते परिवार के सदस्यों में भी टीबी की आशंका बनी रहती है। टीबी मरीज को प्रिवेंटिव थेरेपी (टीपीटी) दवा दी जाएगी।

वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. नौमानउल्लाह ने बताया कि पॉजिटिव टीबी रोगियों के संपर्क में आए लोगों को टीपीटी दी जाएगी। रोगी के परिवार के लोगों को 3 महीने तक प्रतिरोधी दवाएं आयु के हिसाब से दी जाएंगी। स्टोर इन्चार्ज बृजेश मित्रा ने बताया कि सभी कर्मचारियों को दवा दी जा रही है। यह दवा सभी सीएचसी पर मिलेगी।

### गर्मी में खूब खाएं तरबूज-खीरा, सावधानी बरत कर लू से करें बचाव : सीएमओ

**हरदोई, अमृत विचार।** तेज लू और गर्मी के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सावधानी के अभाव में लोग बुखार, उल्टी दस्त से पीड़ित हो रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार का कहना है कि सावधानी बरतकर लू और गर्मी से राहत पाई जा सकती है। ध्यान रखें कि खाली पेट घर से बाहर न निकलें। जब भी घर से बाहर निकलें चेहरा और सिर गमछे से ढक कर रखें। पानी की बोतल साथ में रखें। चेहरे सहित खुले अंगों में सनस्क्रीन का उपयोग करें। दोपहर 12 से तीन बजे तक बाहर न निकलें और किचन में खाना बनाने से बचें। खिड़कियों और दरवाजों को बंद ही रखें। हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहने। गहरे रंग के तंग कपड़े पहनने से बचें। उन्होंने बताया कि तरबूज, खीरा, ककड़ी, अन्नानास, खरबूजा, शिकंजी, छांछ, लस्सी, नींबू पानी, नारियल पानी का सेवन करें। उबालकर ठंडा किया हुआ पानी ही पीएं। बाहर के कटे और खुले में बिकने वाले फल खाने से बचें। घर का ताजा और सुपाच्य भोजन का सेवन करें। तला-भुना खाने से परहेज करें। इसके अलावा बच्चों, गर्भवती और बुजुर्गों को दिन के समय घर से बाहर न निकलने दें। कमजोरी आना, चक्कर आना, पसीना आना, सिर दर्द, बेहोशी पसीना आना हीट वेव या लू के लक्षण हैं। बेहोशी आए या व्यक्ति अनर्गल बातें करने लगे तो उसे शीघ्र ही निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर जाएं। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर लू प्रबंधन को लेकर आवश्यक तैयारियाँ की गई है।

## सार-संक्षेप

### पेड़ से गिरकर बंदर की मौत, लोगों में उमड़ी आस्था

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खण्ड के गांव मुड़ियाखेड़ा में काले मुंह वाले बन्दर की पेड़ से गिरकर मौत हो गई। बंदर की मौत की सूचना पर ग्रामीण जमा हो गए और पास के प्राचीन धार्मिक स्थल कबीरा बाबा परिसर में गड्ढा खुदवाया और पक्की समाधि बनाकर पार्थिव शरीर को रखकर पूजा अर्चना की। गांव के आचार्य सुरेश तिवारी सहित प्रधान प्रतिनिधि रमेश पाल, मुकेश गुप्ता, संतराम कश्यप, बालकराम यादव, बबलू गुप्ता, श्यामबिहारी मिश्रा, चौधरी यादव, सन्दीप कश्यप, मोहन पाठक, उजागर, सरजू कश्यप, सुनील कश्यप, भन्नू कश्यप, जागेश्वर, प्रदीप, रामनरेश यादव, विनोद कुमार, मंशाराम, बसीराम कश्यप, शंकर, सन्तोष गुप्ता, पंकज कुमार, विनोद कुमार आदि ग्रामीणों ने मन्दिर बनाने का निर्णय है। ग्रामीणों ने बताया कि भले ही लोग गंगा स्नान को लेकर आस्था का विषय न मानते हों पर करीब आधा दर्जन से अधिक काले मुंह वाले बन्दर दशकों से नैमिषारण्य धाम से चलकर हर पूर्णिमा व अमावस्या के दिन पवित्र नदी गंगा स्नान के लिए आते-जाते दिखाई देते हैं। गुरूवार को कुछ बन्दर आगे निकल गए एक पेड़ पर ही बैठा रहा जिसकी शुक्रवार मौत हो गई। लोगों को सूचना हुई तो अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गए। समाधि देने के बाद ग्रामीणों ने सार्वजनिक तौर पर चंदा इकट्ठा कर मन्दिर बनाने की योजना बनाई है। ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार को भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।



समर कैंप में मौजूद बच्चे। अमृत विचार

### समर कैंप में बच्चों ने मचाया धमाल

**हरदोई, अमृत विचार।** सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में 10 दिनों से समर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें नन्हे मुन्ने से लेकर बड़ों ने धमाल मचाया। विभिन्न रंगों की पोशाक में विभिन्न रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा मनोरंजन के कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। इंडोर गेम्स में वालीबाल, बास्केटबाल, लूडो, कैरम बोर्ड घुड़सवारी, टेबल गेम्स के अलावा अन्य गेम शामिल है। प्रिंसिपल लीना सिंह ने कहा कि इस प्रकार का आयोजनों से बच्चों को एक नया प्लेटफार्म मिलता है और उनमें अपना टैलेंट दिखाने का जज्बा रहता है। इसके पूर्व शुभारंभ प्रिंसिपल लीना सिंह ने दीप जलाकर किया। बेहतर प्रदर्शन करने वालों को सम्मान से नवाजा गया।

### पत्नी के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घुरहा निवासी व्यक्ति ने अपनी पत्नी के लापता होने की लिखित सूचना कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर महिला की तलाश शुरू की है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घुरहा निवासी अजय पाल पुत्र रामसहाय ने बताया 16 मई को उसकी पत्नी लक्ष्मी दवा लेने कस्बे में पुत्री को साथ लेकर आई थी। रास्ते में पुत्री उससे बिछड़ गई। पुत्री रोते रोते घर पहुंच गई, लेकिन उसकी पत्नी अब तक लौट कर नहीं आई है। पीड़ित पति ने बताया उसकी पत्नी मोबाइल पर गांव निवासी ज्ञानेंद्र से अक्सर बात किया करती थी। उसकी पुत्री ने बताया उसने बाजार में मां को ज्ञानेंद्र के साथ देखा था। उसने पत्नी को रिश्तेदारी और अन्य जगह पता किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पत्नी के लापता होने की लिखित सूचना कोतवाली पुलिस को दी है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर महिला की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई हैं। पुलिस महिला की तलाश कर रही है।

### सेल्समैन से मारपीट कर नकदी छीनने का आरोप

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** मल्लावां कोतवाली में वैष्णवी पैट्रोल पम्प इसरापुर के मैनेजर शुभम तिवारी निवासी विहानी बिल्हौर कानपुर नगर ने दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार दोपहर अशोक निवासी मुक्कूपुरवा कटरी परसोला व पिंकू पेट्रोल पम्प पर सौ रूपये का पेट्रोल उधार मांगा तो सेल्समेन खुर्शीद आलम निवासी गुरुसाइगंज कन्नौज ने मना कर दिया। इस बात को लेकर सेल्समेन के साथ अभद्रता कर मारपीट व गाली गलौज करने लगे उनके साथ गौरी व उनका पुत्र एवं अज्ञात लोगों ने आकर सेल्समेन को मारपीट कर पूरे दिन का नगद कैश 23740 रूपये छीनने का आरोप लगाया है। ऐसे में सीसीटीवी में मारपीट की घटना भी कैद हो गईं। कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया मोबाइल चार्जिंग को लेकर गालियां देने व मोबाइल तोड़ने और मारपीट हुई है।

# एसपी ने पिलाई अनुशासन और एकरूपता की घुट्टी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने पुलिस जवानों को फिट रहने के लिए उनकी दौड़ लगवाई। इससे पहले उन्होंने परेड की सलामी ली। उन्होने साफ-सफाई और रख-रखाव को परखा, साथ ही अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के लिए पुलिस जवानों से ड्रिल करवाया।

एसपी ने शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड की सलामी ली और पुलिस जवानों की दौड़ कराई। उन्होंने टोली वार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए परेड ड्रिल के बारे में जानकारी हासिल की। यूपी-112 पीआरवी गाड़ियों का निरीक्षण कर पीआरवी के मानक के तहत सभी ज़रूरी उपकरणों को अपने पास रखने व सुव्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश दिए। इस थानों पर भी शुक्रवार की परेड कराई गई।


पुलिस लाइन में परेड लेते एसपी केसी गोस्वामी। अमृत विचार

### एसपी ने फरियादियों की सुनीं समस्याएं

**हरदोई, अमृत विचार।** एसपी केशव चंद्र गोस्वामी ने शुक्रवार को पुलिस ऑफिस में जन-सुनवाई के दौरान वहां पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को सुना और कहा कि अपनी जो भी बात हो, उसे कहने में डरें नहीं और बे-झिझक हो कर कहे। इस बीच एसपी के सामने जो शिकायतें पहुंची उनके निपटारे के लिए उन्होंनें पुलिस अधिकारियों को ज़रूरी कार्यवाही के लिए निर्देश दिए और कहा कि फरियादी की बात पर तुरंत एक्शन लें, उनकी हर मुमकिन मदद करें।

# सत्य व करुणा के मार्ग पर चलने का दिया संदेश

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** त्रिरत्न बुद्ध विहार संतरहा शाहाबाद तिराहा पिहानी की बुद्ध अम्बेडकर स्मारक समिति पिहानी के तत्वाधान में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आमसभा एवं मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ बुद्ध वंदना से किया गया।

सभाध्यक्ष के रूप में भभूती का नाम नामित होने के उपरांत तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि प्रेमावती जिला पंचायत अध्यक्ष के आगमन के उपरांत पूज्य भदंत बीपी तिष्य के द्वारा तथागत गौतम बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सत्य और करुणा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। तत्पश्चात ऋषीनाथ वर्मा द्वारा बाबा साहेब एवं तथागत गौतम बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला गया। ऋषि प्रताप सिंह प्रबंधक यशोधरा बुद्ध विहार बगौछा द्वारा तथागत गौतम के त्रिशरण एवं पंचशील पर प्रकाश डाला गया। सर्वेश जनसेवा प्रबंधक जनसेवा इंटर कॉलेज पिहानी के द्वारा संविधान बचाओ के संबध में विस्तार से बताया गया। दीन दयाल वर्मा द्वारा बाबा साहब एवं तथागत बुद्ध के बारे में बताया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्रेमावती द्वारा भी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का संदेश दिया गया एवं गौतम बुद्ध की जीवनी पर प्रकाश डाला गया।

आमसभा का समापन होते ही मंच नाट्य मंडल दिसतापुर लखीमपुर खीरी द्वारा गौतम बुद्ध का जन्म नाटक का मंचन किया गया। मेले मे आस पास के जिलों एवं क्षेत्र की जनता ने भारी संख्या मे शिरकत की। सुबह तक भारी संख्या में मेले में लोग आते जाते रहे। सुबह मेला का समापन हो गया। मेले में सत्यवीर, कमल किशोर, नितिन कुमार, संतोष कुमार, कृष्णचंद्र, केके कोहली, नृपाल् सिंह, अभिजात अमन, अनामिका, आदि लोगों ने प्रतिभाग किया।



गौतम बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते वक्ता। अमृत विचार

# खबर का असर : नगर पालिका ने ठीक कराए खराब पड़े हैंडपंप

संवाददाता, संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** दैनिक अमृत विचार में छपी खबर को लेकर नगर पालिका की नींद खुल गई छपी खबर में भीषण गर्मी में नगर में खराब पड़े इंडिया हैंड पम्प की खबर को लेकर नगर पालिका परिषद संडीला की नींद खुल गई और आनन फानन में इंडिया हैंड मार्का हैंडपम्प को ठीक कराया गया। भीषण गर्मी में हैंड पंप खराब होने से राहगीरों एवं जानवरों को पानी पीने की समस्या उत्पन्न हो रही थी कई बार नगर पालिका को बताया गया परंतु नगर पालिका ने कभी ध्यान नहीं दिया, जब दैनिक अमृत विचार में खबर छपी तो नगर पालिका की नींद खुली।


हैंडपंप ठीक करते कर्मचारी।

# समय रहते चेत जाते तो शायद बच सकती थी दंपति की जान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** कार में बैठने वाले लोग सीट बेल्ट सुरक्षा के लिए बांधते हैं। यह सीट-बेल्ट जानलेवा भी हो सकती है। इसकी परिकल्पना भी नहीं की गई होगी। शुक्रवार को हरदोई जिले के सांडी थाना क्षेत्र में एक युवा दंपति की कार में ही जलकर महज इसलिए मृत्यु हो गई। क्योंकि दोनों ने सीट बेल्ट बांध रखी थी। दुर्घटना के बाद सीट- बेल्ट नहीं खुली।

सांडी थाना क्षेत्र के बघराई में गौशाला के ठीक सामने एक कार अचानक पेड़ से टकरा गई, जिससे दंपति की जिंदा जलकर मौत हो गई। सीएनजी कार होने से देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। कोतवाली शहर के रद्धेपुरवा निवासी आकाश पाल (25) ने एक कार लखनऊ से खरीदी थी। उसके पिता घर पर ही इलेक्ट्रिक की दुकान चलाते हैं। शुक्रवार को आकाश अपनी पत्नी कीमती सिंह (23) को परीक्षा दिलाने ले गया था। दोपहर को वापस लौटते समय दंपति हादसे का शिकार हो गए। रामकिशोर पाल के दो बेटों में आकाश बड़ा था, छोटा बेटा अंकित पाल पुलिस की तैयारी कर रहा है। आकाश की तीन साल पहले शादी हुई थी। शादी के बाद घरेलू जिम्मेदारियों के चलते वह अपने पिता की इलेक्ट्रिक की दुकान पर हाथ बंटाने लगा था। घर वालों के मुताबिक आकाश का कहना था कि वह कुछ नहीं बन सका, लेकिन पत्नी कीर्ति को जरूर कुछ बनाएगा। इसी वजह से वह उसे पढ़ाई करा रहा था। बताया जा रहा है कि जिस समय कार पेड़ से टकराई आकाश और उसकी पत्नी दोनों ने सीट बेल्ट बांध रखी थी, कार के टकराने से बेल्ट फंस गई, जिससे वह नहीं खुली, नतीजतन उन दोनों की उसी के अंदर तड़प-तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बेल्ट खोलने की उन्होंने पूरी कोशिश की, लेकिन कोई हल नहीं निकला।



बघराई में गौशाला के सामने जलती कार। अमृत विचार



आग पर काबू पाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

### बेटा घर पर था इसलिए बच गई उसकी जान

कीर्ति पाल का एक साल का बेटा है। शुक्रवार की सुबह वह परीक्षा देने जाने के लिए तैयार हुई तो उसने बेटे को घर पर ही छोड़ने की बात कही। ससुराल वालों ने भी उसकी हां में हां मिलाते हुए बच्चे को अपने पास रोक लिया और दोनों पति-पत्नी जल्द लौटने की बात कहते हुए कार से रवाना तो हुए, लेकिन किसी को नहीं पता था कि घर से बाहर निकले उन दोनों के कदम अब दोबारा घर की दहलीज पर वापस नहीं आएगे।

## एक नजर

### हरा शीशम का पेड़ काटकर उठा ले जाने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई।** क्षेत्र के ग्राम हैदरपुर में एक व्यक्ति ने अपने खेत में खड़े शीशम के हरे पेड़ को जबरदस्ती काटकर लकड़ी उठा ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस जांच कर रही है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हैदरपुर मजरा बिलालपुर निवासी वेदप्रकाश पुत्र मदन पाल राठौर ने बताया कि उसके खेत में हरा शीशम का पेड़ खड़ा था। 23 मई को विपक्षी ठेकेदार द्वारा शीशम को काट लिया गया है। आधी लकड़ी भी ठेकेदार उठा ले गया है। आधी अभी भी मौके पर पड़ी है। ठेकेदार उस लकड़ी को कभी भी उठा सकता है। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पीड़ित ने चोरी से शीशम का पेड़ काट लिए जाने का प्रार्थना पत्र दिया है। जांच की जा रही है।

### पति सहित सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**संडीला, हरदोई।** थाना बांगरमऊ जिला उन्नाव क्षेत्र के गांव कैथोली निवासी कंचनलता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसका विवाह शैलेंद्र कुमार निवासी बलदेव खेड़ा थाना संडीला के साथ हुआ था। पति शैलेन्द्र, ससुर श्रीपाल, सास महदेई, अर्चना, शैलेन्द्र की छोटी भाभी, प्रिया, धीरेन्द्र अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये मांग रहे थे। जब उसके पिता ने असमर्थता जताई तो 23 मई की सुबह मारा पीटा और धमकी दी। कोतवाल विजेंद्र सिंह में बताया कि पति सहित सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### भ्रष्टाचारी ग्राम सचिव के खिलाफ चल रही जांच

**हरदोई, अमृत विचार।** मनरेगा, केन्द्रीय और पंचम वित्त आयोग के 40 .22 लाख में खेल करने वाले ग्राम सचिव की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। क्योंकि प्रशासन ने उसके पिछले रिकार्ड को खंगालते हुए रिपोर्ट तैयार करनी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि उसकी खुफिया रिपोर्ट तैयार की जा रही है। उसके द्वारा की गईं अनियमितताओं के आंकड़े इकट्ठा किए जा रहे हैं। बताते चलें कि टड़ियावां ब्लाक की ग्राम पंचायत बहर, रामनगर, चांद बेहटा, आशा और नानकगंज ग्रंट में तैनात रहे सचिव ने वितीय वर्ष-2022-23 व 2023-24 में विकास कार्यों की धनराशि में जमकर मनमानी की।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण संपन्न

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** शुगर यूनिट लोनी तत्वावधान में प्रथम संस्था द्वारा ब्लॉक टोंडरपुर में 110 आंगनवाड़ी कार्यकत्री को स्कूल रेडीनेस का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शुगर यूनिट लोनी से सीएसआर मोहन सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा विकास, प्रशांत, ट्रेनर धर्मात्मा यादव, शर्मिला सिंह, त्रिपुरारी सुपरवाइजर सालेहा जबीं एवम सी डी ओ ऑफिस के समस्त स्टाफ उपस्थित थे। प्रशिक्षण का उद्देश्य यह है कि बच्चे स्कूल जाने से पहले पूरी तरीके से तैयार हो जाएं। जिसमें बच्चो का शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, सामाजिक, व भावनात्मक विकास, एवं गणित पूर्व तैयारी पर बातचीत किया गया। बताया गया कि आंगनवाड़ी कार्यकत्री जिन बच्चों का कक्षा एक में नामांकन होने वाला है, उनके साथ कार्य करेंगी।

# कड़ी सुरक्षा के बीच होगी मतगणना

## प्रशासन ने शुरू की तैयारियां, बवाल करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शांतिपूर्ण मतगणना के लिए पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। मतगणना स्थल के चप्पे-चप्पे पर पुलिस, पीएससी और अर्द्धसैनिक बल की तैनाती रहेगी। व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। एसपी केशवचन्द गोस्वामी और एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने मतगणना के लिए खाका तैयार कर लिया है।

मतगणना में एक कंपनी पीएसी, दो कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती की जाएगी। इसके अतिरिक्त मतगणना स्थल पर स्ट्रांग रूम व आसपास के क्षेत्र में ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी की जाएगी। किसी भी आकस्मिक घटना से निपटने के लिए क्यूआरटी और रिजर्व टीम का गठन किया जाएगा। सोशल मीडिया विभिन्न प्लेटफार्म पर गलत व भ्रामक सूचना प्रसारित करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई करेगी। बताया गया है कि चार जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना में एक विधानसभा क्षेत्र में एक राउंड में 14 बूथों पर पड़े मतों की गिनती होगी। 14-14 बूथों की एक-एक राउंड में होने वाली मतगणना के हिसाब से विधानसभा क्षेत्र सांडी और संडीला के परिणाम सबसे पहले आने चाहिए। लोकसभा क्षेत्र हरदोई में विधानसभा क्षेत्र के सांडी में सबसे कम बूथ हैं। ऐसे ही लोकसभा क्षेत्र मिश्रिख में विधानसभा क्षेत्र संडीला में सबसे कम बूथ हैं। लोकसभा चुनाव के लिए हुए मतदान की मतगणना की तैयारियों को प्रशासन ने और गति दी है। मंडी समिति में होने वाली मतगणना के लिए सभी व्यवस्थाओं को जुटाने के साथ ही सुरक्षा के भी पर्याप्त बंदोबस्त किए जा रहे हैं। चार जून को होने वाली मतगणना में लोकसभा क्षेत्र हरदोई के पांच विधानसभा क्षेत्र और लोकसभा क्षेत्र मिश्रिख के तीन विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना यहां मंडी समिति में बनाए गए मतगणना स्थल पर होगी। लोकसभा क्षेत्र हरदोई के पांच विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा क्षेत्र सांडी में सबसे कम 381 बूथ हैं। यहां पर 27 राउंड के बाद दो बूथ पर पड़े मतों की गिनती के बाद परिणाम आएगा। बूथों की गिनती और राउंड के हिसाब से विधानसभा क्षेत्र गोपामऊ के 393 बूथों के लिए 28 राउंड होंगे और इसके बाद सात बूथों की गिनती होगी। इसके बाद विधानसभा क्षेत्र शाहाबाद के 412 बूथों की गिनती 29 राउंड में पूरी हो जाएगी। विधानसभा क्षेत्र हरदोई के 432 बूथों की गिनती 31 राउंड और विधानसभा क्षेत्र सवायजपुर के 467 बूथों की गिनती के 33 राउंड होंगे।

### इस तरह होगी गिनती

लोकसभा क्षेत्र मिश्रिख के पांचों विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा क्षेत्र संडीला के 397 बूथों की गिनती 28 राउंड, मिश्रिख के 398 बूथों की गिनती 28 राउंड, बालामऊ के 406 बूथों की 29 राउंड, बिल्हौर के 433 बूथों की गिनती 31 राउंड और बिलग्राम-मल्लावां के 440 राउंड और चार बूथों की कंट्रोल यूनिट की गिनती के बाद परिणाम आएगा।



### जिलाधिकारी ने की मतगणना की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

**हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मतगणना की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एआरओ अपनी टीमों को प्रशिक्षित कर दें। 4 जून को मतगणना दिवस पर समय से पहुंचें। सभी लोग मतगणना दिवस को अपने साथ पहचान पत्र अवश्य रखें। परिसर में कलॉक रूम बनाया जाये। मतगणना हॉल में कोई भी इलेक्ट्रोनिक उपकरण निषेध होगा। परिसर में किसी भी वाहन का प्रवेश वर्जित होगा। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम के लिए ड्यूटी अभी से लगा दी जाएं। परिसर में मेडिकल कैम्प स्थापित किया जाये। मतगणना के दौरान विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाये रखा जाये। परिसर में साफ सफाई की सुचारु व्यवस्था बनाये रखी जाये। बैरीकेटिंग का कार्य जल्द पूर्ण कर लिया जाये। परिसर में अवश्यकतानुसार इंटरनेट व टेलीवीजन की व्यवस्था ससमय करा ली जाये। एआरओ मतगणना एजेंट बनाने के लिए आवेदन प्राप्त करना प्रारम्भ कर दें। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित किया जाये।

# नॉर्मल प्रसव कराने के नाम पर सीएचसी में हो रही वसूली

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** सीएचसी में प्रसूता महिला के परिजनों से डिलीवरी से पहले ही वसूली की बात कर ली जाती है। पैसे देने में आनाकानी करने वाले मरीज के तीमारदारों को नॉर्मल डिलीवरी न हो पाने की बात कह कर डराया जाता है। ऐसा ही एक मामला शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया के रहने वाले प्रसूता के परिजनों के साथ हुआ। डिलीवरी होने से पहले सीएससी की महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने पैसा तय किया। पैसा न होने की बात कहने पर नॉर्मल डिलीवरी न हो पाने की बात कहकर डराया गया। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया निवासी ई-रिक्शा चालक असलम अपनी प्रसूता पत्नी रहसूना को लेकर सीएससी पहुंचा और भर्ती करा दिया। यहां पर डिलीवरी से पहले मौके पर मौजूद तीन महिला स्वस्थ कर्मियों ने असलम की भाभी से 1500 रुपये चार्ज देने की बात कही। इस पर महिला ने प्रसूता के पति असलम को इसके बारे में बताया। असलम ने गरीबी का हवाला देकर पैसे दे पाने में असमर्थता जताई तो महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि नॉर्मल डिलीवरी नहीं हो पाएगी, ऑपरेशन करना पड़ेगा। बकौल असलम डर की वजह से उसने पैसों का इंतजाम करने की बात कही। दोपहर लगभग 2 बजे नॉर्मल डिलीवरी से उसकी बेटी पैदा हुई। असलम ने बताया उसकी पत्नी के ग्लूकोज की बोतल लगाई गईं जो अस्पताल से दी गई। 300 रुपये की दवा का अस्पताल के सामने से प्राइवेट खरीद कर लाया। शुक्रवार को डिस्चार्ज होने से पहले असलम ने महिला स्वास्थ्य कर्मियों से फिर अपनी गरीबी का हवाला देकर हाथ जोड़े तो महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने डिस्चार्ज होने से पहले 300 रुपये ले लिए और सुबह 9:30 बजे रहसुना को डिस्चार्ज कर दिया।



जानकारी देता प्रसूता का पति असलम।

### शाम को ही लग जाती हैं नर्सिंगहोम की गाड़ियां

सीएचसी के ठीक सामने प्राइवेट नर्सिंग होम के संचालकों की गाड़ियां पहुंच जाती हैं और प्राइवेट अस्पताल के कर्मचारी बराबर सीएचसी कर्मचारियों के संपर्क में रहते हैं। यहां से अधिकांश प्रसूता महिलाओं को नॉर्मल डिलीवरी न हो पाने की बात कह कर प्राइवेट नर्सिंग होम में भेज दिया जाता है। जहां पर नॉर्मल डिलीवरी होने के बावजूद प्रसूता महिलाओं को ऑपरेशन करके मनमाना शुल्क वसूला जाता है।

> ऐसा कोई भी मामला उनके संज्ञान में नहीं है। उन्होंने अस्पताल में जगह-जगह अपना नंबर चिपका रखा है। अगर किसी मरीज को किसी तरह की समस्या थी तो उसे मेरे मोबाइल नंबर पर बात करनी चाहिए थी। अगर शिकायत आती है तो जांच करेंगे और दोषियों को दंडित करेंगे।
>
> -डा. प्रवीण दीक्षित, सीएचसी अधीक्षक शाहाबाद

## पंपसेट चोरी में चार आरोपी गिरफ्तार

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** थाने के उनौती निवासी राधेश्याम के खेत में बोरिंग पर लगी पंपसेट मशीन को चुराने वाले उसी गांव के चार शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए पंपसेट मशीन के पुर्जे भी बरामद किए हैं। एसएचओ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि राधेश्याम ने खेत में बोरिंग पर लगी पम्प सेट मशीन चोरी के मामले में गांव के मजरा हेतमपुरवा निवासी टीटू, रजनीश, नीरज और मनोज पर रिपोर्ट लिखाई है। शुक्रवार को ग्राम परसनी मोड़ चारों आरोपितों को दबोच लिया। उनके पास पंपसेट चोरी का सामान भी बरामद कर लिया गया है।

## सार-संक्षेप

### मारपीट में महिला समेत चार के खिलाफ केस दर्ज

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के खेमपुर गांव में दबंगों ने घर में घुसकर दंपति से मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर एक महिला समेत चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके घायल दंपति को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। पाली थाना क्षेत्र के खेमपुर मजरा मुंडेर गांव निवासी माधुरी राठौर पत्नी अवधेश ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीती 16 मई की रात को छत्रपाल राठौर, उमेश राठौर, सुरजीत राठौर व रामवती उसके घर में घुस आए और उसके पति अवधेश व उसे गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारने पीटने लगे, मारपीट में दोनों को चोटें आईं। पाली थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने मंगलवार शाम को बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर सभी चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया, अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### घास माफिया के खिलाफ वन विभाग ने की कार्रवाई

**हरदोई, अमृत विचार।** कछौना क्षेत्र में सईं नदी के किनारे उगने वाली खास खास को बड़े पैमाने पर माफिया गर्मी के मौसम में यहां से ले जाकर कन्नौज शहर में बेजते हैं, वहां के कारखाने में इत्र तैयार होता है। महंगी दरों में बिक्री होती है। वन विभाग को सूत्रों से जानकारी मिली कुछ लोग गौसगंज क्षेत्र में संई नदी के किनारे से इस खास-घास को काटकर ले जा रहे हैं। वन क्षेत्राधिकारी कछौना रेंज विनय कुमार सिंह ने टीम के साथ दबिश डाली, यह लोग ट्रॉली भरकर ले जा रहे थे। बिना परमिट के काटना अपराध की श्रेणी में आता है। इन लोगों के खिलाफ वन विभाग अधिनियम के तहत कार्यवाई की गई है। यह खास-खास बारहमासी घास है। यह स्वत: उग आती है, अत्यंत शीतल होती है। इसका उपयोग विभिन्न बीमारियों के इलाज हेतु आयुर्वेदिक दवाएं बनाने में प्रयोग होता है। इसकी घास कूलर में प्रयोग होती है। इसमें तेल मिलाया जाता है। जिसकी कीमत हजारों रुपए प्रति लीटर है।

### घर में घुसकर बालिका से युवक ने की छेड़छाड़

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के एक मोहल्ले में युवक ने घर में घुसकर 11 वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ की, बच्ची के चिल्लाने पर जागे पिता ने युवक को पकड़ने की कोशिश की तो उसे मारा पीटा और भाग गया। बच्ची के पिता ने युवक के खिलाफ पाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पाली कस्बे के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने मंगलवार को थाने में तहरीर देकर बताया कि सोमवार की रात 1:30 बजे मोहल्ला निवासी अदनान उसके घर में घुस आया और उसकी 11 साल की बच्ची को गलत नीयत से पकड़ कर खींच लिया और छेड़छाड़ की। उसकी बच्ची चिल्लाई तो वह जाग गया, उसने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की तो, आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और धमकी देते हुए फरार हो गया। पाली थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि बच्ची के पिता की तहरीर के आधार पर आप ए अदनान के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है एवं आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## श्री विष्णु महायज्ञ की हुई शुरुआत

**हरदोई, अमृत विचार।** ब्लॉक बावन के हसनापुर गांव में शुक्रवार से आरंभ हुई विष्णु महायज्ञ के प्रथम दिवस पर भव्य कलश यात्रा आचार्य श्याम जी शुक्ला के नेतृत्व में निकाली गई। जिसमें काफी संख्या में महिलाओं ने शारदा नदी में कलश भरे, उसके बाद हवन पूजन किया गया। दो बजे से कथा आरम्भ हुई। कथा व्यास पंडित रमाकांत मिश्र द्वारा प्रवचन किया गया। व्यास जी द्वारा बताया गया कि भक्तों के द्वारा जब ईश्वर को पुकारा गया तब भगवान किसी न किसी रूप में इस संसार में धर्म की स्थापना तथा अपने भक्तों का कल्याण हेतु अवतरित होते हैं। बताया गया कि श्रीविष्णु महायज्ञ 30 में को पूर्णाहुति के साथ समापन होगा। 31 में को हवन व भंडारा होगा। इस अवसर पर यज्ञाचार्य श्यामजी शुक्ला, राकेश शुक्ला प्रधान, दिलीप पाल पूर्व प्रधान, सतेंद्र शुक्ला, देवेन्द्र मिश्र, रमेशचंद्र, रामप्रकाश दीक्षित, पुनीत सिंह, शिवकुमार मिश्र, अंकुर शुक्ला, अनुराग, रामजी, राजकुमार मिश्र, संतराम सिंह, विनीत शुक्ला, रामरहीस आदि मौजूद रहे।



ब्लॉक बावन के हसनापुर गांव में श्री विष्णु महायज्ञ से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

### रेलवे क्रॉसिंग पर खड़ी मालगाड़ी के नीचे से निकल रहे राहगीर

**टोडरपुर, हरदोई, अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेहटा गोकुल रेलवे स्टेशन क्रॉसिंग पर सिंगल न मिलने पर घंटों खड़ी मालगाड़ी जिस पर राहगीर व छोटे-छोटे स्कूली बच्चों को दे सकता है बड़ा हादसा। वहां से निकल रहे राहगीरों ने बताया कि यहां क्रॉसिंग पर आए दिन ट्रेन घंटों खड़ी रहती है यातायात बंद हो जाता है बहुत लंबा जाम लग जाता है यहां से निकल रहे राहगीरों की सबसे बड़ी समस्या है अगर ट्रेन को सिग्नल मिल ते ही ट्रेन चल दे तो राहगीर व छोटे-छोटे स्कूली बच्चे ट्रेन के नीचे फंसकर हो सकता है बड़ा हादसा भला जल्दबाजी के चक्कर में राहगीर जान जोखिम में डाल रहा है। जल्दबाजी इंसान की मौत का कारण बन सकती है रेलवे फाटक बंद होने पर भी जागीर वह स्कूली बच्चे जल्दबाजी कर रहे हैं।

प्रतियोगिता — हरदोई हेरिटेज कप लीग में खेला गया पहला सेमीफाइनल का मैच

# जयपुरिया इलेवन ने 36 रनों से दर्ज की जीत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को हरदोई हेरिटेज कप लीग का पहला सेमीफाइनल का मैच जयपुरिया स्कूल इलेवन अन्नपूर्णा क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। मैच में टॉस जयपुरिया इलेवन के कप्तान आकाश त्रिपाठी ने जीता।

पहले बल्लेबाजी करते हुए जयपुरिया स्कूल इलेवन की टीम ने 39.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 179 रनों का स्कोर खड़ा किया। जयपुरिया स्कूल इलेवन की तरफ से आकाश त्रिपाठी 39 रन, योगेश कुमार 29 रन, शिवम 26 रनो का योगदान किया। अन्नपूर्णा क्रिकेट अकादमी की तरफ से भोलेश्वर, अतुल द्विवेदी, कफील अहमद, सौरभ ने 2-2 विकेट व चन्दन मलिक ने 1 विकेट लिया तथा 1 खिलाडी रन आउट हुआ। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी अन्नपूर्णा क्रिकेट अकादमी की टीम ने 31.1 ओवर मे सभी विकेट खोकर 143 रन ही बना सकी। अन्नपूर्णा क्रिकेट अकादमी की तरफ से शुभम विश्कर्मा 33 रन, कृष्णा सिंह ने 19 रन, मोनू चौहान ने 15 रनों का योगदान किया। जयपुरिया स्कूल इलेवन की तरफ से आकाश अवस्थी 4 विकेट, राकेश राजवंशी, जयप्रकाश कश्यप ने 2-2 विकेट लिये व आकाश त्रिपाठी ने 1 विकेट लिया तथा 1 खिलाड़ी रन आउट हुआ। इस प्रकार इस मैच में जयपुरिया स्कूल हरदोई इलेवन ने 36 रनों से जीत दर्ज की व फाइनल में अपनी जगह पक्की की। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार लखनऊ के अंपायर ईमरान के द्वारा आकाश अवस्थी को मिला। इस लीग का दूसरा सेमी फाइनल का मैच कल ओसिस क्रिकेट अकादमी व चौधरी क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला जायेगा। मैच में अंपायरिंग शिवम मिश्रा व ईमरान ने की तथा स्कोरिंग सूरज तिवारी ने की।



बैटिंग करते खिलाड़ी। अमृत विचार

# एचडीसीए की छह विकेट से हुई शानदार जीत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को शहर के आरआर इंटर कॉलेज परिसर में एसडीसीए अंडर 16 व प्रो क्रिकेट एकेडेमी अंडर 16 के मध्य मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी प्रो क्रिकेट एकेडेमी ने एचडीसीए को 179 रन का लक्ष्य दिया। बल्लेबाजी में प्रो क्रिकेट अकादमी की तरफ से अथर्व ने 54 गेंद में 56 रन बनाए तथा सुशांत ने 41 बाल में 70 रन बनाए। गेंदबाज़ी में सार्थक व सुशांत शर्मा ने दो -दो विकेट लिए।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी एचडीसीए की टीम ने चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। जिसके बल्लेबाजों में संचित पांडे ने 30 गेंद में 64 रन तथा समीर ने 27 गेदों में 59 रन बनाये। मैन ऑफ़ द मैच सूर्यांशु को चुना गया। जिसने 2.2 ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट के साथ ही 20 रनों का योगदान भी दिया। गेंदबाजी में एचडीसीए की तरफ से के जैपनीत ने 4 ओवर में 43 रन देकर 3 विकेट तथा वैभव ने सात ओवर में 42 रन देखकर दो विकेट लिए। मुख्य अतिथि एचडीसीए के अध्यक्ष प्रभात कुमार वर्मा ने अच्छा खेलने वाले खिलाड़ियों में संचित व समीर के साथ ही सभी अन्य खिलाड़ियों की सराहना की तथा इसके साथ मौके पर अतुल मिश्रा प्रो क्रिकेट अकादमी के कोच अभिषेक प्रताप सिंह उपस्थित रहे।



श्रीराम कथा में सजी श्री सीताराम की झांकी। अमृत विचार

### राम-सीता विवाह का सुनाया गया प्रसंग

**हरदोई, अमृत विचार।** लालपालपुर के लालेश्वर धाम मंदिर में चल रही रामकथा के पांचवें दिन अयोध्या धाम से आए कथाव्यास प्रेममूर्ति रामानुजाचार्य ने श्रीराम लीला का अमृतपान कराते हुए रामजी की बाललीलाओं और राम की गुरु सेवा एवं माता-पिता की सेवा की बात बताई। कथा व्यास ने कहा कि ऋषि विश्वामित्र ने राम, लक्ष्मण दिव्यास्त्रों के अनुसंधान की दीक्षा दी। इसके पश्चात राम लक्ष्मण को लेकर मिथिला में धनुष यज्ञ के आयोजन में शामिल हुए। धनुष यज्ञ का सुंदर वर्णन सुनकर श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। श्रीराम बारात एवं श्रीराम और उनके भाई लक्ष्मण, भरत और शत्रुघन के विवाह का संगीतमयी विवरण सुनाया। इस बीच श्री सीताराम की झांकी निकाली गई।

एक नजर

### महिला ने जान माल की सुरक्षा की लगाई गुहार

**हरगांव।** हरगांव थाना क्षेत्र के सरांवा ग्राम पंचायत के मजरा पंडित पुरवा निवासी मुस्लिम महिला शरीफा गाजी ने मुख्यमंत्री एवं पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उसे हिन्दू धर्म के देवी देवताओं के प्रति बचपन से आस्था है जिससे अपनी पैतृक जमीन मेवारामनगर झरेखापुर मार्ग पर स्थित (1848.75 वर्ग फिट) हनुमान जी के मंदिर निर्माण हेतु स्वेच्छा से हिंदू शेर सेना (हिंदू एकता समाज सेवा ट्रस्ट) को दान करना चाहती हूं। जिससे नाराज हमारे परिवार के लोग सगे भाई व रिश्तेदार मेरी हत्या कर देना चाहते हैं और मुझे काफिर बताकर मेरे पैतृक घर से निकाल दिया गया है। पीड़िता का लगातार मानसिक शोषण किया जा रहा है। पीड़िता ने अपनी जान माल की सुरक्षा तथा मंदिर निर्माण कराये जाने की गुहार लगाई है।

### सड़क हादसे में दो बाइक सवार घायल

**सीतापुर।** लहरपुर-हरगांव मार्ग शुक्रवार को लहरपुर-हरगांव मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रमुवापुर मोड़ के निकट विमल पुत्र विद्या प्रसाद 18 वर्ष व रबी पुत्र नरेश 17 वर्ष निवासी ग्राम गजनीपुर थाना सकरन बिना हेलमेट लगाए ग्राम ओदहरा किसी काम से जा रहे थे। सामने से आ रही एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने अचानक ब्रेक लगाया। सड़क दुर्घटना में विमल को गम्भीर चोट आई है। स्थानीय लोगों ने सूचना एम्बुलेंस को दी मौके पर पहुँची एम्बुलेंस ने घायलों को लादकर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर दोनों का इलाज जारी है। वहीं दूसरा मोटरसाइकिल सवार मौके से फरार हो गया।

# रोडवेज बस में रिसाव से लगी आग, हड़कंप

## लखनऊ से 25 यात्रियों को लेकर गोला जा रही थी परिवहन विभाग की अनुबंधित बस

संवाददाता, हरगांव/सीतापुर


सड़क किनारे भीषण आग से धूं-धूं कर जलती परिवहन निगम की बस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हरगांव थाना इलाके में गुरुवार की देर रात रोडवेज की अनुबंधित बस में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। बस में सवार यात्रियों ने खिड़कियों के शीशे तोड़कर और निकास द्वार से कूदकर अपनी जान बचाई। बस में आग लगने की वजह डीजल की पाइप लाइन में लीकेज होना बताया जा रहा है। सूचना पर देरी से पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में कूदने के दौरान कुछ यात्री चोटिल भी हुए।

जानकारी के अनुसार यूपी परिवहन निगम की रोडवेज की अनुम्बन्धित बस संख्या यूपी 31 एटी 5868 लखनऊ डिपो से गोला लखीमपुर खीरी जा रही थी। परिचालक ने बताया कि इस बस में 25 यात्री सवार थे। बताया जाता है कि बस हरगांव कस्बे में पहुंचते ही अचानक डीजल की पाइप लाइन में लीकेज होने से अचानक बस रुक गई और धुआं उठने लगा। बस में धुंआ उठता देख यात्रियों में चीख पुकार मच गई और यात्री खिड़कियों की शीशे तोड़कर कुछ यात्री निकास द्वार से आनन फानन में बाहर कूद गये। इस दौरान कुछ यात्री मामूली रूप से चोटिल भी हुए। देखते ही देखते आग ने बस को पूरी तरह चपेट में ले लिया और धूं धूं कर बस जलने लगी। चैराहे पर गुजरने वाले वाहन बस में लगी आग को देखकर कुछ देर तक रुक गया। परिचालक ने आग लगने की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर करीब 1 घण्टे देरी से पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान बस में रखे यात्रियो का लाखो रुपयों की कीमत का सामान जलकर खाक हो गया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया डीजल की पाइप लीकेज होने से बस मे आग लगी थी। घटना मे कोई भी यात्री हताहत नही हुआ है।

हादसा

- यात्रियों ने खिड़कियों से कूदकर बचाई जान
- डीजल पाइप लाइन में लीकेज से लगी आग

### बड़ा हादसा होने से बचा

गुरुवार की देर रात बस में लगी अचानक आग के बाद अगर यात्रियों ने स्वयं की जान खिड़कियों के शीशे तोड़ते हुए कूदकर नहीं बचाई होती तो शायद यह प्रदेश का सबसे बड़ा हादसा हो सकता था। इसके साथ ही डीजल पाइप लाइन में लीकेज के बाद बस में लगी आग विकराल हो गई थी। जानकारों का कहना है कि अगर डीजल टैंक में आग से धमाका हो जाता तो आस-पास ज्यादा क्षति हो सकती थी।

### बस में नहीं थे फायर उपकरण !

स्थानीय लोगों ने बताया कि बस की डीजल पाइप लाइन में लीकेज के बाद उठे धुएं को काबू करने के लिए बस चालक और परिचालक ने कोई कदम नहीं उठाये। बताया जाता है कि बस में कोई फायर इंस्ट्रुंनेट न होने के चलते आग ने विकराल रूप ले लिया। यात्रियों का कहना था कि अगर बस में फायर सिलेंडर सहित अन्य बुझाने के उपकरण होते हो शायद यात्रियों के सामान सहित बस की आग को कम रहते काबू पाया जा सकता था। बस के अंदर जल रहे सामान को यात्री कुछ दूरी पर खड़े होकर देखते रहे।



विकराल आग से जलकर खत्म हुयी सड़क किनारे खड़ी बस व बचे अवशेष।

# ...मैं मरने जा रही हूं तुम दूसरी शादी कर लेना

महमूदाबाद, सीतापुर

- घर से सामान लेने निकली युवती हुई लापता, सुसाइड नोट मिलने से मचा हड़कंप


लापता खुशनुमा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** घरेलू सामान लेने के लिए घर से निकली विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी देर तक वापस न लौटने पर घरवालों ने तलाश शुरू की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। ऐसे में कमरे की तलाशी लेने पर एक सुसाइड नोट मिला। जिसे देखकर घरवालों की सांसे रूक गईं। जिसमें लिखा था "तुम मुझे मोटी कहते हो, इसलिए मैं मरने जा रही हूं, तुम दूसरी शादी कर लेना...." ऐसे में ससुर निजामुद्दीन ने कोतवाली में तहरीर देकर विवाहिता की तलाश किये जाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महमूदाबाद के बाबूपुर निवासिनी खुशनुमा (25) पत्नी मोईनुद्दीन गुरुवार की शाम छह बजे घरेलू सामान लेने दुकान को गई थी, जिसके बाद वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन खुशनुमा का कोई पता नहीं चला। खुशनुमा के कमरे की तलाशी लेने पर एक सुसाइड नोट पड़ा मिला। साथ ही कमरे में रखे जेवर और मोबाइल गायब मिला। सुसाइड नोट में लिखा है कि "हमारी वजह से सबको तकलीफ होती थी क्योंकि हम पर झूठा इल्जाम लगाया जाता था। अगर भरोसा नहीं था तो बाहर क्यों गए थे ? हम ऐसी जगह मरेंगे कि लाश तक नहीं पाओगे और मोईनुद्दीन तुम दूसरी शादी कर लेना। क्योंकि आप लोग ताना मारते थे कि मैं मोटी हूं। मैं झूठे इल्जाम सुनते-सुनते परेशान हो गई थी और मेरे बर्दाश्त के बाहर हो गया था। आप रोज-रोज तलाक करते थे आप लोगों के शक ने मेरी जान ले ली। रेलवे के नीचे या नदी में अपनी जान दे दूंगी।" इस सुसाइड नोट के बाद मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि लापता विवाहिता के मोबाइल नंबर का सीडीआर मंगवाया गया है। विवाहिता की तलाश की जा रही है।

# ऑन कैमरा बयान व चोट देखकर भी नहीं चेती पुलिस !

- पिटाई के बाद पीड़ित युवक का सरकारी स्कूल में लटकता मिला था शव
- डंडे से पीटने का आरोप, शरीर पर थे चोट के निशान

**महोली, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में दो दिन पूर्व घटित हुए एक प्रकरण ने पुलिसिया कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। मृतक का लटकता हुआ शव मिलने से पूर्व उसने ऑन कैमरा बयान देते हुए गांव के एक व्यक्ति पर डंडे से निर्ममता से पिटाई करने आरोप लगाया था। लेकिन बीट के दारोगा ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। पीड़ित के शरीर पर चोटों के निशान उसके साथ हुई ज्यादती की कहानी बयां कर रहे थे। परिजनों की तहरीर और प्रकरण के 72 घंटे बीतने के बावजूद भी पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है। मामला कोतवाली क्षेत्र के संसड़ा गांव से जुड़ा है।

गांव के इश्तियाक अली पुत्र अमजद ने बताया कि मंगलवार की शाम करीब 7 बजे उनका बेटा दिलशाद (23) घर के दरवाजे पर बैठा था। तभी गांव के निजाम पुत्र शमशेर उर्फ शेरू, मुसाफिर उर्फ मेड़ई उसे अपने साथ बुलाकर ले गए और शराब पिलाया। दिलशाद के नशे में होने के बाद उसकी जेब में रखे उसकी जेब में रखे रुपये और मोबाइल निकाल किया। विरोध करने पर विपक्षियों ने दिलशाद को लात-घूसों और डंडे से जमकर पीटा। उसके बाद गांव के किनारे सड़क पर डाल दिया। इसी दौरान राह चलते किसी व्यक्ति ने उसका वीडियो बनाया। उसके शरीर पर चोटें उसके साथ हुई ज्यादती को बयां कर रही थीं। वीडियो में दिलशाद यह बयान देते हुए दिख रहा है कि निजाम ने उसे डंडे से पीटा है। देर रात उसका शव गांव के प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री वॉल के अंदर लगे शहतूत के पेड़ में उसी की बनियान से लटकता हुआ मिला। परिजनों को आशंका है कि इन्हीं लोगों ने उसकी हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया है। तहरीर देने के 72 घंटे बाद भी पुलिस ने मामले में कोई केस दर्ज नहीं किया है।


मृतक की फाइल फोटो। अमृत विचार

> मामले के संबंध में शिकायती पत्र प्राप्त हुआ था। मामले में कई बिन्दुओं पर जांच कराई जा रही है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
>
> -उमाकांत शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक, महोली

### हत्या या आत्महत्या उलझी पुलिस

पिटाई के बाद विपक्षियों ने दिलशाद की हत्या कर उसके शव को लटकाया है अथवा पिटाई से क्षुब्ध और पुलिसिया कार्रवाई न होने से आहत दिलशाद ने खुद ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, यह कहना मुश्किल है। पोस्टमार्टम के बाद भी पुलिस अभी कुछ भी तय नहीं कर पा रही है। परिजनों का तर्क यह भी है कि डंडे की पिटाई से दिलशाद के संभवत: हाथ पैर टूट गए थे। अगर ऐसा है तो दिलशाद खुद बाउंड्री वॉल के अंदर जाकर पेड़ पर चढ़कर फांसी कैसे लगाएगा। घटना की सत्यता चाहे जो भी हो, लेकिन इस गंभीर प्रकरण पर पुलिस की सुस्ती उसकी सक्रियता और तत्परता पर सवाल उठा रही है।

# एथेनॉल लेने पहुंचे चालक की टैंकर से गिरकर मौत

**सीतापुर, अमृत विचार।** रामपुरकलां थाना इलाके में अल्कोहल फैक्ट्री में एथेनॉल टैंकर पर चढ़े एक टैंकर चालक की गिरकर मौत हो गई। फैक्ट्री के कर्मचारी एम्बुलेंस की मदद से आनन फानन में चालक को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जौनपुर जिले के निवासी बजरंगी (50) पुत्र चन्द्रबहादुर पेशे से टैंकर चालक है। बताया जाता है कि वह बनारस के एक टांसपोर्ट कंपनी के जरिये एथेनॉल केमिकल को टैंकर में भरने के लिए रामपुरकलां इलाके में स्थित रेडिको खेतान अल्कोहल फैक्ट्री में आया हुआ था। शुक्रवार की दोपहर जब टैंकर चालक टैंकर को फैक्ट्री के अंदर खड़ा करके केमिकल भरवा रहे थे। इस दौरान टैंकर की रैंप पर खड़ा चालक बजरंगी संदिग्ध परिस्थतियों में अचानक नीचे आ गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फैक्ट्री कर्मचारी आनन-फानन में परिजनों और पुलिस को सूचना देकर चालक को सिधौली सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे लखनऊ स्थित केजीएमयू रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक रामपुरकलां नवनीत दीक्षित ने बताया कि चालक के टैंकर से गिरकर मौत होने की सूचना मिली है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है अगर परिवार कोई तहरीर देता है तो आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। रेडिको कंपनी के अधिकारी विशाल शर्मा ने बताया कि टैंकर चालक की छत से गिरने से सिर में चोट आने से हादसा हुआ है।

सार-संक्षेप

### बैंक के सामने गड्ढों से लोग परेशान


गोंडा देवरिया मार्ग पर गडढे में भरा पानी। अमृत विचार

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार।** रामपुर मथुरा गोंडा देवरिया मार्ग पर रामपुर मथुरा से मात्र पांच सौ की दूरी पर इंडियन बैंक के सामने बड़े-बड़े गडढे हो गए हैं। जिसमें लगातार पानी भरा रहता है। आने-जाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गाड़ी निकलने पर लोगों के ऊपर गंदा पानी व कीचड़ लोगों के ऊपर पड़ जाने से कपड़े खराब हो जाते हैं। साथ ही गडढे दुर्घटना का कारण भी बन रहे हैं। आए दिन बाइक या ई-रिक्शा पलटते रहते हैं, फिर भी किसी अधिकारी का ध्यान इस तरफ नहीं जा रहा है। बैंक में मोटसाइकिलों से सैकड़ों की संख्या में लोग व महिलाएं आती हैं, ऐसे में उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जेई घनश्याम यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जानकारी मिली है, दो-तीन दिन में सही करवा दिया जाएगा।

### सभी बहनों को अवश्य करना चाहिए प्रशिक्षण वर्ग


प्रशिक्षण वर्ग के लिए रवाना होतीं बहनें। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** शुक्रवार को दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में दुर्गा रूपी बहनों ने अपना हर्ष प्रदर्शित किया। सभी हिन्दू विचारधारा के लोगों को सभी बहनों को प्रशिक्षण वर्ग अवश्य करना चाहिए। वर्ग में सभी को अपने धर्म देश संस्कृति धर्म रक्षा, आत्मरक्षा विभिन्न विषयों की जानकारी दी जाती हैं। वर्ग मे शिवानी, शीतल, चार्ली, शगुन, वर्षा, राधा आदि बहनें वर्ग के लिए रवाना हुईं। वर्ग के लिए बहनों को भेजने के लिए जिला उपाध्यक्ष ने आरती तिलक किया। जिला संगठन मंत्री कमलेश सिंह, जिला अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, प्रांत सयोजक बजरंग दल उत्तम सिंह, जिला मंत्री त्रिपुरेश, जिला सहमंत्री आशीष कुमार मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद सिंह आदि विभिन्न लोग उपस्थित रहे।

### समर कैंप में बच्चों ने सीखीं नई कलाएं, हस्तशिल्प को जाना

**सीतापुर।** शहर के विद्यालय दिल्ली पब्लिक स्कूल में गर्मी की छुट्टियों में 15 मई से 22 मई तक साप्ताहिक समर कैंप 'लेजर एण्ड लर्न सीजन 2' का आयोजन किया गया। इसमें नर्सरी से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न प्रकार के कौशलों को सीखने में हिस्सा लिया। जिसमें बच्चों के बौद्धिक, शारीरिक विकास व रचनात्मक कौशल द्वारा उनके व्यक्तित्व को उभरने का प्रयास किया गया। इस कैंम्प में योगा, मेडिटेशन, ताइक्वांडो, स्वीमिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्टोरी टेलिंग, टेबल मैनर, पाटरी, नृत्य, जुंबा, एरोबिक्स, लोक-नृत्य, कम्युनिकेशन स्किल, स्केटिंग लॉन टेनिस, व कुकिंग विदाउट फायर आदि को सीखने का अवसर मिला। समर कैंप के समापन अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय की पी.वी.सी. तनु मेहरोत्रा प्रधानाचार्य आरके सिंह हेड मिस्ट्रेस फराह इमाम (सीनियरविंग) हेड मिस्ट्रेस सविता सिंह (जूनियर विंग) ने वितरित किए।


समर कैंप में बच्चों को नृत्य सिखातीं टीचर।

### भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद किया ग्रहण

**लहरपुर।** नगर के प्रसिद्ध संतोषी माता मंदिर ठठेरी टोला में शुक्रवार को जेष्ठ माह के प्रथम दिवस पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के संतोषी माता मंदिर में शुक्रवार को संतोषी माता की विशेष पूजा अर्चना व आरती की गई जिसमें भारी संख्या में महिलाओं व श्रद्धालुओं ने संतोषी माता की आरती में श्रद्धापूर्वक भाग लिया। इस पावन अवसर पर संतोषी माता व मंदिर का भव्य श्रृंगार किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से रघुवंश अवस्थी, दिनेश पटेल, उमेश मल्होत्रा, श्याम सुंदर, यश टंडन, मयंक टंडन, बलराम, प्रदीप जैन, प्रमोद टंडन, बब्बन टंडन सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं व बच्चों ने भाग लिया।

## कथा सुनने से व्यथा होती है दूरः शास्त्री

**पहला, सीतापुर।** रामपुर कलां के टेड़वा ग्राम में स्थित श्री सिद्ध पीठ मन्दिर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का समापन हो गया। कथा में चार वेद, पुराण, गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या, प्रभुपाद, शास्त्री पंडित अवधेश मिश्र के मुखारविंद से उपस्थित भक्तों ने श्रवण किया। उन्होंने श्रृद्धालुओं को भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन सुनाया। प्रवचन के बाद उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इसी बीच नैमिषारण्य से पधारे स्वामी उपेन्द्रानाथ महराज ने श्रद्धालुओं को अपने आशीष वचनों द्वारा आशीर्वाद दिया। कथा का आयोजन श्री सिद्ध पीठ टेड़वा के संचालक डीपी शुक्ला, डॉ. अपूर्व शुक्ला, सन्तोष कुमार शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में भारतीय श्रमजीवी पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिकांत शुक्ला भी मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में सात माह के बच्चे की मौत

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर

- घर के कुछ दूर चबूतरे पर पड़ा मिला बच्चा
- मां ने देवरानी पर बच्चे की हत्या करने का लगाया आरोप

> प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की गंभीरतापूर्वक जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।
>
> -जितेंद्र बहादुर सिंह, कस्बा चौकी इंचार्ज


मृतक बच्चे का फाइल फोटो।


मृतक बच्चे की मां। अमृत विचार

**अमृत विचार।** घर की छत पर अपनी मां के साथ सो रहा सात माह का मासूम बाहर चबूतरे पर संदिग्ध हालत में मृत पड़ा मिला। मृतक बच्चे की मां ने अपनी देवरानी पर हत्या करने का आरोप लगाया। वहीं बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया गया और मां को घर से बाहर निकलने नहीं दिया गया। दो दिन बच्चे की मां घर से बैंक जाने का बहाना करके निकली और तहरीर के माध्यम से पुलिस को पूरी बात बताई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के कटरा वार्ड निवासिनी कैसर जहां पत्नी सलीम ने पुलिस को दिए ऑनलाइन व ऑफलाइन शिकायती पत्र के माध्यम से जानकारी दी है कि उसका पति लगभग पांच महीने से सऊदी अरब में काम कर रहा है। पीड़िता का आरोप है कि बीते 21 मई की रात को घर की बिजली चली जाने के कारण वह अपने सात माह के छोटे बच्चे को लेकर छत पर सो गई थी। आरोप है कि उसकी देवरानी जिसका नाम भी कैसरजहां है, वह भी कुछ दूरी पर ही लेटी थी। आंख लगने के बाद अचानक से पीड़िता ने अपने बच्चे को पास में न देखकर रोने, चिल्लाने व ढूंढने लगी। पूरा घर छानने के बाद भी उसका बच्चा नहीं मिला। इसी बीच बाहर रास्ते से मोहल्ले के चैकीदार ने आवाज देते हुए चिल्लाया कि यहां पर किसका बच्चा सो रहा है? पीड़िता चौकीदार की आवाज सुनते ही घर के बाहर भागी तो देखा कि उसका बच्चा मोबीन बेकरी वाले के घर के बाहर चबूतरे पर पड़ा है। पीड़िता का कहना है कि उस वक्त बच्चे में जान ही नहीं थी। साथ ही उसकी जीभ भी बाहर की ओर निकली हुई थी। उसने बताया कि घटना के तुरंत बाद ही देवरानी अपने मायके चली गई। दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने यह आरोप लगाया है कि उसकी अपनी देवरानी से लगभग दो महीने पहले झगड़ा हुआ था। इस बात को लेकर ही देवरानी ने सात माह के दुधमुंहे बच्चे को मारकर घर के बाहर डाल दिया।

पीड़िता के अनुसार उसके बच्चे की मिट्टी भी जबरन घरवालों ने करवा दी। मां के बार-बार चाहने पर भी न तो परिजनों ने उसे कहीं शिकायत करने दी और न ही घर से निकलने दिया। ऐसे में घटना के 2 दिन बाद बैंक में पैसे निकलवाने के बहाने से पीड़िता घर से निकली और उसने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर उचित न्याय की मांग की है।

गड़बड़झाला | विकासखण्ड हरगांव में सरकारी धन का हो रहा दुरुपयोग

# मनरेगा योजना में लगाई जा रही फर्जी हाजिरी

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखण्ड हरगांव की एक ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक व सचिव एवं तकनीकी सहायक के गठजोड़ से मनरेगा योजना में जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।

विकासखंड हरगांव की ग्राम पंचायत भदेवां में केंद्र सरकार की मनरेगा योजना को ग्राम प्रधान व मनरेगा विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में 24 मई को 08 मस्टर रोल दो कार्यों भदेवां से जैतापुर सम्पर्ग मार्ग पटाई कार्य पर लगभग 36 श्रमिकों की हाजरी लगा कर कार्य होता ऑनलाइन दिखाया जा रहा है। वही दूसरा जरथुवा बॉर्डर से भदेवां पेंटेड रोड तक नहर के किनारे सर्व ऋतु सम्पर्क मार्ग पर ऑनलाइन 40 श्रमिकों को कार्य होता दिखाया जा रहा है। जबकि मौके पर कहीं कोई भी कार्य मौके पर होता नहीं दिखाई दिया और न ही मौके पर कोई मजदूर कार्य करते मिले। जैतापुर गांव निवासी एक युवक ने बताया कि यहां पर कोई भी कार्य नहीं हुआ है। किसी भी श्रमिक को हम लोगों ने कोई कार्य करते नहीं देखा। जरथुवा बॉर्डर से भदेवां पेंटेड रोड तक नहर के किनारे सर्व ऋतु सम्पर्क मार्ग पर श्रमिकों को कार्य होता दिखाया जा रहा है जबकि उक्त मार्ग बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील है। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ऐसा मामला कोई पहली बार नहीं हुआ है पूर्व में भी भदेवां ग्राम पंचायत में फर्जी कार्य किया जाता रहा है, लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान ही नहीं देते हैं। एपीओ हरिमोहन पांडेय ने बताया कि मौके की जांच कराकर कार्यवाई की जायेगी।


सर्व ऋतु सम्पर्क मार्ग पर हुये गड्ढे। अमृत विचार

# एचटी तारों की चपेट में आने से दो गोवंशों की मौत

दो युवक भी झुलसे



**सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र लहरपुर के ग्राम अनिया कलां मजरा पूसूपुरवा में शुक्रवार को टूटी पड़ी विद्युत लाइन की चपेट में आने से दो गोवंशों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दो युवक भी झुलस गये।

विकासखंड के ग्राम अनिया कलां मजरा पूसूपुरवा में शुक्रवार को दो युवक अमरेंद्र सिंह पुत्र शिवपाल सिंह 22 वर्ष, सुदीप कुमार पुत्र करण सिंह 17 वर्ष गाय चराने जा रहे थे। रास्ते में नहर पुलिया के पास 11 हजार विद्युत लाइन के टूटे हुए तार से एक गाय व एक बछड़ा चपेट मे आ गया। जिससे दोनों गोवंशों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं गोवंशों को बचाने में दोनों युवक भी झुलस गए। दुर्घटना के सूचना पाकर भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और विद्युत आपूर्ति को पावर हाउस फोन करके बंद कराया। प्रधान प्रतिनिधि विष्णु ने बताया कि घटना की सूचना पशुपालन विभाग व विद्युत विभाग को दे दी गई है। इस संबंध में अवर अभियंता ग्रामीण विद्युत विभाग अभिनव शुक्ला ने बताया कि, सूचना मिली है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

बुद्धो कलूषभूतायां विनाशे प्रत्युपस्थिते।
अनयो नयसङ्काशो हृदयात्रावसर्पति॥

विनाशकाल के समय बुद्धि विपरीत हो जाती है। ऐसे व्यक्ति के मन में न्याय के स्थान पर अन्याय घर कर लेता है। वह अन्याय के आसरे ही सब निर्णय लेता है।

## संपादकीय

# यात्रा संचालन के लिए

उत्तराखंड में चल रही चार धाम यात्रा के लिए इस बार रिकार्ड संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यात्रा के लिए 22 मई तक 31 लाख पंजीकरण हुए। परंतु भीड़ प्रबंधन को लेकर जो तैयारी होनी चाहिए थी, वह समुचित रूप से नहीं की गई। श्रद्धालुओं के सैलाब से प्रशासनिक व्यवस्थाएं चरमराई हैं। यह चिंताजनक और डराने वाली हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां आए तीर्थयात्रियों में से 52 श्रद्धालुओं की विभिन्न कारणों से मृत्यु हो चुकी है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री, सचिव और गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि चार धाम यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक गंगोत्री में तीन, यमुनोत्री में 12, बदरीनाथ में 14 और केदारनाथ में 23 श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई है। उनकी मृत्यु का कारण हृदयाघात बताया गया है। केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने यात्रा की जानकारी लेने के लिए उत्तराखंड की मुख्य सचिव समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। भीड़ नियंत्रण को लेकर अब उत्तराखंड सरकार केंद्रीय सुरक्षा बलों की मदद लेगी। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निगरानी समिति का गठन कर अधिकारियों को यात्रा मार्गों में तैनात रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंदिरों में श्रद्धालुओं को दर्शन का समान समय मिले तथा रजिस्ट्रेशन एवं दर्शन में वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता देने के साथ ही ऋषिकेश, हरिद्वार एवं अन्य ठहराव वाले स्थानों से केदारनाथ, बद्रीनाथ जा रहे वाहनों को अलग-अलग समय में छोड़ा जाए। यानि श्रद्धालुओं की मौत के बात अब शासन-प्रशासन जागा है।

केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने मिलकर काम करने का निर्णय लिया है। चार धाम यात्रा के दौरान स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ते हैं लेकिन यहां आने वाले श्रद्धालुओं को अव्यवस्थाओं की वजह से परेशानियां झेलने को मजबूर होना पड़े तो उसमें प्रशासन की नाकामी ही झलकती है। राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाले तीर्थाटन को सुनियोजित ढंग से संचालित कराने की जिम्मेदारी के प्रति संवेदनशीलता से काम लिया जाना चाहिए। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित किया जाना चाहिए। क्षमता से अधिक लोग वहां पहुंच रहे हैं, तो इस समस्या पर ध्यान देना चाहिए। यात्रा मार्गों को समय पर दुरुस्त नहीं करना भी प्रशासन की बड़ी नाकामी है। मानसून के दौरान भी चार धाम यात्रा का संचालन सुचारू रूप से हो इसके लिए समय रहते पूरी तैयारी की जानी चाहिए। लोग निजी वाहन लेकर इन तीर्थ स्थलों पर पहुंच रहे हैं। इस कारण वाहनों की लंबी कतारें परेशानी का कारण बन रही हैं। यात्रियों व वाहनों की संख्या का संतुलन बनाए रखने के लिए सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाया जाना चाहिए।

# अवकाश में उल्लास का पर्याय हों समर कैंप



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

विद्यालय स्तर पर समर कैंप अवकाश के दिनों में कुछ निर्धारित अवधि के लिए तैयार किए गए कार्यक्रम होते हैं। निश्चित ही इस दौरान जो क्रियाकलाप आयोजित किए जाते हैं, उनके मूल में बच्चों के समग्र विकास की संकल्पना होती है।

सुनियोजित नियोजन इस कड़ी का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पहलू है। इसमें स्थान का चुनाव (विद्यालय में किस स्थान पर कौन सी गतिविधि या क्रियाकलाप कराना है), मूलभूत बुनियादी सुविधाएं, आवश्यक संसाधन–सामग्री, संदर्भ व्यक्ति, समय–सारिणी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं का समुचित निर्धारण आवश्यक होता है। यहां यह भी ध्यातव्य है कि नियोजन में बच्चों तथा उनके अभिभावकों की राय को भी प्रमुखता से स्थान दिया जाए। बच्चे इस अवधि में 'हॉलिडे मोड' पर होते हैं। इसलिए सामान्य दिनों के औपचारिक विद्यालयीय अनुशासन के बजाय यहां लचीला रुख अपनाते हुए बच्चों को रचनात्मक स्वतंत्रता देनी होगी। समय–सारिणी के अनुरूप क्रियाकलापों का निर्धारण इस प्रकार से करना होगा कि बच्चों को प्रतिक्षण नवीनता का अनुभव हो तथा वे उनमें रम जाएं।

अक्सर शाम को घर के सामने पार्क में चला जाता हूं। पक्षियों का कलरव, बच्चों की चहल-पहल, तन-मन को सुकून देते फूल-पौधे जैसे कई कारणों के साथ स्वास्थ्य लाभ भी है। यहां बिताया एक घंटा दिनचर्या को संतुलित व सुव्यवस्थित बना देता है। इस दौरान यहां आने वाले विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों से कुछ देर का वार्तालाप भी एक विशेष पल होता है। यह विभिन्न बोर्ड में पढ़ने वाले बच्चे हैं, जो स्कूली शिक्षा के तमाम पहलुओं पर मुझसे बेझिझक अपने विचारों का आदान-प्रदान करते रहते हैं। उस दिन पार्क में पहुंचा तो बच्चे किसी चिंता में मशगूल दिखे।

मैं बातचीत में थोड़ा शामिल हुआ तो बोले, "क्या बताएं अंकल! कल से छुट्टियां हो रही थीं, लेकिन स्कूल में एक सप्ताह का 'समर कैंप' लगा दिया गया है''। ''समर कैंप! उससे तो आपको लाभ ही होगा''-मैंने कहा। ''कोई लाभ नहीं होगा अंकल, वही पुरानी बातें रिपीट होंगी जो कई साल से हो रही हैं"-एक सीनियर बच्चा बोला। इस बिंदु पर काफी देर बातचीत के बावजूद सभी बच्चे इस बात पर एकमत थे कि कैंप से उन्हें कोई विशेष लाभ नहीं होने वाला है, बल्कि यह उनके अवकाश के उल्लास को छीन रहा है।

विद्यालय स्तर पर समर कैंप अवकाश के दिनों में कुछ निर्धारित अवधि के लिए तैयार किए गए कार्यक्रम होते हैं। निश्चित ही इस दौरान जो क्रियाकलाप आयोजित किए जाते हैं, उनके मूल में बच्चों के समग्र विकास की संकल्पना होती है। ग्रीष्मकालीन शिविरों की संकल्पना का पहला संगठित स्वरूप 1861 में संचालित अमेरिकन 'गनरी कैंप' को माना जाता है। शिक्षक एवं उन्मूलनवादी फ्रेडरिक विलियम गन तथा उनकी पत्नी ने 1850 में वाशिंगटन के एक छोटे शहर में लड़कों के लिए 'द फ्रेडरिक गन स्कूल' (गनरी स्कूल) नाम से एक स्वतंत्र होम स्कूल संचालित किया था। विद्यार्थियों ने स्कूल संचालकों से स्कूल का कुछ समय सैनिकों की तरह प्राकृतिक परिवेश में जाकर बिताने का अनुरोध किया। फ्रेडरिक गन ने बच्चों के शारीरिक, चारित्रिक व शैक्षिक विकास को ध्यान में रखते हुए इस विचार को दो सप्ताह की सुनियोजित यात्रा के रूप में प्लान किया। वे पूरे स्कूल को दो सप्ताह की पैदल यात्रा पर ले गए, जहां बच्चों ने शिविर बनाया तथा प्राकृतिक परिवेश में जीवन के तमाम उपयोगी सबक सीखे। यह इस यात्रा की सफलता का ही प्रभाव था कि इस प्रकार के शिविर अगले कई वर्षों तक चलते रहे। इन शिविरों की सफलता और प्रभावकारिता के कारण फ्रेडरिक गन को 'संगठित कैंपिंग का जनक' माना जाता है।

आने वाले वर्षों में समर कैंप किंचित परिवेश व परिस्थितिगत बदलावों के साथ स्कूली शिक्षा का अहम हिस्सा बनते गए। उद्देश्य यही था कि बच्चे अनुकूल वातावरण में सहज रूप से अपनी प्रतिभाओं का विकास कर पाएं। विभिन्न संस्थाओं में इनके उल्लेखनीय परिणामों को दृष्टिगत रखते हुए हर शिक्षा बोर्ड ने समर कैंप के आयोजन को किसी न किसी रूप में स्वीकार किया जो अद्यतन जारी है। प्रश्न यही है कि ऐसा क्या किया जाए कि समर कैंप मात्र औपचारिकता बनकर न रह जाए, बल्कि बच्चे खुशी-खुशी इनका हिस्सा होने को आतुर हों। यह कैसे संभव हो, इस पर विचार करते हैं। अगर हम ग्रीष्मकालीन समर कैंप्स के उद्देश्यों की बात करें तो इनमें प्रमुख रूप से -सृजनात्मकता को बढ़ावा देना, कल्पना शक्ति को उभारना, नेतृत्व क्षमता विकसित करना, सह-अस्तित्व को समझना, नवीन परिस्थितियों से समायोजन, समस्या समाधान कौशल जैसे प्रमुख लक्ष्य उभर कर आते हैं। यह उद्देश्य अपनी पूर्णता को प्राप्त हों इसके लिए सबसे जरूरी है नियोजन अर्थात् सुनियोजित कार्ययोजना बनाना। इसके बाद कैंप का आयोजन (क्रियान्वयन), प्रबंधन, आकलन, मूल्यांकन, अभिलेखीकरण जैसे अन्य बिंदु आते हैं।

सुनियोजित नियोजन इस कड़ी का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पहलू है। इसमें स्थान का चुनाव (विद्यालय में किस स्थान पर कौन सी गतिविधि या क्रियाकलाप कराना है), मूलभूत बुनियादी सुविधाएं, आवश्यक संसाधन-सामग्री, संदर्भ व्यक्ति, समय-सारिणी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं का समुचित निर्धारण आवश्यक होता है। यहां यह भी ध्यातव्य है कि नियोजन में बच्चों तथा उनके अभिभावकों की राय को भी प्रमुखता से स्थान दिया जाए। बच्चे इस अवधि में 'हॉलिडे मोड' पर होते हैं। इसलिए सामान्य दिनों के औपचारिक विद्यालयीय अनुशासन के बजाय यहां लचीला रुख अपनाते हुए बच्चों को रचनात्मक स्वतंत्रता देनी होगी। समय-सारिणी के अनुरूप क्रियाकलापों का निर्धारण इस प्रकार से करना होगा कि बच्चों को प्रतिक्षण नवीनता का अनुभव हो तथा वे उनमें रम जाएं। सामान्यतः समर कैंप एक सप्ताह से दो सप्ताह की अवधि के होते हैं। शेष समय बच्चे अपने घर-परिवेश में विभिन्न प्रकार के अनुभवों से गुजर रहे होते हैं। खेल, यात्राएं, समारोह, घरेलू कार्य, मेले, बाजार, स्वाध्याय, संकलन, टेक टाइम जैसे कितने ही कार्य अवकाश अवधि में उनकी दिनचर्या का हिस्सा होते हैं। अवकाश अवधि में बच्चों के इन पसंदीदा कार्यों को योजनाबद्ध रूप से सीखने से कैसे जोड़ा जाए समर कैंप में इस बिंदु पर भी पर्याप्त चर्चा-विमर्श हो।

उदाहरण के लिए यदि इस अवधि में बच्चे कोई यात्रा करने जा रहे हैं तो उसका सचित्र यात्रा वृत्तांत तैयार करें। यदि वह किसी कलाकार, कलमकार अथवा कामगार से मिलते हैं तो उसका साक्षात्कार लें। यदि उनके आसपास कोई आयोजन होता है तो उसकी आख्या बनाएं। कोई मूवी देखी है तो उसकी समीक्षा करें। समर कैंप के दौरान बच्चों को संगीत, नृत्य, कला, शिल्प, साहित्य, खेल जैसी विशिष्ट प्रतिभाओं के आधार पर चिह्नित कर उन्हें उस क्षेत्र विशेष पर आधारित क्रियाकलापों से प्रमुखता से जोड़ने का एक सुस्पष्ट पाथ-वे तैयार कराया जाए। इससे वे समर कैंप अवधि के बाद भी अपनी प्रतिभा को तराशना जारी रख सकेंगे।

एक स्वतंत्र, समावेशी तथा भयमुक्त वातावरण में समय बिताना, नई चीजें सीखते हुए स्वयं को समृद्ध करना तथा आत्मविश्वास में वृद्धि होना। ये कुछ ऐसे गुण हैं, जो समर कैंप के दौरान बच्चों में स्वाभाविक रूप से आ जाते हैं और उन्हें जीवन की विविध परिस्थितियों से समायोजन के लिए तैयार करते हैं। इसके लिए यह नितांत आवश्यक है कि कैंप केवल पुराने क्रियाकलापों की औपचारिक व नीरस पुनरावृत्ति भर न हो। मनोशिक्षाविद विलियम हल का कथन है कि 'यदि हम बच्चों को बोलना सिखाते तो वे शायद कभी बोलना नहीं सीखते'। यह कथन समर कैंप के संदर्भ में भी प्रासंगिक और विचारणीय है।

## प्रसंगवश

# मूर्ति विखंडन के मायने



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हिंदू धर्म की मान्यताओं और व्यवस्थाओं के अनुसार देवी-देवताओं की मूर्तियां विधि विहित पद्धति के अनुसार प्राण प्रतिष्ठित हो जाने पर तो प्राणवान हो ही जाती हैं, किंतु ऐसा न होने पर भी उन्हें पूज देने, श्रद्धा सहित अक्षत पुष्पादि अर्पित कर देने या भक्ति भाव सहित विनती कर देने पर भी जीवंत हो जाती हैं। गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि "भक्त जब पत्र, पुष्प, फल या जल जो भी मुझे भक्ति भाव फे अर्पित करता है तो मैं सदेह होकर उसका भोग करता हूं"।

इधर अयोध्या के राम मंदिर के प्रवेश द्वार से आगे नृत्य मंडप के पास स्तंभ पर उत्कीर्ण हनुमान जी की भुजा खंडित हो जाने का समाचार मिला है, जो चिंताजनक और दुःखद है। यहां एक धनुष का विग्रह भी टूटा हुआ बताया जा रहा है। ये किस तरह निर्मित हुए हैं और कैसी निम्न स्तरीय सामग्री लगाई गई कि इतनी जल्दी विखंडित हो गए। खजुराहों के मंदिरों पर सदियों पूर्व अंकित मूर्तियां आज भी ज्यों की त्यों हैं। सीसीटीवी कैमरे में आए चित्र के अनुसार एक भक्तिन महिला के मूर्ति से लिपट जाने से भुजा उखड़ गई। इससे मूर्ति में प्रयुक्त मैटेरियल की गुणवत्ता का अंदाजा सहज ही लग जाता है। अब मंदिर प्रशासन ने मूर्ति की मरम्मत करा दी है, किंतु धनुष अभी टूटा ही है। आगे से रोज रात दर्शन का समय समाप्त हो जाने के बाद निरीक्षण किया जाएगा और टूट -फूट की मरम्मत सुनिश्चित की जाएगी। यह कौन सी बात हुई? क्या श्रद्धार्पित मूर्ति का खंडित होना अपशकुन नहीं है?

रामचरितमानस में त्रिजटा ने एक दुःस्वप्न देखा था जिसमें रावण "मुंडित शिर खंडित भुज बीसा" दिखा था। फिर जो कुछ हुआ, वह सर्वविदित है। जब राजकुमारी सीता भवानी भवन में पूजन करने गईं तो शुभ संकेत मिला, "विनय प्रेम बस भईं भवानी। खसी माल मूरति मुसकानी"। यानी मूर्तियों के संकेत हलके में लेना बुद्धिमानी नहीं होगी। पहला यह कि मूर्ति का निर्माण इतना कमजोर कैसे हुआ? दूसरा यह कि अरबों की कमाई वाले मंदिर में मूर्तियों की सुरक्षा पर यथोचित खर्च क्यों नहीं किया जा रहा? दर्शन काल में मूर्तियों के इर्दगिर्द वर्दीधादी सेवादार तैनात कर दिए जाएं।

# बयानों की मियाद



अनूप शुक्ल
कानपुर

एक पार्टी में रहते हुए दिए गए बयान दूसरी पार्टी में ज्वाइन करने पर मान्य नहीं होंगे और अलग–अलग समय में दिए गए बयानों में विरोधाभास होने पर सबसे ताजा बयान ही मान्य होगा। ऐसी स्थिति में पुराने बयान की मियाद स्वतः समाप्त मानी जाएगी। राजनीति में बयानों की मियाद संबंधी यह नियम लागू होने पर देश के अधिक से अधिक लोग देश सेवा के क्षेत्र में आगे आएंगे। देश का धड़ल्ले से विकास होगा।

अक्सर लोगों का मन देश सेवा के लिए हुड़कने लगता है। खासकर चुनाव के समय देश सेवा की ललक सबसे तगड़ी होती है। इस इच्छा की पूर्ति के लिए लोग उसी पार्टी से चुनाव लड़ना चाहते हैं जिस पार्टी की सरकार बनने की संभावना होती है। बिना सरकार में शामिल हुए देश सेवा कोई मायने नहीं रखते।

सरकार बनाऊ पार्टी के लिए लोग या तो पार्टी बदलते हैं या पहली बार उस पार्टी में शामिल होते हैं। दोनों स्थितियों में पहले के दिए गए बयान बहुत समस्या पैदा करते हैं। पहले जिस पार्टी की ऐसी-तैसी करते रहे बाद में उसी की तारीफ करने पर लोग बहुत सवाल उठाते हैं। पहले आप इसको घटिया बताते रहे अब यह अच्छी पार्टी कैसे हो गई? जिसको गरियाते रहे उसकी जय बोलते हुए कैसा लगता है आपको। जिसका मुंह तोड़ने की मंशा रखते थे उसके चरण चांपते हुए कैसा फील होता है। बयान और भी बवाल करते हैं। कोई पार्टी विपक्ष में रहते हुए जो कहती है सरकार बनने पर उससे उलट काम करना पड़ता है। सरकार में रहते हुए जिन कामों की वकालत करते रहे चुनाव में हार कर विपक्ष में बैठने पर उसी का विरोध करना पड़ना है।

पहले का जमाना होता और बात अखबारों तक ही सीमित रहती तो कह देते -"अखबार ने मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर छापा है", लेकिन आजकल तो ट्विटर और फेसबुक का जमाना है। लोग आपके ही ट्विट आपको दिखाकर पूछते हैं -" ये तो आप ही ने कहा था। अब आप इसके उलट कैसे हो गए? इस हृदय परिवर्तन का कारण क्या है?" ट्विटर, फेसबुक और सोशल मीडिया पर दिए गए बयानों का ई-कचरा बहुत दिन तक सुरक्षित रहता है, जहां आपके खिलाफ हुआ आपके विरोधी आपके सामने लहराकर कहेंगे कि आपका आचरण इस बयान के विरुद्ध है। आपकी पॉलिटिक्स क्या है बंधुवर? आप लोगों से अगर कहेंगे कि आपका हृदय परिवर्तन हुआ है तो लोग विश्वास नहीं करेंगे।

सबको पता है कि हृदय परिवर्तन तो डाकुओं का होता है। राजनीतिज्ञ का तो केवल दल परिवर्तन होता है। पुराने बयानों से होने वाली असुविधा सर्वव्यापी है। सभी राजनीतिज्ञ इससे हलकान हैं। ऐसे में इसका यही एक उपाय है कि बयानों की मियाद तय कर ली जाए। हर राजनीतिज्ञ अपने बयान की सीमा तय कर दे। जैसे गारंटी/वारंटी की मियाद खतम होते ही ग्राहक का दावा खतम हो जाता है। वैसे ही बयान की मियाद खतम होते ही उस बयान पर सवाल बेमानी हो जाएंगे। कुछ मियादें इस तरह की हो सकती हैंः गैर राजनीतिज्ञ रहते हुए दिए बयानों की अवधि राजनीति में प्रवेश करते ही समाप्त हो जाएगी। वहीं सरकार में रहते हुए दिए गए बयान सरकार गिरते ही अमान्य हो जाएंगे। इसके साथ ही विपक्ष में रहते हुए दिए गए बयान सरकार बनने की स्थिति में स्वतः निरस्त हो जाएंगे।

एक पार्टी में रहते हुए दिए गए बयान दूसरी पार्टी में ज्वाइन करने पर मान्य नहीं होंगे और अलग-अलग समय में दिए गए बयानों में विरोधाभास होने पर सबसे ताजा बयान ही मान्य होगा। ऐसी स्थिति में पुराने बयान की मियाद स्वतः समाप्त मानी जाएगी। राजनीति में बयानों की मियाद संबंधी यह नियम लागू होने पर देश के अधिक से अधिक लोग देश सेवा के क्षेत्र में आगे आएंगे। देश का धड़ल्ले से विकास होगा। फिलहाल तो चुनाव के समय राजनीति में बयानबाजी को फैशन मानकर ही काम चलाना होगा और जैसा कि फैशन के बारे में सब जानते हैं कि फैशन के दौर में गारंटी का कोई मतलब नहीं होता। देश सेवा के पवित्र भाव के सामने दिए गए बयानों की कोई गारंटी नहीं होती।

## सोशल फोरम

# भारतीय चुनावी राजनीति



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

केंद्र में कांग्रेस का राज भारतीयों को अभी नहीं चाहिए। वे मोदी में ही अभी भविष्य देख रहे हैं, क्योंकि कुछ अनकहे मामलों में उनका नियंत्रण और स्थिरता अपनी कहानी खुद बयां करती है। पॉलिसी डायनामिक्स को आमजन नहीं समझता, डेवलपमेंट परफॉरमेंस के माने आमजन क्या जाने?

सोशल सेक्टर में इन्वेस्टमेंट के माने हैं बुढ़ापा पेंशन, फ्री राशन, मुफ्त चिकित्सा और दवा, मुफ्त शिक्षा और किताबें, सिलाई मशीनों का वितरण और न जाने क्या क्या! कुछ पार्लियामेंट्री कमेटियों की रिपोर्ट्स देख रहा था। हमारे माननीयों की मैपिंग हुई और देखा गया कि किसी विषय, जैसे कि साइंस एंड टेक्नोलॉजी में इनकी रुचि और जागरूकता का लेवल क्या है? संसद में साइंस और टेक्नोलॉजी से संबंधित विषयों पर स्वास्थ्य और एग्रीकल्चरल साइंस को लेकर कितने प्रश्न उठाए गए। स्थिति निराशाजनक से भी नीचे की है। इससे अच्छी तो यह 1990 आदि के दशक में थी। लोगों के जीवन को क्या अकेले मोदी ही या इनकी पार्टी के सांसद ही बदलने की काबलियत रखते हैं? इंडियन पार्लियामेंट की डायनामिक्स या हालात बदलने की ताकत वक्त के अनुसार बदली है, लेकिन लोकलुभावन चेहरों से नहीं, बल्कि संसद में कुछेक अच्छे पढ़े-लिखे लोगों और संसदीय कार्य प्रणाली की वजह से। इंडियन पार्लियामेंट को दिशा-निर्देश इनके कमेटी सिस्टम से ही मिलता है, बिहार या झाबुआ की पब्लिक रैलियों से नहीं।

कांग्रेस 60 साल रही है और मोदी जी? बड़ा सवाल यह है कि देश एक व्यक्ति के दिशा-निर्देश से क्यों चले? विपक्ष मजबूत चाहिए, लेकिन विपक्ष की मजबूती किन अर्थों में किन मुद्दों पर प्रकट हुई है? संसदीय कार्रवाई की रिपोर्ट्स का अध्ययन गिरते हुए स्तर की ओर इंगित करता है। डिबेट्स में क्या क्वालिटी है? बौद्धिक लोगों ने इस बारे अध्ययन करके बहुत रिसर्च पेपर्स लिखे हैं, लेकिन इनका अध्ययन कौन करता है? और जो लोग करते हैं, वे भारतीय राजनैतिक परिदृश्य को बदलने में असमर्थ हैं या कोई रुचि नहीं लेते।

-फेसबुक वॉल से

# वायुयान हादसे से यात्री सुरक्षा के नए सबक



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तरी अटलांटिक के ऊपर, साफ हवा में यह टर्बुलेंस हुआ, जो ताकत में पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से भी अधिक शक्तिशाली था। उनका कहना है कि पूरी दुनिया में वायुमंडलीय टर्बुलेंस में इसी तरह की वृद्धि हुई है।

अभी हाल ही में घटे एक वायुयान हादसे से यात्री सुरक्षा के नए सबक मिले हैं। वाकया लंदन से सिंगापुर जा रहे सिंगापुर एयरलाइंस के विमान का है। उड़ान के दौरान ही जब विमान हजारों फीट की ऊंचाई पर था उसमें सहसा भीषण उथल-पुथल (टर्बुलेंस) हुई जिसके कारण 73 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और 70 से अधिक लोग घायल हो गए। ताज्जुब यह है कि न कोई आंधी तूफान दिखा था, न ही घने बादलों का घेरा और आकाशीय बिजली। कोई चेतावनी नहीं। सबकुछ साफ, मगर फिर भी भयानक स्थिति उत्पन्न हो गई।

उड़ान में इतनी गंभीर बाधा किस कारण से आई? अब इस पर एयरोडायनमिक्स से जुड़े विशेषज्ञों के बीच विचार विमर्श हो रहा है। अभी इसी सिलसिले में एक रिपोर्ट नेचर पत्रिका के समाचार विश्लेषण स्तंभ में 22 मई को आई है। क्या जलवायु परिवर्तन विमानों में टर्बुलेंस की ऐसी तीव्रता और आवृत्ति को बढ़ावा दे सकता है? जिसमें यात्रियों की जान पर बन आए? विगत 20 मई को उड़ान भरने वाले इस विमान ने झटके से अचानक लगभग 1800 मीटर से अधिक नीचे तेजी से गोता लगाया जिससे यात्री और उनके सामान केबिन की छत से जा टकराए। एयरलाइन की 24 वर्षों में ऐसी यह पहली घातक घटना थी। रीडिंग यूनिवर्सिटी, यूके में वायुमंडलीय शोधकर्ता पॉल विलियम्स के अनुसार यह गंभीर टर्बुलेंस की घटना थी, जो विमान के यात्रियों एक प्रक्षेप्य (प्रोजेक्टाईल) में बदल देती है। सीट-बेल्ट न पहनने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए यह बिना किसी प्रतिबंध के रोलर कोस्टर पर बैठने जैसा भयावह अनुभव दे सकता है।

हवाई जहाजों की उड़ान में छोटे-मोटे टर्बुलेंस आम घटना हैं। अधिकांश उड़ानों में कुछ हद तक टर्बुलेंस का अनुभव होता है। जमीन के पास, हवाई अड्डे के आसपास तेज हवाएं विमानों के उड़ान भरने या उतरने के दौरान टर्बुलेंस पैदा कर सकती हैं। अधिक ऊंचाई पर, तूफानी बादलों में हवा का ऊपर-नीचे का प्रवाह विमानों के उनके बीच से या उनके पास से गुजरने पर हल्की से लेकर गंभीर टर्बुलेंस पैदा कर सकते हैं। पर्वत श्रृंखलाओं पर ऊपर की ओर बढ़ने वाली हवा की धाराएं भी टर्बुलेंस पैदा कर सकती हैं। विलियम्स का मानना है कि जब हवा पहाड़ के ऊपर से बहती है तो विमान ऊपर उठ जाता है और उसमें टर्बुलेंस हो सकता है। इसके अलावा ऐसी स्थिति अक्सर जेट धाराओं के किनारों पर होती हैं, जो कि दुनिया भर में घूमने वाली मजबूत हवा की धाराएं हैं, मगर बिना बादलों के भी घटित होने वाले टर्बुलेंस को "साफ हवा का टर्बुलेंस (क्लीयर एअर टर्बुलेंस)" कहा जाता है। विलियम्स कहते हैं कि सिंगापुर एयरलाइंस की घटना के सटीक कारण का पता लगाने में कई हफ्ते लग सकते हैं। हो सकता है वह कोई तूफान रहा हो, लेकिन साथ ही साफ हवा की परिस्थितियां भी थीं। जांच चल रही है। सियोल नेशनल यूनिवर्सिटी में वायुमंडलीय शोधकर्ता जंग-हून किम का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण टर्बुलेंस की घटनाएं अधिक, बार-बार और गंभीर होती जा रही हैं। पिछले वर्ष प्रकाशित एक अध्ययन में विलियम्स और उनके सहयोगियों ने 1979 और 2020 के बीच साफ हवा में घटे टर्बुलेंस में बड़ी वृद्धि पाई थी।

उत्तरी अटलांटिक के ऊपर, साफ हवा में यह टर्बुलेंस हुआ, जो ताकत में पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से भी अधिक शक्तिशाली था। उनका कहना है कि पूरी दुनिया में वायुमंडलीय टर्बुलेंस में इसी तरह की वृद्धि हुई है। विलियम्स का कहना है कि यह वृद्धि लगभग निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन का परिणाम है, जो टर्बुलेंस पैदा करने वाली जेट धाराओं को मजबूत कर रहा है। एक अन्य अध्ययन में विलियम्स और उनके सहयोगियों ने जलवायु मॉडल का उपयोग करके यह अनुमान लगाया कि जैसे-जैसे जलवायु गर्म होगी, साफ हवा में टर्बुलेंस की घटनाएं और अधिक गंभीर और लगातार होती जाएंगीं। किम और उनके सहयोगियों ने पाया कि पिछले साल प्रकाशित एक अध्ययन में जलवायु परिवर्तन के साथ बादलों और पहाड़ों के आसपास की साफ हवा में भी उथल-पुथल अधिक बार होगी। टर्बुलेंस में हो रहे संभावित वृद्धि के बावजूद, अधिकांश उड़ानें यथावत चलती रहेंगी। "ऐसा नहीं है कि हमें उड़ान भरना बंद करना होगा या विमान आसमान से गिरने लगेंगे, मैं बस इतना कह रहा हूं कि फिलहाल जो टर्बुलेंस 10 मिनट तक के हैं, वे भविष्य में 20 या 30 मिनट के हो सकते हैं"। पायलट उड़ान की योजना बनाने के साथ ही टर्बुलेंस के अनुमानों का सहारा लेते हैं। मौसम केंद्रों के शोधकर्ता ग्राउंड-आधारित सेंसर और उपग्रहों से एकत्र किए गए डेटा के आधार पर टर्बुलेंस की भविष्यवाणी कर सकते हैं और पायलटों को पूर्वानुमान बता सकते हैं। विमान में पायलट तूफानी बादलों की पहचान करने के लिए रडार का उपयोग करते हैं। यह विमान से भेजे जाने वाले रेडियो तरंगों पर निर्भर करता है, जो फिर सेंसर की ओर वापस परावर्तित होते हैं और आसपास के क्षेत्र का नक्शा बनाते हैं, लेकिन रडार बादल रहित साफ हवा के उथल-पुथल का पता नहीं लगा सकता। विलियम्स कहते हैं कि यहां लिडार नामक एक अन्य तकनीक मदद कर सकती है, जो रडार के विपरीत प्रकाश की एक अलग तरंग दैर्ध्य का उपयोग करता है। मगर अभी तो यह बहुत महंगा है और इसके लिए एक बड़े बॉक्स की आवश्यकता होती है, लेकिन यह अदृश्य/साफ हवा के टर्बुलेंस को देख सकता है। यदि इसके बॉक्स को छोटा किया जा सके और लागत कम हो जाए तो इसका जल्द ही व्यापक उपयोग किया जा सकता है। कुछ प्रायोगिक उड़ानों में विमान से 20 मील आगे की साफ हवा के टर्बुलेंस को देखने में सफलता मिली है। इसलिए तब तक जब भी आप हवाई यात्रा करें, तो पूरी यात्रा के दौरान कृपया अपनी सीट बेल्ट बांधे रखें और खुद को सुरक्षित रखें। सिंगापुर एअरलाइन की उड़ान में तकरीबन सत्तर लोग सीट बेल्ट नहीं बांधे थे, जो मिसाइल की तरह विमान की छत से जा टकराए।

# नकदी में लेन-देन का बढ़ना



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

डिजिटल युग में डिजिटल लेन- देन में भारी उछाल आया है। डिजिटल लेन-देन एक ट्रिलियन के आंकड़े को पार कर चुका है। भारत सरकार ने 8 नवंबर 2016 में भारतीय रुपये के 1000 और 500 के नोटों को प्रचलन से बाहर कर दिया था, उसके बाद से डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा मिलना शुरू हुआ था।

इस समय कुल नकदी प्रचलन 17 लाख करोड़ से कुछ अधिक था, किंतु अब यही नकदी प्रचलन 35.5 लाख करोड़ पहुंच गया है, जो पहले से दुगना है। नोटबंदी और यूपीआई को लेकर प्रचार के बाद नकदी के प्रयोग में कोई अंतर नहीं आया है यानी दूसरे शब्दों में कहे तो नकदी हमेशा राजा है। एक्सपर्ट का मानना है कि परंपरागत कैश के लेन-देन और मनुष्य के अंदर व्याप्त एक अदृश्य भय के कारण ही वो डिजिटल पेमेंट से दूरी बनाए रखता है और नकद भुगतान में सुरक्षित महसूस करता है। यह भी देखने में आया है कि यूपीआई यूजर भी दोनों तरह से भुगतान करने को ही बेहतर मानते हैं। भारतीय कर प्रणाली में उच्चतम दरों के चलते भी नकद भुगतान को खत्म करना संभव नहीं।

आगरा के जूता बाजार में हाल ही में जूता निर्माताओं के यहां से करोड़ों की नकदी बरामद होना इसका ज्वलंत उदाहरण है। जीएसटी की उच्चतम दरों से बचने को आगरा के जूता बाजार में पर्ची का चलन है। पर्ची से पूरे हफ्ते खरीद होती रहती है और हफ्ते में एक दिन नकदी से भुगतान किया जाता है। यही व्यवस्था और उद्योग भी अपनाते हैं। फिलहाल देश में दोनों ही विकल्प मौजूद हैं और दोनों ही समान रूप बढ़ रहे हैं।

## एक नजर

### मनरेगा के तहत 51 ग्राम पंचायतों में शुरू हुआ काम

**रुपईडीह, अमृत विचार** : ब्लॉक की 106 ग्राम पंचायतों में से मनरेगा के तहत 51 ग्राम पंचायतो में कार्य शुरू हो गया है। ब्लॉक के एपीओ राजेश कुमार सोनी ने बताया कि अन्य ग्राम पंचायतो में मनरेगा का कार्य शुरू किए जाने के लिए ग्राम रोजगार सेवकों से मांग पत्र ब्लॉक मुख्यालय को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिन ग्राम पंचायतो में मनरेगा का कार्य शीघ्र ही नहीं शुरू कर दिया जाएगा उन ग्राम पंचायतों के रोजगार सेवकों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के लिए संस्तुति कर दी जाएगी।

### 135 राजस्व गांवों में डिजिटल क्रॉप सर्वे शुरू

**रुपईडीह, अमृत विचार** : ब्लॉक के 135 राजस्व गांवों में जायद फसलों और गन्ने की फसल का डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य गत् 15 मई से शुरू किया गया है। ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी कृषि रामवीर सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार राजस्व गांवो में लगे सर्वे कर्ताओं को आगामी 31 मई तक कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया गया है।

### दरोगा की गाड़ी में टेम्पो ने मारी टक्कर, केस दर्ज

**परसपुर, अमृत विचार** : दरोगा की गाड़ी में पीछे से अनियंत्रित टेम्पो ने टक्कर मार दी जिससे दरोगा की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी। सूचना पर पुलिस द्वारा अज्ञात टेम्पो चालक के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। परसपुर थाना अन्तर्गत पसका चौकी प्रभारी पवन कुमार सिंह ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि वह अपनी निजी वाहन से इलाहाबाद हाईकोर्ट जा रहे थे कि भोंदू पुरवा आंटा के पास पीछे से आ रहे टैम्पो ने उनकी कार में ठोकर मार दी। जब तक वह वाहन रोककर उतरते टैम्पो चालक फरार हो गया। ठोकर से उनका वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

# बाइक ने ठेले में मारी टक्कर सब्जी विक्रेता की मौत

## मृतक के घरवालों ने दी नामजद तहरीर, मुकदमा दर्ज

**पैंतेपुर, अमृत विचार।** कोतवाली महमूदाबाद की चौकी पैतेपुर क्षेत्र के पैंतेपुर-बेलहरा मार्ग पर स्थित ज्ञान कोल्ड स्टोरेज के पास सब्जी बेचकर वापस जा रहे एक अधेड़ की बाइक से टक्कर हो गई। इलाज के दौरान अधेड़ की मौत हो गई।



घर के बाहर बैठे परिजन। अमृत विचार

जनपद बाराबंकी के ग्राम घघसी निवासी अब्दुल खालिद उम्र 45 वर्ष पुत्र शमशेर सब्जी बेचकर अपने घर वापस जा रहा था। तभी सामने से आ रहे बाइकसवारों ने ठेला में टक्कर मार दी। जिससे सब्जी विक्रेता अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान अधेड़ अब्दुल खालिक की मौत हो गई। परिजनों ने कोतवाली महमूदाबाद में नामजद तहरीर दी है। जिसमें बताया गया कि जब अब्दुल खालिक सब्जी बेचकर अपने घर वापस आ रहे थे, तभी मीरानगर निवासी विशेश्वर पुत्र भगवती एवं एक अन्य साथी के साथ मोटरसाइकिल नंबर यूपी 41 एच 7927 के साथ ठेले में सामने से टक्कर मार दी। जिससे मृतक गंभीर रूप से घायल हो गया जब हम लोगों को सूचना प्राप्त हुई तो उन्हें सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया गया। इसके बाद वहां से बाराबंकी में इलाज के लिए ले गए। फिर रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में जब चौकी इंचार्ज अमित कुमार पांडे से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि दोनों पर सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

### अब कैसे होगा परिवार का भरण पोषण

मृतक अब्दुल खालिक के कुल 6 बच्चे हैं। जिसमें बड़ी बेटी हरिशुन की शादी कुछ वर्ष पूर्व सूरतगंज से हो गई है। बाकी पांच बच्चों रियाजुद्दीन, जलालुद्दीन, इम्तियाजउद्दीन, नगमा, जुबेर तथा पत्नी का पालन पोषण अब्दुल सब्जी बेचकर करता था। मृतक का परिवार काफी गरीबी में जीवन यापन कर रहा है तथा जो धन कमाकर रखा था वह एक्सीडेंट में हुए इलाज के दौरान समाप्त हो गया। पत्नी सहित बच्चों का रो रोकर बुरा हाल था कि आखिर अब परिवार का पालन पोषण कौन करेगा।



अब्दुल (फाइल फोटो)

### नेशनल हाईवे पर दो बाइकों की भिड़ंत, एक की मौत

**सीतापुर, अमृत विचार।** अटरिया थाना इलाके में नेशनल हाईवे 30 पर दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हिन्द अस्पताल के निकट लखनऊ की ओर से आ रहे बाइक सवार राजवीर सिंह पुत्र सत्येंद्र सिंह निवासी खनवापुर जिला लखीमपुर खीरी की सामने से विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से टक्कर हो गयी। जिससे दोनों बाइक सवार 3 लोग बुरी तरह से चोटिल हो गये। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने राजवीर सिंह को एंबुलेंस से सीएचसी सिधौली एंबुलेंस भिजवाया। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे बाइक पर सवार पति पत्नी परवेस 29 व आरती 24 निवासी अकदापुर थाना जैदपुर जिला बाराबंकी को निकट के ही हिन्द अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

## सड़क दुर्घटना में दंपति घायल

**करनैलगंज, अमृत विचार** : गोंडा-लखनऊ मार्ग पर कादीपुर के पास हादसे में बाइक सवार पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। बृहस्पतिवार की रात कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम गोनवा निवासी अंग्रेज गुप्ता अपनी पत्नी के साथ ससुराल से वापस लौट रहे थे। अभी वह अपने गांव के समीप मनोज धर्म कांटा के पास पहुंचे ही थे कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों ने सीएचसी करनैलगंज पहुंचाया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# सड़क किनारे गड्ढे में उतरा कार का पहिया

**पहला, सीतापुर, अमृत विचार।** जसमंडा रामुआपुर मार्ग से गद्दीपुर हुसैनपुर अकबपुर सद्दुपुर महरीया होकर जाने वाले मार्ग पर पट्टी बाजार से कुछ दूरी पर किसानों ने सड़क का किनारा खोदकर उसे खेत में मिला लिया है। जिससे सड़क के नीचे एक गहरा गडढा सा बन गया है। शुक्रवार दोपहर एक कार का पहिया उसी गडढे में उतर गया। जिससे कार सड़क किनारे खडड मे गिरते-गिरते बची। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद उस कार को बाहर निकाला। गनीमत यह रही कि कार में सवार चार लोगों में किसी के कोई चोट नहीं आई और एक बड़ा हादसा होने से बच गया।



गड्ढे से कार को बाहर निकालने का प्रयास करते ग्रामीण। अमृत विचार

### बाइक अनियंत्रित होने से घायल युवक की मौत

**तम्बौर।** कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइकसवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

तंबौर थानाक्षेत्र के मोहल्ला ककरहा निवासी मुबारक उम्र 20 साल पुत्र साजिद गुरुवार की सुबह मुख्य मार्ग पर मोटरसाइकिल से जा रहा था की सड़क पर रास्ते में कुत्ता आने से बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे साजिद गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तम्बौर में भर्ती कराया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल कर दिया गया इलाज के दौरान साजिद की मौत हो गई।

# हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन कराने को लेकर सौंपा ज्ञापन

## भारतीय जनता पार्टी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** भाजपा ने शुक्रवार को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। ज्ञापन में ममता सरकार के धार्मिक आधार पर किए गए आरक्षण को निरस्त करने के कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन कराने की मांग की गयी है।



ज्ञापन सौंपते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप बम बम ने कहा कि पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने ओबीसी आरक्षण धार्मिक आधार देने का फैसला किया था जिसे कोलकाता हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोर्ट के फैसले पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि ममता सरकार के फैसले को हाईकोर्ट ने असंवैधानिक करार देते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किया है लेकिन ममता बनर्जी सरकार का अड़ियल रवैया ओबीसी वर्ग व संविधान के विपरीत है। कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंप हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन कराने की मांग की है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा प्रिंस चौरसिया, क्षेत्रीय मंत्री रंजीत बाबा व भूपेंद्र आर्य, विनोद यादव, शेष चौरसिया राम गोपाल साहू, मनोज विश्वकर्मा, संतोष चौरसिया, धर्मेन्द्र चौहान, अनूप जायसवाल, दिनेश प्रजापति व ओबीसी मोर्चा के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भाग रही गाय को मारा भाला इलाज के दौरान तोड़ा दम

संवाददाता, नवाबगंज

▸▸ पशुपालक ने गांव के ही दो लोगों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** नवाबगंज थाना क्षेत्र के खेमपुर गांव में भाला मारकर गाय की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पीडित पशु पालक ने गांव के ही दो लोगों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के खेमपुर गांव निवासी जगदीश प्रसाद तिवारी ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि मेरी गाय खूंटे से बंधी हुई थी। छुट्टा मवेशी उसे परेशान करने लगे तो गाय खूंटे से छूट कर भाग निकली। इसी दौरान विपक्षी विद्या सागर पांडेय व अनूप पांडेय निवासी महूंगूपुर ने भाला मार दिया। भाला लगने से गाय गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसका इलाज पशु चिकित्सक कर रहे थे लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका और शुक्रवार को गाय की इलाज के दौरान मौत हो गई। पशु चिकित्सक द्वारा पोस्टमार्टम और पंचनामा कराया गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# संतोष गंगवार की पत्नी सौभाग्यवती का निधन

▸▸ सेप्टीसीमिया होने के बाद बृहस्पतिवार देर शाम कराया गया था अस्पताल में भर्ती

**बरेली, अमृत विचार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संतोष गंगवार की 72 वर्षीय पत्नी सौभाग्यवती का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया। बृहस्पतिवार देर शाम तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें पीलीभीत बाईपास पर एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन काफी कोशिश के बाद भी बचाया नहीं जा सका। शाम चार बजे सिटी श्मशान भूमि पर सैकड़ों लोगों की भीड़ के बीच उनका अंतिम संस्कार किया गया।

भाग्यवती गंगवार अर्बन कोआपरेटिव बैंक और भारत सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष और बरेली कॉलेज प्रबंध समिति की सदस्य थीं। परिवार के लोगों के मुताबिक बुधवार को लूज मोशन होने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। बृहस्पतिवार शाम तक स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ तो डॉक्टर को घर बुलाकर ड्रिप लगवाई गई। बिथरी चैनपुर के विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा भी उनका हाल लेने घर पहुंचे। हालत लगातार गिरते जाने के बाद देर शाम उन्हें पीलीभीत बाईपास पर एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। देर रात उनके स्वास्थ्य में मामूली सुधार दिखा लेकिन शुक्रवार सुबह करीब चार बजे उन्होंने अंतिम सांस ले ली। डॉक्टरों के मुताबिक सौभाग्यवती को सेप्टीसीमिया हो गया था। सांसद को पत्नी शोक होने की सूचना फैलने के बाद सुबह से ही



सौभाग्यवती। अमृत विचार

भारत सेवा ट्रस्ट उनके आवास पर शोक संवेदना जताने वालों का तांता लग गया। कानपुर से बेटी श्रुति उर्फ बुलबुल, बेटे अपूर्व और दामाद सुबोध सचान के पहुंचने के बाद घर में दुख का माहौल और ज्यादा गहरा गया। शाम चार बजे सिटी श्मशान भूमि पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

सैकड़ों लोगों ने सांसद की पत्नी को श्मशान भूमि पहुंचकर अंतिम विदाई दी। इनमें प्रमुख रूप से लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, वन मंत्री अरुण कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, मेयर उमेश गौतम, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, डीसी वर्मा, प्रो. श्याम बिहारी लाल, छत्रपाल गंगवार, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, सपा नेता प्रवीण सिंह ऐरन, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, भाजपा के जिला, आंवला और महानगर अध्यक्ष, सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, शमीम सुल्तानी, रवींद्र यादव, कांग्रेस नेता अजय शुक्ला, प्रेमप्रकाश अग्रवाल, उद्यमी घनश्याम खंडेलवाल सहित कई मौजूद रहे।

# घर से लापता बालिका को परिजनों को सौंपा

संवाददाता, बभनजोत

**अमृत विचार:** बृहस्पतिवार को घर से गायब हुई सात वर्षीय बालिका को पुलिस ने शुक्रवार को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

खोड़ारे थाना क्षेत्र ग्राम कोल्हुई गरीब निवासी श्यामलाल पुत्र बृजमोहन की सात वर्षीय पुत्री रोली 23 मई की रात्रि में घर से निकल कर क्रिकेट मैच देखने चली गई थी वहां से वह भटक कर रात्रि में गौरा चौकी बाजार मे पहुंच गई। बाजार में मौजूद पुलिस कर्मियों ने बालिका से पूछताछ की लेकिन वह अपने बारे में कुछ बता नहीं पाई। पुलिस के लिए बच्ची के परिजनों को ढूंढना एक चुनौती हो गई। पुलिस बालिका की फोटो सोशल मीडिया तथा अन्य ग्रुप में भेज कर परिजनों को ढूंढने में लगी थी। चौकी प्रभारी दिनेश राय ने बताया कि सूचना पाकर बच्ची के पिता श्यामलाल अपने पुत्री को लेने पुलिस चौकी गौरा चौकी पर आए। बच्ची को श्याम लाल तथा ग्राम कोल्हुई गरीब के क्षेत्र पंचायत सदस्य अजमल की उपस्थिति में सुपुर्द किया गया। बच्ची अपने पिता को देखकर मुस्कुराने लगी। श्याम लाल अपनी बेटी को पाकर अत्यंत प्रसन्न हुए। पुलिस के इस कार्य की लोगों में सराहना की जा रही है।

# सम्मन नोटिस समय से कराएं उपलब्ध

**सीतापुर, अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार-तृतीय के निर्देशानुसार, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 मई के सन्दर्भ में समस्त बैंक अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गयी। बैठक नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जिला जज कोर्ट संख्या-14, भगीरथ वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।



अधिकारियों के साथ बैठक करते अपर जिला जज। अमृत विचार

अपर जिला जज/सचिव ने समस्त बैंक अधिकारियों को निर्देश दिये कि वह सभी अपनी-अपनी बैंक से सम्बन्धित समस्त सम्मन नोटिस समय से कार्यालय को उपलब्ध करा दें, जिससे कि समस्त सम्मन नोटिस पर समय से हस्ताक्षर किये जा सके और उन्हें तामीला के लिए भेजा जा सके। इसी क्रम में समय 04.30 बजे से तहसीलदारों के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए बैठक की गई। अपर जिला जज/सचिव ने उपस्थित समस्त तहसीलदारों/नायब तहसीलदारों को निर्देश दिये कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई में निस्तारित होने योग्य वादों को अधिक से अधिक चिन्हांकित करें तथा निस्तारित किये जाने हेतु सफल प्रयास किये जाये। उक्त बैठक में तहसीलदार, मिश्रिख, महमूदाबाद, लहरपुर अनुपस्थित रहे एवं अनुपस्थिति के सम्बन्ध में कोई सूचना एवं पत्राचार नहीं किया गया।

# अटरिया में नशे में धुत मजदूर की हसिये से प्रहार कर हत्या

**सीतापुर, अमृत विचार।** अटरिया थाना इलाके में शराब के नशे में धुत भट्टा मजदूरों में विवाद के बाद एक मजदूर की धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी गई। परिजनों ने साथी मजदूर पर हसिया से हमला कर हत्या करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कई मजदूरों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मजदूर की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## वारदात

▸▸ मृतक मजदूर ब्रिक फील्ड पर ईंट पथाई का करता था

▸▸ शराब के नशे में धुत मजदूरों में लड़ाई के बाद हुयी हत्या

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम मचवाखेड़ा अंतर्गत ओम ब्रिक फील्ड में गुरुवार की रात नशे में धुत दो मजदूरों का आपस में विवाद हो गया। बताया जाता है कि गुरुवार को काम खत्म होने के बाद भट्टे के मुंशी कृष्णा निवासी कस्बा पचपेड़ी जिला विलाशपुर (छत्तीसगढ़) ने ईट भट्टे पर काम करने वाले सभी मजदूरों को साप्ताहिक मजदूरी का वितरण किया था। जिसमें सभी मजदूर लोग बाजार से शराब व मांस इत्यादि खरीद कर लाये। रात खाना खाने के बाद मजदूर नशे की हालत में मस्त हो गए और आपस में गाली गाली गलौज कर विवाद करने लगे। कुछ ही देर में मारपीट करने के साथ किसी मजदूर ने दिलेश्वर के सीने में हसिया मार दिया। जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा और कुछ ही देर में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



मजदूर की मौत के बाद मौके पर रोते बिलखते मृतक की मां व परिजन। अमृत विचार

ग्रामीणों ने बताया कि मृतक दिलेश्वर कुमार केवट पुत्र हरप्रसाद केवट निवासी उगर थाना पचपेड़ी, जिला -विलासपुर (छत्तीसगढ़) अपनी माँ मुन्नी बाई के साथ मचवा खेड़ा स्थित ओम ब्रिक फील्ड पर ही बने अस्थाई आवासों में रहकर ईट पथाई का कार्य करता था। मजदूरों की सुबह सूचना पर पुलिस शुक्रवार सुबह मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतक की मां मुन्नी बाई की तहरीर पर मजदूर दुर्गेश निवासी थाना पचपेड़ी जिला -विलासपुर (छत्तीसगढ़) के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस भट्टे पर मौजूद कई मजदूरों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### क्या बोले जिम्मेदार

इस संबंध में सीओ सिधौली आलोक प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार की सुबह थाना अटरिया के अंतर्गत ग्राम मचवाखेडा स्थित ईंट भट्टा पर काम करने वाले व्यक्ति दिलेश्वर केवट की हत्या की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की तो पता चला कि एक युवक ने हंसिये से सीने में वार किया है जिसमें मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

लापरवाही

**लाइसेंस न लेने पर दस लाख जुर्माने का है प्रावधान, आबकारी महकमे की अनदेखी से सरकारी राजस्व को लग रहा चूना**

# बिना फूड लाइसेंस गोंडा में चल रहीं शराब की 300 दुकानें

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले में 300 से अधिक शराब की दुकान बिना फूड लाइसेंस के संचालित हो रही हैं। शराब की दुकान संचालित करने के लिए फूड लाइसेंस लेना आवश्यक है, लेकिन अधिकतर शराब विक्रेताओं ने इस लाइसेंस को लेना जरूरी ही नहीं समझा। जबकि बिना फूड लाइसेंस के दुकान संचालित करने पर 10 लाख रुपए के जुर्माने का प्रावधान है। आबकारी महकमे की लापरवाही से सरकारी राजस्व को चूना लग रहा है।

सरकारी शराब की दुकान के लिए आबाकारी महकमा लाइसेंस जारी करता है। लॉटरी के आधार पर दुकानें आवंटित की जाती हैं। लेकिन दुकान संचालन के लिए आबकारी विभाग के साथ साथ खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग से भी लाइसेंस लेना होता है। यह लाइसेंस लेने को बाद ही दुकान संचालित की जा सकती है। अगर कोई बिना फूड लाइसेंस लिए शराब की दुकान का संचालन कर रहा है तो उस पर 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है लेकिन यहां जिले में ठीक उल्टा हो रहा है। आबकारी विभाग से लाइसेंस मिलने के बाद शराब विक्रेता फूड विभाग से लाइसेंस लेना जरूरी नहीं समझते। आबकारी विभाग की लापरवाही से यह पूरा खेल चल रहा है। आंकड़ों पर गौर करें तो जिले में करीब 425 शराब की दुकानों कि संचालन होता है। इनमें से महज 125 के आसपास दुकानदारों ने फूड विभाग से लाइसेंस लिया है जबकि 300 दुकानें बिना फूड लाइसेंस के संचालित हो रही हैं।



"सभी दुकानों का लाइसेंस खाद्य औषधि प्रशासन विभाग की ओर से होना चाहिए। उसी में शराब की भी दुकान आती हैं। जनपद में 400 से अधिक दुकानें संचालित हैं, लेकिन करीब 125 दुकानों का ही लाइसेंस जारी किया गया है। धारा 63 के मुताबिक लाइसेंस न होने पर बिक्री करने पर 10 लाख तक का जुर्माना लगाया जाने का प्रावधान है तथा दुकान को बंद भी कराया जा सकता है। जिले में लाइसेंस को लेकर अभियान चलाया जाएगा।"

**–अजीत कुमार मिश्रा,** अभिहित अधिकारी द्वितीय-खाद्य एवं औषधि प्रशासन

### लाइसेंस के लिए जल्द चलेगा अभियान

नियम के मुताबिक सभी दुकानदारों को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग से लाइसेंस लेना होता है। दुकान चाहे सरकारी हो या निजी लाइसेंस सबके लिए जरूरी होता है। समय-समय पर अभियान चलाकर लाइसेंस जारी भी किया जाता है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से कई बार अभियान चलाकर लाइसेंस जारी करने की कार्य योजना भी बनी लेकिन यह योजना धरातल पर नहीं आ सकी। औषधि प्रशासन विभाग के अफसर अभियान चलाने का दावा करके लाइसेंस जारी करने की बात कह रहे हैं। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि लोकसभा चुनाव संपन्न हो गया है मतगणना हो जाने के बाद पूरे जिले में लाइसेंस को लेकर अभियान चलाया जाएगा।

# मंदिर के पास महिला से चेन लूटने वाला अंतर्जनपदीय बदमाश गिरफ्तार

महमूदाबाद, सीतापुर

▸▸ जनपद सहित आसपास के अन्य जनपदों की चेन स्नेचिंग की घटनाओं के खुलासे का पुलिस ने किया दावा

**अमृत विचार।** शुक्रवार सुबह एसओजी और महमूदाबाद की संयुक्त पुलिस टीम ने नगर में कुछ दिन पूर्व हुई महिला से चेन स्नेचिंग मामले में एक आरोपी असलम टाडा (32) पुत्र रफीक निवासी बखेरिया टोला कस्बा बेलहरा थाना मोहम्मदपुर खाला जिला बाराबंकी को कोतवाली क्षेत्र के पैंतेपुर पुल से गिरफ्तार कर लिया। बदमाश पर पूर्व में राजधानी लखनऊ के कई थानों सहित पड़ोस के जनपद बाराबंकी में लगभग दो दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पकड़े गए बदमाश ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसने वह उसके साथी अतीक पुत्र मुस्ताक निवासी ग्राम भदमरा थाना रेउसा जो कि उसका रिश्ते में साढ़ू लगता है, दोनों ने मिलकर बीती 24 अप्रैल को सुबह 6 बजे होंडा शाइन मोटरसाइकिल से नगर के जैन मंदिर के पास एक महिला के गले से सोने की चेन छीनी थी। साथ ही दोनों ने बीती 6 मई को विश्व नगर में सुबह करीब आठ बजे एक महिला के गले से सोने की चेन छीनी थी। वहीं बिसवां से जाते वक्त रास्ते में ही एक दूसरी महिला के गले से सोने की चेन छीनी थी। बदमाश ने बताया कि 8 मई को भी सुबह करीब 6 बजे बाराबंकी जनपद के फतेहपुर कस्बे में एक महिला के गले से चेन छीनने का प्रयास किया था, लेकिन सफल नहीं हो पाये। इसके बाद बीती 9 मई को बाराबंकी शहर के बड़ेल चौराहा के पास शाम करीब सात बजे एक महिला के गले से चेन छीनी थी। एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि महमूदाबाद थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने एक 25 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। यह एक अंतर्जनपदीय गिरोह का सदस्य है।

# दिसंबर तक हो जाएगा राम मंदिर के शिखर तक का काम

## सितबंर तक बन जाएगा सप्तऋषियों का मंदिर एवं मार्च 2025 तक परकोटे का कार्य होगा पूर्ण, भवन निर्माण समिति की बैठक में हुआ मंथन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** श्रीराम मंदिर भवन निर्माण समिति की बैठक के पहले दिन शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन मंदिर और परकोटे के निर्माण को लेकर मंथन किया गया। बताया गया कि दिसंबर 2024 तक मंदिर के शिखर तक के कार्य पूर्ण हो जाएंगे। बैठक श्रीराम मंदिर परिसर में हुई।

बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि श्रीराम जन्म भूमि परिसर में सप्तऋषियों का मंदिर सितंबर तक तैयार हो जाएगा। बातचीत में उन्होंने बताया कि श्री राम मंदिर में बनने वाले राम दरबार

**▸▸ राम दरबार की मूर्ति के स्वरूप को भी दिया जा रहा है अंतिम रूप**

की मूर्ति के स्वरूप को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। राम दरबार का स्केच फाइनल होने के बाद मूर्ति का निर्माण होगा। राम दरबार की प्रतिमा किस पत्थर पर बनेगी इसको लेकर मंथन चल रहा है। लोअर प्लिंथ पर बनने वाली मूर्ति का स्केच चित्रकार वासुदेव कामत तैयार कर रहे हैं। राम कथा म्यूजियम का कांसेप्ट भी जल्द स्पष्ट हो जाएगा। इसकी टेक्नोलॉजी पर बातचीत चल रही है।

उन्होंने कहा कि रामकथा म्यूजियम में प्रभु राम के अद्भुत स्वरूप का दर्शन होगा। राम कैसे पुरुषोत्तम हुए? चित्रांकन के जरिए



राम जन्मभूमि परिसर में शुक्रवार को बैठक लेते निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र व बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

भक्तों को समझाने का प्रयास किया जाएगा। राम कथा म्यूजियम में इसकी पूरी स्क्रिप्ट लिखी जाएगी। उसी के तर्ज पर म्यूजियम का निर्माण होगा।

ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि बैठक में निर्माण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्यों की समीक्षा की गई। मंदिर में लगने वाले पत्थरों की आपूर्ति, पत्थरों पर नक्काशी के कार्य को पूरा करने के लक्ष्य पर भी मंथन किया गया। बताया कि परकोटे में नौ लाख घन फुट पत्थर लगेंगे। परकोटे में छह मंदिरों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। भगवान शिव, गणेश, सूर्य, जगदंबा माता, हनुमान जी का मंदिर, अन्नपूर्णा देवी के मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। परकोटे के बेसमेंट का कार्य लगभग पूर्ण होने वाला है। मार्च 2025 तक परकोटे का कार्य पूरा हो जाएगा। मंदिर के निर्माण कार्य में भूतल के बाद प्रथम तल के निर्माण का कार्य जून माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। मंदिर के द्वितीय तल का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद शिखर के निर्माण का कार्य शुरू होगा।

डॉ. मिश्र ने बताया कि मंदिर में लगने वाले पत्थरों की आपूर्ति का कार्य पूरा हो चुका है। दिसंबर 2024 तक मंदिर के शिखर तक का कार्य पूर्ण हो जाएंगे। मंदिर परिसर में कुबेर टीला स्थित शिव मंदिर के सभी कार्य पूरे हो गए हैं। टीला के चारों तरफ बाउंड्री बाल का चल रहा है। यह अगस्त तक पूर्ण हो जाएगा। इसके बाद कुबेर टीले पर भी श्रद्धालु दर्शन पूजन कर सकेंगे। ट्रस्ट इसकी तैयारी कर रहा है। राम मंदिर परिसर में हनुमान की एक खंडित प्रतिमा पर श्री मिश्र ने कहा कि राम मंदिर के खंभों में मूर्तिकारी का कार्य चल रहा है। मूर्तिकारी के दौरान कोई बात ऐसी रही होगी लेकिन आज वहां ऐसी कोई मूर्ति नहीं है। ऐसी सभी मूर्तियों को निर्माण की प्रक्रिया में ठीक कर दिया गया है। बैठक में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, मंदिर के आर्टिटेक्ट आशीष सोमपुरा के साथ एलएनटी के इंजीनियर मौजूद थे।

## एक नजर

### जिले में धारा-144 लागू

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला मजिस्ट्रेट नितीश कुमार ने जिले में धारा 144 (निषेधाज्ञा) लागू की है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। बीच में वापस न लिया गया तो 21 जुलाई तक प्रभावी रहेगा। निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद उपबंधों में से निर्वाचन संबंधी प्रतिबंध प्रभावी नही रह जाएंगे। आदेश अथवा इसके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 के तहत दण्डनीय अपराध होगा।

### दो बाइकों की भिड़ंत में पति-पत्नी घायल

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र में ड्योढी बाजार के करीब बैदरापुर मोड पर शुक्रवार को दो बाइकों में सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक सवार खंडासा थाना क्षेत्र के अमावां सूफी निवासी राजेंद्र सिंह (58) व उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं हादसे के बाद दूसरी बाइक सवार शख्स मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी रौनाही पंकज सिंह ने बताया कि हादसे में घायल पति-पत्नी को पुलिस ने अस्पताल भेजवाया है। फरार दूसरे बाइक सवार की तलाश कराई जा रही है।

### परिवार गया था गांव, चोरों ने खंगाल लिया घर

**अयोध्या। अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के जयगुरुदेव आश्रम, सहादतगंज में चोरों ने एक मकान को अपना निशाना बनाया। दो मंजिले मकान के पांच दरवाजे और आलमारी-लॉकर तोड़ लगभग 32 हजार नकद, सोने व चांदी का सामान, एक लैपटॉप, दो स्मार्ट वाच तथा एक म्यूजिक सिस्टम पार कर दिया। वारदात के समय गृह स्वामी लखौरी गांव निवासी और गाँव के पूर्व प्रधान अभिषेक सिंह अपने पैतृक गांव गया हुआ था। गांव से वापस लौटने पर दरवाजों का ताला टूटा मिलने पर वारदात की जानकारी हुई। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य का कहना है कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच कराई जा रही है।

# राम मंदिर निर्माण से देश को मिली स्फूर्ति

अयोध्या कार्यालय

**अमृर विचार :** राम मंदिर निर्माण से पूरे देश को स्फूर्ति मिली है। कई साल पहले अयोध्या आया था। राम मंदिर बनने के बाद अयोध्या आने का प्रयास किया था लेकिन नहीं आ पाया था। आज प्रमुख रूप से रामलला के दर्शन के लिए आया हूं। ये बातें शुक्रवार को नागालैंड के राज्यपाल डॉक्टर ला गणेशन ने कहीं। वो परिवार के साथ राममंदिर में दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मैं बहुत पहले अयोध्या आया था जब कल्याण सिंह मुख्यमंत्री हुआ करते थे, अब नए मंदिर में भगवान के विराजमान होने



रामलला का दर्शन करते नागालैंड के राज्यपाल और उनका परिवार।

**▸▸ नागालैंड के राज्यपाल बोले- रामलला के दर्शन कर अभिभूत हूं**

के बाद आनंद के साथ दर्शन करने आया हूं। राम लला का दर्शन कर अभिभूत हूं। इससे पहले राज्यपाल सुबह महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या पहुंचे। जहां से वह सीधे सर्किट हाउस पहुंचे। वहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वहीं अल्प विश्राम के बाद राम मंदिर पहुंचे। रामलला के दर्शन करने के दौरान श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा अंगवस्त्र से स्वागत किया गया। रामलला के पुजारी ने प्रसाद प्रदान किया।

# सुभाषनगर निवासी युवक की मौत, मां-बहन गंभीर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के नैनीताल जिले स्थित दो गाँव के पास शुक्रवार को कार के गहरी खाई में गिरने से नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित सुभाषनगर निवासी एक युवक की मौत हो गई। उसकी मां और बहन को गंभीर हाल में हल्द्वानी में भर्ती कराया गया है। हादसे में उसके साथ हरिद्वार दर्शन-पूजन करने गए सुल्तानपुर और गुजरात निवासी नौ रिश्तेदार भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। परिवार के लोग शुक्रवार शाम हल्द्वानी के लिए रवाना हो गए हैं। वहीं शुभचिंतकों का आवास पर जमावड़ा शुरू हो गया है।

सुभाषनगर मोहल्ला स्थित हनुमानगढ़ी के सामने जायसवाल भवन निवासी लालचंद जायसवाल के परिवार के लोग अपने रिश्तेदारों के साथ मंगलवार की सुबह यहां से कार यूपी 42 एयू 4444 से हरिद्वार दर्शन-पूजन के लिए निकले थे। कारोबारी लालचंद जायसवाल का कहना है कि हरिद्वार और उसके आसपास मंदिरों में दर्शन-पूजन के बाद सभी नैनीताल घूमने चले गए। नैनीताल से दोपहर में बेटे विशाल के मित्र को फ़ोन आया था कि उनकी कार 100 फिट गहरी खाई में गिर गई है। सभी लोग घायल



विशाल (फाइल फोटो)



हादसे की जानकारी के बाद दुख व्यक्त करते परिवार व आसपास के लोग। अमृत विचार

**नैनीताल हादसा**

- ▸▸ नैनीताल में हुए हादसे में कई रिश्तेदार भी घायल
- ▸▸ परिवार के लोग हल्द्वानी के लिए रवाना

हो गए हैं। मामले की जानकारी के बाद भतीजा मनीष अपने मित्रों के साथ हल्द्वानी के लिए रवाना हुआ है। हादसे में 23 वर्षीय विशाल के मौत हुई है। उन्होंने बताया कि पत्नी साधना (40) व बेटी निधि (26) गंभीर रूप से घायल हैं। बेटा विशाल इनायतनगर थाना क्षेत्र के कुचेरा बाजार में किराना की दुकान चलाता था। अभी उसका विवाह नहीं हुआ है।

# सरकारी नल के जल से निकल रहे कीड़े

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर जल नल योजना का सच अब सामने आने लगा है। घटिया बोरिंग और निर्माण के कारण लगाई गई टंकी से निकलने वाले जल में मौजूद कीड़े अब घर-घर पानी के साथ टोटी से गिर रहे हैं। पानी की शुद्धता को लेकर ग्राम प्रधान के साथ ग्रामीणों ने शिकायत जल निगम में दर्ज कराई लेकिन अब तक कोई झांकने तक नही पहुंचा।

विकासखंड की ग्राम पंचायत परानापुर में करोड़ों की लागत से तैयार की गई पानी टंकी का पानी इतना दूषित निकल रहा है कि पीने योग्य होना तो दूर पशुओं तक को



परानापुर में बनी पानी की टंकी जिससे हो रही दूषित जलापूर्ति।

**▸▸ ग्राम प्रधान और ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद विभाग मौन**



पानी में तैरते कीड़े (लाल घेरे में)।

> अभी शिकायत तो नहीं मिली लेकिन मामला बड़ी गड़बड़ी और जांच का है। जिम्मेदार बचेंगे नहीं। कीड़े युक्त पानी आने की पूरी जांच कराई जाएगी।
> **-अशोक कुमार सैनी, उपजिला अधिकारी, सोहावल**

पिलाने लायक नही है। ग्राम प्रधान अयोध्या प्रसाद वर्मा ने शुक्रवार को बताया 560 फिट गहरी बोरिंग से बनाई गई पानी टंकी का शुभारंभ कुछ महीने पहले ही किया गया है। टंकी शुरू होने पर पानी साफ आ रहा था पिछले सप्ताह पानी की टोटी से कुछ कीड़े दिखाई पड़े थे। बीच में कम पड़ गए आज काफी मात्रा में पानी के साथ टोटी से निकलने लगे तो पूरे गांव में हलचल मच गई है। गांव निवासी धर्मेंद्र प्रजापति ने सप्ताह भर पहले इसकी शिकायत जल निगम में की है लेकिन विभागीय कोई अब तक झांकने तक नही पहुंचा। जलनिगम के जेई अभय सिंह से पक्ष जानने की कोशिश की गई लेकिन फोन नही उठाया गया।

## राममंदिर में मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध

**अयोध्या।** राम मंदिर में मोबाइल फोन ले जाना सभी के लिए आज 25 से पूर्णतया प्रतिबंधित कर दिया गया है। अब से पहले कई लोग मोबाइल फोन लेकर अंदर जाते थे। मंडलायुक्त गौरव दयाल व आईजी प्रवीण कुमार ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को बैठक की। इसमें राम मंदिर में मोबाइल फोन ले जाने से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब राम मंदिर परिसर में 25 मई से मोबाइल फोन ले जाना पूर्णतया प्रतिबंधित होगा। आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि ये नियम तो पहले से लागू है, लेकिन कुछ लोग वीआईपी के नाम पर छूट ले लेते थे। अब ये नियम सभी पर समान रूप से लागू होगा।

# अपर जिला जज ने खारिज किया जिला मजिस्ट्रेट का आदेश

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** गोवंश के परिवहन में पकड़े गए वाहन को जब्त करने के जिलाधिकारी के आदेश को शुक्रवार को अपर जिला जज हेमंत कुमार ने निरस्त कर दिया। उन्होंने पत्रावली प्रति प्रेषित करते हुए उच्च न्यायालय द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों के अनुरूप फिर से आदेश पारित करने को कहा है।

अधिवक्ता सलीम नैयर ने बताया कि 4 अगस्त 2023 को इनायत नगर थाना पुलिस ने भदोखरा गांव के पश्चिम हजारीलाल इंटर कॉलेज को जाने वाले खड़ंजे पर तीन लोगों को एक सफेद रंग के पिकअप में

**▸▸ कहा कि डीएम ने नहीं किया न्यायिक विवेक का इस्तेमाल**

गोवंशीय पशुओं को लादते हुए शिबू निवासी बोहारी थाना मवई, असगर अली निवासी मुकीमपुर पहाड़पुर नउवन का पुरवा थाना इनायत नगर, अजय रावत निवासी कटरौली थाना रोनाही को पकड़ा था। पिकअप बुध्दिराम निवासी कटरौली थाना रौनाई के नाम पंजीकृत थी। छह गोवंशीय पशु भी बरामद हुए थे। पकड़े गए लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी और वाहन को 9 फरवरी 2024 को जिला मजिस्ट्रेट ने जब्त करने का आदेश पारित किया था। इस आदेश को बुधीराम ने जिला जज की अदालत में चुनौती दी। जिला जज ने इसे सुनवाई के लिए अपर जिला जज की अदालत में स्थानांतरित कर दिया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपने आदेश में लिखा कि जिला मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश न्यायिक विवेक इस्तेमाल के बिना है और निहित क्षेत्राधिकार का अनुचित प्रयोग है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निरमुक्ति और जब्तीकरण का आदेश एक साथ किया है, जबकि सुभिन्न विषयों के लिए पृथक आवेदन पर पृथक आदेश पारित किया जाना उचित होता है। आदेश पत्रक पर किसी अधिवक्ता एवं पक्षकार के हस्ताक्षर नहीं है और इसी टिप्पणी के साथ कोर्ट ने जिलाधिकारी का आदेश निरस्त कर दिया।

# 26 में से 16 अफसरों ने दी निरीक्षण की रिपोर्ट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पशुपालन विभाग की ओर से जिले भर में संचालित गोशालाओं में संरक्षित किए जा रहे पशुओं के भौतिक सत्यापन के लिए जिलास्तरीय 26 अफसरों की ड्यूटी लगी है। अप्रैल महीने में सिर्फ 10 अफसरों ने अपनी आवंटित गोशाला का निरीक्षण कर पशुपालन विभाग को रिपोर्ट सौंपी है। 16 अफसरों ने रिपोर्ट जमा नहीं की है।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी जगदीश सिंह ने बताया कि जिन्होंने अभी तक रिपोर्ट नहीं सौपी है उन्हें रिमाइंडर भेजा गया है। जिले भर में दो हजार से अधिक गोशालाएं

**▸▸ गोशालाओं में गड़बड़ी के मामले में बरती जा रही है लापरवाही**

संचालित हैं। जिन्हें लेकर बार-बार शिकायत सामने आती रहती है। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर जांच कराई जा रही है, लेकिन लापरवाही के चलते पूरी रिपोर्ट नहीं आ रही है। इससे पहले गोशालाओं में भूसा खरीद को लेकर भी सवाल उठे थे। भूसा खरीद में अधिक पशु दिखा कर भूसे की धनराशि आहरित किए जाने के मामले सामने आए थे लेकिन उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। सीवीओ कहते हैं अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है लेकिन देखा जा रहा है कहां गड़बड़ी हो रही है।

## रोडवेज बस का रंग रोगन खराब है तो कीजिए व्हाट्सएप

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** आप रोडवेज बस से यात्रा कर रहे हैं तो देखिए बस का रंग रोगन, सीट, इंडीकेटर खराब तो नहीं है। खराब हो तो दिए व्हाटसएप कीजिए। इसके लिए परिवहन निगम ने व्हाटसएप नंबर 9415049606 जारी किया है। निगम आपकी शिकायत को संज्ञान लेगा। दर्शायी गई कमी को दूर कराएगा। इन दिनों परिवहन निगम बसों के कायाक्लप का अभियान चला रहा है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य प्रकाश ने बताया कि बस यात्रियों की सुविधा को बेहतर करने के लिए परिवहन निगम इन दिनों बसों के कायाकल्प का अभियान चला रहा है। इसके तहत बसों की बाड़ी, रंगरोगन, सीट जैसे भौतिक कमियों पर यात्री अपनी शिकायत जारी व्हाटसएप पर फोटो और बस नंबर आदि डिटेल के साथ भेज सकते है। मैसेज मिलने पर डिपो या क्षेत्रीय कार्यशाला के स्तर पर इसे दुरुस्त कराया जाएगा। हालांकि अभी फैजाबाद के लिए कोई शिकायत नहीं आई है। इसमें विभाग के स्तर पर कोई लापरवाही मिलने पर कार्रवाई भी हो सकती है।

# 1792 स्कूलों के 2000 ग्रुप से जुड़े 18000 अभिभावक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डिजिटल तकनीक परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। बेसिक स्कूलों में भी अब बच्चे ऑफलाइन पढ़ाई के साथ-साथ ऑनलाइन शिक्षा से जुड़ रहे हैं।

जिले के 1792 बेसिक स्कूलों में करीब 2000 व्हाट्सएप ग्रुप संचालित किए जा रहे हैं। इनके जरिए बच्चों और अभिभावकों को सीधे पठन-पाठन से जोड़ा गया है। इनमें करीब 18000 अभिभावक जुड़े हैं। ग्रुप के एडमिन विद्यालय के प्रधानाध्यापक हैं। तकनीक के जरिए ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक पहुंच बनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से यह योजना बनाई गई है। इन ग्रुपों में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, योग, व्यायाम, संगीत और कहानियां और फन गेम के जरिए बच्चों को गर्मी की

**▸▸ बच्चे ऑफलाइन पढ़ाई के साथ-साथ ऑनलाइन शिक्षा से जुड़ रहे**

छुट्टियों का होमवर्क कराया जाएगा। साथ ही शिक्षक ग्रुप पर ही अभिभावकों से फीडबैक भी लेंगे। बीते दिनों महानिदेशक बेसिक शिक्षा की ओर से गर्मी की छुट्टियों में भी बच्चों को पठन-पाठन से जोड़े रखने के लिए निर्देश जारी किए गए थे। इसी के तहत शिक्षकों ने व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर इस पर काम शुरू किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा कि छुट्टियों में बच्चों को पढ़ाने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप आसान तरीका है। वहीं, अभिभावक इसे गंभीरता से नहीं ले रहे। शिक्षकों का कहना है कि ज्यादातर अभिभावक मैसेज ही नहीं देखते हैं। इससे बच्चों को पता ही नहीं चल पाता है कि उन्हें क्या होमवर्क दिया गया है। इसके लिए समय-समय पर अभिभावकों को कॉल की जा रही है।

## सार-संक्षेप



थर्मल प्रिंटर वितरित करते प्रवर डाक अधीक्षक एचके यादव। अमृत विचार

### मंडल के 350 डाकघरों में प्रिंटर वितरित, स्पीड पोस्ट सेवा की शुरू

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्रवर डाक अधीक्षक एचके यादव ने मंडल के शुक्रवार को 350 से अधिक शाखा डाकघरों को थर्मल प्रिंटर वितरित कर रजिस्ट्री स्पीड पोस्टसेवा की शुरुआत की। उन्होंने डाक कर्मियों में उत्साह का संचार करते हुए कहा कि इससे गांव गांव के डाकघरों में रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, तथा पीएलआई की सुविधा सुलभ होगी। उन्होंने कहा कि हम सभी के अच्छे आचरण एवं मेहनत से आज भी डाक विभाग के प्रति आम जनमानस का विश्वास एवं अच्छी छवि बनी हुई है, इसे कायम रखने का दायित्व हमरा है। इस दौरान निरीक्षक हरिमोहन सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, शाखा प्रबंधक चेतन जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### सड़क पर पड़ी केबल से हो सकता बड़ा हादसा



मवई चौराहे से पटरंगा जाने वाले मार्ग पर पड़ी केबल। अमृत विचार

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** रूदौली तहसील क्षेत्र के मवई चौराहा स्थित पटरंगा मार्ग पर इंटरनेट केबल बीच सड़क पर लगभग एक सप्ताह से पड़ी हुई है। इसकी चपेट में आकर रोज दो पहिया वाहन चालक फिसल कर गिर रहे हैं। क्षेत्र निवासी महेश चंद्र गुप्ता, सर्वेश मिश्रा, राजेश शर्मा, साकिब, रामदेव यादव आदि लोगों ने बताया एक सप्ताह से अधिक हो गया इंटरनेट केबल बीच सड़क पर पड़ी हुई है। उप जिलाधिकारी रुदौली अंशिका दीक्षित ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। संबंधित अधिकारियों को मौके पर भेजकर केबल हटवाई जाएगी।

### चोरी के आरोपी का शांति भंग में चालान

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र के ग्राम ढेमवा निवासी एक युवक के घर में चोरी की नियत से घुसे आरोपी को घर वालों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान शांति भंग में कर इति श्री कर लिया। पीड़ित राम रामऔतार व मनोज कुमार ने मामले की शिकायत पुलिस महानिरीक्षक से करते हुए न्याय की गुहार की है। थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया मामले की अभी पड़ताल चल रही है। घटना सत्य साबित हुई तो आरोपी को जेल भी भेजा जाएगा।

**सूरत-ए-हाल** | शैक्षिक सत्र 2024-25 में माध्यमिक विद्यालयों में जोड़े गए हैं नौ खेल, जुलाई से होना है प्रशिक्षण

# नए खेलों की जानकारी नहीं, कैसे कराए प्रशिक्षण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा विभाग ने शैक्षिक सत्र 2024-25 में खेल प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम शुरू किया और नौ नए खेलों को शामिल किया गया है। कुछ खेल तो ऐसे हैं जिनका नाम विद्यार्थियों और खेल शिक्षकों ने कभी सुना नहीं। ऐसे में इन खेलों का हिस्सा विद्यार्थी कैसे बन पाएंगे यह बड़ा सवाल है।

जिले में 28 राजकीय, 50 अनुदानित, वित्त विहीन 366 कुल 444 माध्यमिक विद्यालय हैं। कुछ कॉलेजों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश में व्यायाम शिक्षक कार्यरत हैं। एक अप्रैल से शुरू हुए नए शैक्षिक सत्र 2024-25 में माध्यमिक शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों में खेल को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। इस बार खेल सूची में नौ नए खेलों को शामिल किया गया है। शतरंज के साथ ही गतका, कलारीपयट्टू, थांगता जैसे खेलों को शामिल किया गया है। विद्यालयों में तैनात अधिकांश व्यायाम शिक्षकों को गतका, कलारीपयट्टू, थांगता खेल के बारे में जानकारी ही नहीं है।

सप्ताह में एक बार आयोजित होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता में इन खेलों के आयोजन को लेकर शिक्षक परेशान है। ऑनलाइन खेल को सर्च करने की कोशिश की जा रही है। साथियों से नए खेल के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। मगर, इन खेलों का प्रशिक्षण न होने के कारण व्यायाम शिक्षक इन नए खेलों को संचालित नहीं कर पाएंगे।

**इन खेलों को किया शामिल**

माध्यमिक शिक्षा विभाग ने शतरंज, थांगता, गतका, कलारीपयट्टू, जिम्नास्टिक, लॉन टेनिस, तीरंदाजी, जूडो व सॉफ्ट बॉल खेल को शामिल किया है। सभी खेलों का प्रशिक्षण जुलाई माह से सप्ताह में एक बार दिए जाने का निर्देश दिया गया है।

**महत्वपूर्ण जोड़े गए खेल**

**थांगता :** यह मणिपुर राज्य का मार्शल आर्ट खेल है। तलवार, भाले और ढाल के साथ खेले जाने वाला यह खेल आत्मरक्षा और युद्ध कला की पारंपरिक गतिविधि है।

**कलारीपयट्टू :** यह केरल के मार्शल आर्ट का नाम है। यह लाठी और चाकू चलाने में महारत हासिल करने वाला खेल है। यह व्यक्तिगत युद्ध परीक्षण की एक प्रणाली है।

**गतका :** इसे गुरुमुखी और शाहमुखी से नाम से भी जाना जाता है। यह लाठी लड़ाई की एक मार्शल आर्ट शैली है। पंजाब में इसका प्रशिक्षण दिया जाता है।

> खेल को बढ़ावा देने के लिए नौ नए खेल जोड़े गए हैं। सप्ताह में एक बार खेल गतिविधियां विद्यालय में आयोजित करने का आदेश दिया गया है। कुछ खेलों के नाम नए हैं। स्टेडियम में संपर्क कर व्यायाम शिक्षकों को नए खेलों का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। उसके बाद विद्यालयों में इन खेलों की गतिविधियां होंगी। **– डॉ. राजेश कुमार आर्या, डीआईओएस**

## बच्चों हो जाओ तैयार, आपके स्कूल में लगेंगे समर कैंप

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर गर्मी की छुट्टियों में परिषदीय स्कूलों के बच्चों को तरह-तरह की गतिविधियों से जोड़ने के लिए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें न सिर्फ बच्चों को खुशनुमा माहौल दिया जायेगा। बल्कि उन्हें कई नई बातें भी सिखाई जाएंगी।

बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि 29 में से 5 जून तक आयोजित होने वाले समर कैंप के लिए प्रत्येक विकासखंड से एक स्कूल का चयन किया गया है। इन समर कैंप में बच्चों को चित्रकला, पेंटिंग, कोलाज मेकिंग सिखाई जायेगी। बच्चों को विज्ञान से जुड़े प्रयोग, कहानी सुनाना, निबंध लिखना, किताब बनाना, क्विज कंपटीशन, अभिनय, अखबार पढ़ना जैसी चीजें सिखाई जाएंगी। खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। बच्चों को गीत संगीत की भी शिक्षा दिए जाने की योजना तैयार की गई है।

छठा चरण

उत्तर प्रदेश में छठे चरण में 14 लोकसभा सीटों सुलतानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, श्रावस्ती, बस्ती, डुमरियागंज, अंबेडकरनगर, संत कबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछली शहर व भदोही में शनिवार को वोट डाले जाएंगे। 2019 के चुनाव में भाजपा इनमें नौ सीटें ही जीत सकी थी। चार सीटें लालगंज, श्रावस्ती, अंबेडकर नगर और जौनपुर में बसपा जीती थी, जबकि आजमगढ़ सीट सपा के खाते में गई थी, जो उसने उपचुनाव में गंवा दी थी। ऐसे में भाजपा के सामने इस बार पिछले प्रदर्शन से आगे निकलने की चुनौती है, तो सपा के पीडीए की असली परीक्षा पूर्वांचल में ही मानी जा रही है, जबकि बसपा के सामने पिछली बार जितनी सीटें जीतकर आधार बचाने का दबाव है। इन 14 में आधी सीटों पर भाजपा और सपा में जोरदार मुकाबला देखने में आया है। माना जा रहा है कि यहां जातीय समीकरणों के चलते पलड़ा किसी ओर भी झुक सकता है।

# छठे चरण की सीटें आठ, जिन पर लड़ाई आर-पार

**14** लोकसभा सीटों पर आज मतदान, आधी सीटों पर कड़ा संघर्ष

**09** सीटें ही इनमें भाजपा 2019 के चुनाव में जीत सकी थी।

दिग्विजय सिंह

## आजमगढ़ का रण जीतने पूरा सैफई कुनबा उतरा

आजमगढ़ सीट सपा का गढ़ मानी जाती है। 2014 में स्व. मुलायम सिंह यादव और 2019 में अखिलेश यादव यहां से जीते थे। लेकिन अखिलेश ने करहल विधासभा सीट जीतने के बाद आजमगढ़ सीट से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद हुए उपचुनाव में भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ ने सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव को हरा दिया था। इस बार फिर से धर्मेंद्र को चुनावी मैदान में उतारकर पूरा यादव कुनबा उस हार का बदला लेने को आतुर है। 2022 के उपचुनाव में धर्मेंद्र को करीब 3.04 लाख वोट मिले थे। वह निरहुआ से सिर्फ आठ हजार वोटों से पीछे रह गए थे। बसपा से उतरे गुड्डू जमाली को 2.66 लाख वोट मिले थे। उन्हें ही हार का जिम्मेदार माना गया था। जमाली अब सपा में हैं। बसपा से इस बार मशहूद अहमद ताल ठोंक रहे हैं, पर उनके लिए जमाली जैसा समर्थन नहीं नजर आ रहा है। हालांकि भाजपा सांसद निरहुआ को दूसरी जीत का पूरा भरोसा है। लेकिन आंकड़े सपा के पक्ष में दिख रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटें सपा के पास हैं। पार्टी के मुख्य वोट बैंक, मुस्लिम और यादवों की संख्या यहां ज्यादा है। अनुमान है कि यादवों की आबादी 21 फीसदी, दलितों की 20 फीसदी और मुसलमानों की आबादी 17 फीसदी है।



## श्रावस्ती में बूथ जीतने के लिए कांटे का संघर्ष

- श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र ब्राह्मण-मुस्लिम बहुल है। परिसीमन के बाद 2009 में यहां पहली बार चुनाव हुआ था। पिछले तीन चुनावों में कांग्रेस, भाजपा व बसपा एक-एक बार जीती है। 2019 में बसपा के राम शिरोमणि शर्मा ने भाजपा सांसद दद्दन मिश्रा को 5,320 मतों से हरा दिया था। कांग्रेस के धीरेंद्र प्रताप सिंह 58 हजार मत पाकर तीसरे स्थान पर थे। यहां मतों की लड़ाई को 2014 के चुनाव से समझा जा सकता है, जब भाजपा से जीते दद्दन मिश्रा को 3.45 लाख, सपा के अतीक अहमद को 2.60, बसपा के लालजी वर्मा को 1,94 लाख वोट मिले थे। इस बार यहां भाजपा प्रत्याशी राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के पुत्र साकेत मिश्र ने ब्राह्मण मतों के साथ पार्टी के परंपरागत मतों को अपने पक्ष में गोलबंद कर रखा है। सांसद रामशिरोमणि वर्मा बसपा छोड़कर सपा से उतरे थे। बसपा ने मुइनुद्दीन अहमद खान को मैदान में उतारा था। यहां लोगों का कहना है कि मुस्लिम मत बसपा और सपा में बंटते नजर आ रहे हैं। ऐसे में दलित मत निर्णायक भूमिका में आ गए हैं, जिन पर तीनों प्रत्याशी अपना-अपना दावा कर रहे हैं। कांटे के मुकाबले में प्रचार खत्म होने के बाद लड़ाई अब बूथ जीतने की कोशिश में बदल गई है।

## जौनपुर में वोटों का बंटवारा, भाजपा को धनंजय की ताकत

- जौनपुर सीट पर 1996 से भाजपा और बसपा को तीन-तीन बार जीत मिली है। सपा यहां दो बार जीती है। इस बार यहां बसपा से सांसद श्याम सिंह यादव, भाजपा के कृपाशंकर सिंह और सपा से उतरे पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा के बीच तिकोना मुकाबला हुआ है। भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रह चुके हैं, लेकिन रहने वाले जौनपुर के हैं। जौनपुर के बड़ी संख्या में लोग मुंबई में रहते हैं। बाहुबली धनंजय सिंह का समर्थन मिलने के बाद उनकी स्थिति मजबूत मानी जा रही है। सपा ने मुस्लिम, यादव, कुशवाहा समीकरण बनाकर मुकाबला अपनी ओर खींचने का प्रयास किया है, तो बसपा दलित वोट बैंक के साथ यादव मतों में सेंधमारी कर रही है। 2019 के चुनाव में बसपा के श्याम सिंह यादव ने भाजपा के सांसद कृष्ण प्रताप सिंह को 60 हजार मतों से हराया था। कांग्रेस के देवव्रत मिश्रा 27 हजार वोट पाकर तीसरे स्थान पर थे। 2014 में भाजपा के कृष्ण प्रताप सिंह वोटों के बंटवारे से जीत गए थे। उन्हें 3.67 लाख वोट मिले थे। बसपा के सुभाष पांडे को 2.20, सपा के पारसनाथ यादव को 1.80, निर्दलीय धनंजय सिंह को 64 हजार, आप पार्टी के डॉ. केपी यादव को 43 हजार और कांग्रेस के रविकिशन को भी करीब 43 हजार मत मिले थे। इस बार भी यहां वोटों का बंटवारा होना माना जा रहा है।



बीपी सरोज।



प्रिया सरोज।



कृपाशंकर सरोज।

## तीनों प्रत्याशी पासी, भाजपा-सपा में सिमटती कहानी

मछली शहर लोकसभा सीट से भाजपा सांसद बीपी सरोज के सामने जीत की हैट्रिक का मौका है। लेकिन 2019 के चुनाव में मामूली अंतर से मिली जीत और इस बार सपा और बसपा से भी सरोज (पासी) बिरादरी के प्रत्याशी होने से परिस्थितियां बहुत आसान भी नहीं है। सपा से सुप्रीम कोर्ट की वकील युवा प्रत्याशी प्रिया सरोज ने उन्हें कड़ी चुनौती दी है। प्रिया सपा से तीन बार सांसद रहे और वर्तमान में जौनपुर की केराकत विधानसभा सीट से विधायक तूफानी सरोज की बेटी हैं। तीसरे प्रत्याशी बसपा से उतरे पूर्व आईएएस अधिकारी कृपाशंकर सरोज भी पासी के अलावा कॉडर मतों पर भरोसा कर रहे हैं। पिछले चुनाव में बीपी सरोज देश में सबसे कम वोटों से जीतने वाले सांसद बने थे। उन्होंने बसपा के त्रिभुवन राम को 181 वोटों से हराया था। इस बार तीनों प्रत्याशी पासी बिरादरी से होने से सवर्ण मतदाता निर्णायक नजर आ रहे है। हालांकि मछली शहर में पिछड़े और दलित मतदाता सबसे ज्यादा हैं। पिछड़ों में भी यादव अधिक हैं तो दलितों में गौतम बिरादरी सर्वाधिक है। जानकार मुकाबला भाजपा और सपा के बीच सिमटता बता रहे हैं।

## लालगंज में सपा की चुनौती तोड़ पाएगी भाजपा

- लालगंज लोकसभा सुरक्षित सीट पर पिछले सात चुनावों में चार बार बसपा, दो बार सपा जबकि भाजपा ने सिर्फ एक बार 2014 में जीत दर्ज की थी। 2019 में सपा के साथ गठबंधन में बसपा की संगीता आजाद ने 54.01 मत प्राप्त करके भाजपा की सांसद नीलम सोनकर 37.19 प्रतिशत को हराया था। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने लालगंज लोकसभा क्षेत्र की सभी पांच विधानसभा सीटें जीती थीं। भाजपा से नीलम सोनकर ने इस बार जीत हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाया है। यहां माने जा रहे सीधे मुकाबले में लोग सपा से उतरे दो बार के सांसद दरोगा प्रसाद सरोज की स्थिति बेहतर बताते नजर आते हैं। बसपा सांसद की जगह पार्टी से उतरीं डॉ. इंदु चौधरी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की पूरी कोशिश करती नजर आई हैं। लेकिन इस सीट पर जीत-हार का फैसला जातीय समीकरणों से ही तय होना है।

## मेनका को त्रिकोणीय संघर्ष में बहाना पड़ा है पसीना

- सुल्तानपुर लोकसभा सीट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री भाजपा सांसद मेनका गांधी को नौवीं बार संसद में पहुंचने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ा है। 2019 में वह पहली बार सुल्तानपुर से चुनाव लड़ी थीं और कांटे के मुकाबले में बसपा के चंद्रभद्र सिंह को 14 हजार वोट से हराया था। इस बार सपा प्रत्याशी पूर्व राज्य मंत्री रामभुआल निषाद ने बाहरी होने के बाद भी सजातीय मतों तथा यादव-मुस्लिम मतों के सहारे उन्हें तगड़ी चुनौती दे रखी है। बसपा के स्थानीय युवा प्रत्याशी उदराज वर्मा ने भी कड़ी मेहनत की है। उन्हें कुर्मी और कॉडर वोट का सहारा है। पिछले तीन चुनावों में बसपा यहां दूसरे नंबर पर रही है। लोकसभा क्षेत्र की चार विधानसभा सीटों पर भाजपा तथा एक में सपा का कब्जा है। मुकाबला कड़ा समझकर ही मेनका गांधी ने पूरे चुनाव प्रचार की कमान खुद संभाले रखी है। मतदान से पहले यहां त्रिकोणीय संघर्ष की चर्चा है।

## जातीय बिसात पर शह-मात के खेल में अब वोटर की चाल

मनोज त्रिपाठी

- सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए में गैर यादव ओबीसी रणनीति का होने जा रहा इम्तिहान
- धनंजय सिंह और राजा भैया का कहां और कितना चला सिक्का, इसका भी चल जाएगा पता
- सुभासपा, अपना दल (एस), निषाद और जनवादी पार्टी से भाजपा को कितना मिलेगा आक्सीजन

**अमृत विचार।** पूर्वांचल में लोकसभा चुनाव की जातीय बिसात पर शह और मात के खेल में सपा ने इस बार गैर-यादव ओबीसी का दांव चला है तो भाजपा ने सवर्ण कार्ड से किलेबंदी करते हुए ओबीसी वोट बैंक को अपने पाले से बाहर नहीं जाने देने की व्यूह रचना की है। छठे चरण के चुनाव वाली 14 सीटों पर इंडिया गठबंधन के तहत 12 सीटों पर सपा ने चुनाव लड़ा है, जबकि कांग्रेस ने इलाहाबाद तो टीएमसी ने भदोही में किस्मत आजमाई है। सपा का सिर्फ डुमरियागंज में ही अगड़ी जाति से भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी को उतारा है। बाकी 11 सीटों पर उसने पिछड़ों और दलित को मौका दिया था। ऐसे में सपा के गैर-यादव ओबीसी प्रत्याशियों ने भाजपा को कड़ी देकर आधा दर्जन सीटों पर मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। सपा के श्रावस्ती, बस्ती, प्रतापगढ़, अंबेडकरनगर सीट पर कुर्मी समुदाय के प्रत्याशी लड़ाई में हैं। संतकबीरनगर और सुल्तानपुर सीट पर निषाद जाति और फूलपुर और जौनपुर में मौर्य समाज के उम्मीदवारों ने मजबूती से मुकाबला किया है। इसी तरह लालगंज और मछलीशहर सुरक्षित सीट पर सपा के पासी समुदाय के प्रत्याशियों ने भाजपा की राह में कांटे बो रखे हैं। अकेले आजमगढ़ में यादव बिरादरी से सपा मुखिया अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव चुनाव लड़ रहे हैं। उधर, इंडिया गठबंधन की सहयोगी पार्टी कांग्रेस ने इलाहाबाद में भूमिहार समाज के उज्जवल रमण सिंह को उतारकर भाजपा के ब्राह्मण प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी की नाक में दम कर रखी है, तो भदोही में तृणमूल कांग्रेस से ब्राह्मण प्रत्याशी ललितेश पति त्रिपाठी समीकरण उलटने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं।

### भाजपा की सवर्ण और ओबीसी दांव से कमल खिलाने की रणनीति

- भाजपा छठे चरण की सभी 14 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद के बेटे प्रवीण निषाद भाजपा के कमल निशान पर ही उतरे हैं। भाजपा ने इस चरण की एक दर्जन सामान्य सीटों में अधिकांश पर अगड़ी जाति के ही प्रत्याशी उतारे हैं। सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, इलाहाबाद और बस्ती सीट पर भाजपा के प्रत्याशी ब्राह्मण हैं, जबकि जौनपुर और डुमरियागंज सीट पर ठाकुर बिरादरी के प्रत्याशी हैं। पार्टी ने आजमगढ़ में यादव, प्रतापगढ़ में तेली, फूलपुर में कुर्मी और संत कबीर नगर तथा भदोही में निषाद समुदाय को प्रतिनिधित्व दिया है।

### ओबीसी का वर्चस्व, उपजातियां भी नहीं कम

- पूर्वांचल की पूरी सियासत में ओबीसी का वर्चस्व माना जाता है। यहां कई सीटों पर ओबीसी वोट 50 फीसदी तक है। ऐसे में यह वोट बैंक जीत-हार तय कर देता है। अनुमानित आंकड़ों के मुताबिक पूर्वांचल में मुसलमान 17 फीसदी, यादव 14 फीसदी, अन्य पिछड़ा वर्ग 27 फीसदी दलित 22 फीसदी, ब्राह्मण 10 फीसदी और राजपूत सात फीसदी से कुछ अधिक माने जाते हैं। राजपूत वोटों को भाजपा ने धनंजय सिंह से जौनपुर ही नहीं आसपास की कई सीटों पर साधने की कोशिश की है, हालांकि राजा भैया की नाराजगी पार्टी को दो-तीन सीटों पर परेशान कर रही है। पूर्वांचल की कई सीटों पर राजभर, कुर्मी, मौर्या, पासी, निषाद, चौहान (नोनिया) जैसी गैर यादव ओबीसी जाति के वोटर इतनी संख्या में हैं कि वो किसी भी दल को जीत दिला सकते हैं। भाजपा ने इसे देखते हुए ही ओमप्रकाश राजभर की पार्टी सुभासपा, निषाद पार्टी, अपना दल (एस) और जनवादी पार्टी को अपने साथ जोड़कर जीत का ताना बाना बुना है।

### नोनिया मतदाताओं में असमंजस की स्थिति

- घोसी संसदीय सीट पर नोनिया और राजभर मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या है। हालांकि ये दोनों जातियां भाजपा के परंपरागत मतदाता के रूप में गिनी जाती हैं। 2022 के विधानसभा और 2019 के लोकसभा चुनाव में इनके मतों में जबरदस्त बंटवारा होने से इस सीट पर बसपा को लाभ मिला था। बसपा से नोनिया जाति के पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान के मैदान में आने और जनवादी पार्टी अध्यक्ष संजय चौहान के भाजपा के साथ जाने से नोनिया चौहान मतदाता यहां असमंजस की स्थिति में दिख रहा है।

### लालगंज में राजपूत और पासी मतदाता दिख रहे हैं निर्णायक

- लालगंज सीट पर राजपूत मतदाताओं का दबदबा है। पासी और सोनकर मतदाता भी यहां निर्णायक भूमिका निभाते हैं। 2014 में सोनकर और पासी मतदाताओं का साथ पाकर भाजपा सीट जीत गई थी लेकिन 2019 के लोकसभा और 2022 के विधानसभा चुनाव में ये मतदाता सपा के साथ चले गए थे। मछलीशहर में पासी जाति के ही उम्मीदवार सपा, भाजपा और बसपा से होने से पासी समाज के मतदाता असमंजस में हैं। यहां इस जाति का एकमुश्त वोट किसी दल के साथ जाता नहीं दिख रहा है। जौनपुर में कोइरी, कुशवाहा मतदाताओं का भाजपा पर जबरदस्त प्रभाव है पर बाबू सिंह कुशवाहा के सपा से आने के बाद सपा सेंधमारी करती दिख रही है। बसपा से यादव जाति के उम्मीदवार के कारण यादव भी बंटा दिख रहा है।

**अंबेडकरनगर में बसपा ने खड़ी की सपा के लिए मुश्किल**

अंबेडकरनगर में आठ में से छह चुनाव बसपा ने जीते हैं। लेकिन इस बार यहां समीकरण बदले नजर आ रहे हैं। बसपा के सांसद रितेश पांडेय ने भाजपा से चुनाव लड़ा है। उनको बसपा सरकार में मंत्री रहे और छह बार के विधायक लालजी वर्मा ने सपा उम्मीदवार के रूप में कड़ी टक्कर दी है। इनके मुकाबले बसपा ने करीब ढाई लाख मुस्लिम मतदाताओं को देखते हुए जलालपुर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कमर हयात को मैदान में उतारा था, जिन्होंने लड़ाई को त्रिकोणीय बनाकर सपा के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। 2019 में यहां बसपा के रितेश पांडेय ने भाजपा के मुकुट बिहारी को 96 हजार मतों से हरा दिया था। इससे पहले 2014 में भाजपा के हरिओम पांडे जीते थे। लेकिन बसपा के राकेश पांडेय को 2.92 लाख, सपा के राममूर्ति वर्मा को 2.34 लाख और कांग्रेस के अशोक सिंह को 23 हजार मत मिले थे। 2009 में रितेश पांडेय के पिता राकेश पांडेय बसपा से सांसद चुने गए थे।

**बस्ती में बसपा के दांव से भाजपा को हैट्रिक की आस**

बस्ती लोकसभा सीट पर 2019 में जोरदार मुकाबला हुआ था। यहां इस बार भाजपा प्रत्याशी सांसद हरीश द्विवेदी ने जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कड़ी मेहनत की है। पिछली बार उन्होंने बसपा के रामप्रसाद चौधरी को 30,354 मतो से हराया था। इस बार भी हरीश द्विवेदी के सामने पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी हैं, लेकिन वह सपा से चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि बसपा से ताल ठोंक रहे लवकुश पटेल ने सपा की मुश्किलें बढ़ाई है। बस्ती लोकसभा क्षेत्र से अब तक सपा को जीत नसीब नहीं हुई है, बसपा दो बार चुनाव जीत चुकी है। लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों में तीन पर सपा काबिज है, जबकि भाजपा और सुभासपा के पास एक-एक सीट है। यहां करीब सात लाख ओबीसी मतदाताओं में कुर्मी वोट का बंटवारा होता साफ नजर आ रहा है, जबकि पांच लाख से ज्यादा सवर्ण वोटों का बड़ा हिस्सा भाजपा के समर्थन में खड़ा है।

**मतदान की तैयारी**



हरियाणा के अंबाला में मतदान के लिए पोलिंग बूथ पर रवानगी से पहले ईवीएम की कंट्रोल और बैलेट यूनिट को जोड़कर उसे परखते मतदान कार्मिक। यहां शनिवार को वोट डाले जाएंगे।

## हरियाणा में वोटों के बंटवारे से भाजपा जीत को आशवस्त

**चुनाव डेस्क।** हरियाणा में छठे चरण में सभी 10 लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान होगा। पिछली बार क्लीन स्वीप करने वाली भाजपा को इस बार कांग्रेस के साथ कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि भाजपा नेताओं को उम्मीद है कि विपक्षी दलों कांग्रेस, इनेलो और जेजेपी के बीच वोटों के बंटवारे से वह नुकसान उठाने से बच जाएगी। राज्य में 10 साल की सत्ता विरोधी लहर से जूझ रही भाजपा को तीन माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ता बरकरार रखने की भी चिंता है। जानकार कह रहे हैं कि हरियाणा में पिछले 15-20 साल में पहली बार ऐसी सत्ता विरोधी लहर दिख रही है। ग्रामीण क्षेत्र में जाटों और किसानों की नाराजगी ईवीएम पर निकली तो चौंकाने वाले रिजल्ट भी आ सकते हैं। हालांकि भाजपा के रणनीतिकार 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिले 58.02% वोटों के कारण थोड़े आशवस्त नजर आ रहे हैं। कांग्रेस को 2019 में में 28.42% वोट ही मिले थे। ऐसे में करीब 30% वोटों का फासला तय करना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है। हालांकि जाटों के एकमुश्त वोट पाकर कांग्रेस इस काम को अंजाम दे सकती है। राज्य में जाटों की आबादी लगभग 27 फीसदी है।

# केजरीवाल और मालीवाल के साथ समस्याएं भी बनीं मुद्दा

## दिल्ली की सातों सीटों पर भाजपा के सामने क्लीन स्वीप तो आप-कांग्रेस के लिए वोट ट्रांसफर की चुनौती

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिहाई के बाद आम आदमी पार्टी के प्रचार अभियान में दम दिखा। लेकिन उनके खिलाफ शराब घोटाला और सांसद स्वाति मालीवाल से कथित बदसलूकी का मुद्दा भी खूब चर्चा में रहा है। अब देखने वाली बात यह है कि गठबंधन में चुनाव लड़ रहीं कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अपने सौ फीसदी वोट एक दूसरे को ट्रांसफर करा पाती हैं या नहीं, क्योंकि 2019 में दिल्ली की सभी साट सीटों पर भाजपा की जीत का अंतर इतना बड़ा है कि उसे पाटना आसान काम नहीं है।

**पूर्वी दिल्ली में आरोप-प्रत्यापरोप से उलझे मतदाता :** पूर्वी दिल्ली सीट पर भाजपा के हर्ष मल्होत्रा का मुकाबला आम आदमी पार्टी के विधायक कुलदीप कुमार ने जमकर किया है। यहां केजरीवाल ने खास प्रचार किया। प्रचार अभियान में गाजीपुर लैंडफिल साइट, जीएसटी और सीलिंग कार्रवाई के साथ कॉलोनियों को नियमितीकरण जैसे मुद्दे पर खूब आरोप-प्रत्यारोप हुआ।

**नई दिल्ली में दो वकीलों की रोचक लड़ाई:** नई दिल्ली लोकसभा सीट पर भाजपा से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी वकील बांसुरी स्वराज का आम आदमी पार्टी के वकील सोमनाथ भारती से मुकाबला हुआ। दोनों ही उम्मीदवारों का ये पहला लोकसभा चुनाव था। यहां व्यापारियों की समस्या के साथ ही पानी, सीवर और पार्किंग के मुद्दे प्रचार के दौरान हावी नजर आए।

**पश्चिमी दिल्ली में प्रत्याशियों ने काम बनाए मुद्दा :** पश्चिमी दिल्ली सीट पर आम आदमी पार्टी से उतरे पूर्व सांसद महाबल मिश्रा और भाजपा की कमलजीत सेहरावत के बीच दिलचस्प जंग हुई है। महाबल मिश्रा अपने सांसद काल में कराए कामों की दुहाई देकर केजरीवाल सरकार के काम पर वोट मांगते रहे। उधर कमलजीत दक्षिण दिल्ली नगर निगम में मेयर रहते कराए काम गिनाकर मोदी की गारंटी याद दिलाती रहीं।

**दक्षिणी दिल्ली में बुनियादी सुविधा दिलाने का वादा:** दक्षिणी दिल्ली सीट से भाजपा विधायक रामवीर सिंह बिधूड़ी और आम आदमी पार्टी के सही राम पहलवान के बीच हुए संघर्ष में प्रचार के दौरान पेयजल, सीवर, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था और कच्ची कॉलोनियों में बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसी दिक्कतें छाई रहीं।




### चांदनी चौक में समस्याएं आगे करके भाजपा पर प्रहार

- चांदनी चौक सीट से भाजपा के नए चेहरे प्रवीण खंडेलवाल के खिलाफ कांग्रेस के पुराने नेता जयप्रकाश अग्रवाल ने दम लगाकर मुकाबला किया है। उन्होंने प्रचार के दौरान स्थानीय मुद्दों को आगे करके बढ़त बनाने की कोशिश की है। भाजपा के राम मंदिर, विकसित भारत, मोदी की गारंटी जैसे प्रचार का जवाब उन्होंने बिजली, पानी, पार्किंग, सफाई और बाजारों में तारों के जंजाल जैसी समस्याएं उठाकर दिया है।

### उत्तर पूर्वी में पूर्वांचल-बिहार के वोटों का घमासान

- उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा के दो बार के सांसद मनोज तिवारी और कांग्रेस के कन्हैया कुमार के बीच घमासान छिड़ा रहा है। दो पूर्वांचलियों की लड़ाई में यहां बाहरी का मुद्दा भी छाया रहा। यहां भी कन्हैया ने प्रचार के दौरान ट्रैफिक कनेक्टिविटी, यातायात जाम, पार्किंग, चिकित्सा, शिक्षा जैसे मुद्दे उठाकर मनोज तिवारी के विकास के दावों को घेरा।

### उत्तर पश्चिमी सीट पर क्या कांग्रेस को जीत दिला पाएंगे दलित नेता उदित राज

उत्तर पश्चिमी दिल्ली सुरक्षित सीट भाजपा के योगेंद्र चंदोलिया को कांग्रेस से उतरे पूर्व केंद्रीय मंत्री उदित राज की कड़ी चुनौती से पार पाना है। यहां प्रचार के दौरान विकास का मुद्दा जोर मारता नजर आया। कच्ची कॉलोनियों का नियमितीकरण, ग्रामीण इलाकों तक यातायात कनेक्टिविटी और मेट्रो पहुंचाने के साथ जमीन का सर्किल रेट मुद्दा बने।

## एक नजर

### पूर्व केंद्रीय मंत्री की पत्नी के निधन पर योगी ने जताया शोक

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली लोकसभा सीट से 8 बार सांसद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार की धर्मपत्नी के निधन पर शोक जताते हुए परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। योगी ने एक्स हैंडल पर लिखा, भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद संतोष गंगवार जी की धर्मपत्नी का निधन अत्यंत दुखद है। मेरी ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

### मेधावी मिलेगी चाणक्य मेरिटोरियस स्कालरशिप

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपीएसआईएफएस अब नये शैक्षणिक सत्र में मेधावी विद्यार्थियों को चाणक्य मेरिटोरियस स्कॉलरशिप प्रदान करेगा। यह स्कॉलरशिप प्रतिभाशाली और मेधावी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदान किया जायेगा।

# साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने की तैयारी

## 57 जिलों में थाना भवन तैयार, शेष को पुलिस लाइन में खोलने के आदेश, चुनाव बाद 1425 कार्मिकों की होगी भर्ती

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** माफिया पर कार्रवाई करने के बाद अब राज्य सरकार साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने जा रही है। इसके लिए संस्थागत रूप से कार्यप्रणाली विकसित कर कार्ययोजना तैयार की गई है। आचार संहिता समाप्त होते ही उप्र. पुलिस का साइबर क्राइम विभाग अपनी टीम के साथ प्रदेशभर में सक्रिय हो जाएगा। इसके लिए हर जिले में जरूरी संसाधन भी जुटाए जा रहे हैं। 18 जिलों को छोड़ शेष सभी जिलों में थाने तैयार हैं। शेष थाने जगह न मिल पाने की स्थिति में जिलों की पुलिस लाइनों में खोलने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही 1425 कार्मिकों की भर्ती करके थानों का संचालन शुरू किया जाएगा। साइबर अपराध रोकने के लिए गृह विभाग स्वयं नेतृत्व कर रहा है।

साइबर अपराध से पूरा प्रदेश जूझ रहा है। यह अपराध उप्र. पुलिस के लिए चुनौती बन चुकी है। पूरे प्रदेश में प्रतिदिन हजारों मामले साइबर अपराध के दर्ज हो रहे हैं। ऐसी स्थित में प्रदेश सरकार ने इसे बड़ी चुनौती मानते हुए इसके लिए संस्थागत कार्यप्रणाली विकसित करने का निर्देश दिया है। गृह विभाग और साइबर क्राइम की टीम ने साइबर अपराधियों पर प्रहार करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली है। विशेष सचिव गृह योगेश कुमार स्वयं तैयारी की समीक्षा कर रहे हैं। चुनाव समाप्त होने के बाद इस दिशा में ठोस कदम उठाया जाएगा।

### इन अपराधों को माना जाएगा साइबर अपराध

यूपीआई अकाउंट टेकओवर फ्राड, फिशिंग लिंक, विशिंग काल्स के माध्यम से किए जाने वाले अपराध, एटीएम कार्ड स्किमिंग फ्राड, स्क्रीन शेयरिंग, रिमोट एक्सेस ऐप के माध्यम से होने वाले फ्राड, सिम स्वैपिंग, सिम क्लोनिंग, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, पहचान चोरी, एईपीएस फ्राड, साइबर बुलिंग, ई-वालेट फ्राड, नेट बैंकिंग फ्राड, पोंजी स्कीम, लोन एप फ्राड, आनलाइन जॉब फ्राड, लोन एप फ्राड, क्यू आर कोड फ्राड, लॉटरी फ्राड, जूस जैकिंग फ्राड, ई-मेल द्वारा कारित फ्राड, डीप फेक वीडियो फ्राड, सेक्सटार्सन फ्राड (हनी ट्रैप), वेबसाइट फ्राड, पिरामिड स्कीम फ्राड, ऑनलाइन जुआ, फर्जी बैंक रिकवरी, व्हाट्सएप हैकिंग, बैकिंग फ्राड, कॉल क्पूफिंग, ऑफर फ्राड, क्रेडिटकार्ड एक्टीवेशन फ्राड, डिस्काउंट फ्राड, पेमेंट स्पूफिंग एप्लीकेशन, क्रिप्टोकरेंसी फ्रॉड, रैंसमवेयर अटैक आदि को साइबर फ्राड की श्रेणी में माना जाएगा।

### इन्होंने तैयार की है कार्ययोजना

साइबर अपराध रोकने के लिए पूरी कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। साइबर क्राइम के पुलिस उपमहानिरीक्षक पवन कुमार, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार यादव, पुलिस उपाधीक्षक योगेंद्र कुमार ने प्रदेश में साइबर क्राइम थानों के संचालन की कार्ययोजना तैयार की है। गृह विभाग इसमें सहयोग कर रहा है।

**▸▸ शासन के निर्देश पर गृह और साइबर क्राइम विभाग की बनी टीम**

> साइबर अपराध रोकने के लिए थाने खोलने, संसाधनों की पूर्ति करने आदि का कार्य लगभग हो चुका है। कार्मिकों की तैनाती के बाद हम उल्लेखनीय सफलता अर्जित करने की उम्मीद करते हैं।
>
> **-योगेश कुमार,** विशेष सचिव गृह

# गोंडा नगर पालिका अध्यक्ष को हाईकोर्ट से मिली राहत

विधि संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार सीज करने का आदेश खारिज**

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने नगर पालिका परिषद, गोण्डा की अध्यक्ष (चेयरपर्सन) उजमा राशिद को बड़ी राहत देते हुए, उनके प्रशासनिक व वित्तीय अधिकार सीज करने सम्बंधी आदेश को रद्द कर दिया है। न्यायालय ने पाया कि नगर पालिका अध्यक्ष को सुनवाई का मौका दिए बिना ही उक्त आदेश पारित किया गया था।

यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने उजमा राशिद की याचिका पर पारित किया। याची की ओर से दलील दी गई थी कि 18 अप्रैल 2024 को उसे कारण बताओ नोटिस दिया गया जिसके द्वारा उस से पूछा गया कि क्यों न उसे उसके पद से हटा दिया जाए। कहा गया कि उक्त नोटिस के साथ ही याची के प्रशासनिक और वित्तीय अधिकारों पर रोक लगा दी गई।

दलील दी गई कि जिस समय यह नोटिस जारी किया गया उस समय याची जेल में थी और उसे सुनवाई का मौका दिए बगैर ही उक्त आदेश पारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका अध्यक्ष पर एक शत्रु सम्पत्ति को हड़पने का आरोप लगाया गया है।

# प्रतिबंधित दवा के साथ तीन गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ एसटीएफ को मिली सफलता ट्रामाडॉल की 13500 गोलियां बरामद**

**अमृत विचार:** एसटीएफ ने शुक्रवार को चिनहट थाना क्षेत्र स्थित टाटा टेल्को के गेट के पास प्रतिबंधित दवाओं की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तस्करी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह सभी वेबसाइटों के माध्यम से भारत और यूएसए में उपभोक्ताओं का डाटा प्राप्त कर उन्हें विभिन्न माध्यमों से उपलब्ध कराते थे।

डीएसपी दीपक सिंह ने बताया कि एसटीएफ की टीम ने तीन अभियुक्तों को ट्रामाडॉल की 13500 गोलियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों साहिल उर्फ हैदरअली निवासी इरादतनगर डालीगंज, अब्दुल्ला सुहैल उर्फ अंधा निवासी ब्रम्हनगर सीतापुर रोड एवं मो. एनफ उर्फ दानिश निवासी नई बस्ती मदेयगंज ने पूछताछ में बताया कि उनका एक गिरोह है जो अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबन्धित एवं नशीली दवाओं की तस्करी करता है। साहिल व अब्दुला डार्कवेब व व्हाईट वेब वेबसाईट के माध्यम से भारत, यूएसए सहित अन्य कई देशो के कस्टमर्स का डेटा प्राप्त करते है। जिसके बाद टेक्स्ट नाऊ, सेकेंड लाइन ऐप आदि जैसे एप्लीकेशनों के माध्यम से वर्चुअल नंबर प्राप्त करके उन उपभोक्ताओं से सम्पर्क करते हैं। जिस कस्टमर को प्रतिबन्धित एवं नशीली दवाओं की जरूरत होती है, उनसे कैश ऐप, वेन्मो, पायपाल जैसे पेमेंट गेटवे के माध्यम से पैसे प्राप्त करके उनको नशीली दवाईयों उपलब्ध कराते हैं। इस काम में इन लोगों को काफी अच्छा मुनाफा होता है।

# इंडी गठबंधन वालों ने सबसे अधिक क्षति पहुंचाई

## मुख्यमंत्री ने महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव और गोरखपुर में चुनावी सभा को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पांच लोकसभा सीटों महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव और गोरखपुर लोकसभा सीट के लिए जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान योगी ने कहा कि पूरे राज्य में अबकी बार चार सौ पार के नारे गूंज रहे हैं और इन्हें सुनकर कांग्रेस और सपा की हालत जलेबी जैसी हो गई है। उन्होंने कहा कि देश को सबसे अधिक इंडी गठबंधन वाले लोगों ने क्षति पहुंचाई है।

भाजपा मुख्यालय से साझा की गई जानकारी के अनुसार योगी ने कहा कि रामभक्तों को जवाब देने का वक्त आ चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में सुबह भ्रष्टाचार और शाम को आतंकी धमाके होते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी के वक्त कांग्रेस और सपा के लोग गायब थे। उप्र. के दो लड़कों में से एक इटली और दूसरा इंग्लैंड भाग गये थे।

मुख्यमंत्री ने महराजगंज लोकसभा क्षेत्र की फरेंदा विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए पार्टी प्रत्याशी पंकज चौधरी के पक्ष में वोट की अपील की। उन्होंने साखोपार में कुशीनगर लोस. सीट से पार्टी प्रत्याशी विजय कुमार दूबे के भी पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे। वहीं, पथरदेवा में देवरिया से लोस. प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के पक्ष में वोट की अपील की।



गोरखपुर में चुनावी जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री योगी और भाजपा प्रत्याशी रवि किशन। अमृत विचार

**▸▸ कांग्रेस के राज में सुबह भ्रष्टाचार और शाम को आतंकी धमाके होते थे**

### उन्हें वोट देकर पाप का भागीदार न बनें

बांसगांव लोकसभा सीट के लिए चुनाव प्रचार करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस के राज में सुबह भ्रष्टाचार की खबरों से होती थी ओर शाम होते होते कहीं आतंकी धमाके हो जाते थे। उन्होंने इंडी गठबंधन को रामद्रोही बताते हुए कहा कि ये लोग देश में गोकशी की छूट देना चाहते हैं। इन्हें वोट देने का मतलब पाप का भागीदार बनना होगा।

### भ्रष्टाचार हो गया समाप्त

गोरखपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत से आतंकवाद और भ्रष्टचार समाप्त हो गया है। जबकि कांग्रेस और सपा के शासन में सुबह की शुरूआत घोटाले से होती थी और शाम होते-होते कहीं न कहीं आतंकी विस्फोट हो जाता था। योगी शुक्रवार शाम पिपराइच में गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा प्रत्याशी रविकिशन शुक्ल के पक्ष मंस चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

# चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य

**अमृत विचार, लखनऊः** उत्तराखण्ड में चार धाम यात्रा पर जाने वाले प्रदेश के सभी इच्छुक श्रद्धालु पंजीकरण कराने के बाद ही यात्रा पर जाएं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखकर उत्तराखण्ड सरकार द्वारा चार धाम यात्रा-2024 के लिए अनिवार्य पंजीकरण व्यवस्था लागू की गई है।

यह जानकारी देते हुए प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि गृह विभाग द्वारा चार धाम यात्रा (गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ एवं केदारनाथ) पर जा रहे अथवा जाने के इच्छुक प्रदेश के तीर्थ यात्रियों से यह अपील की गई है कि वे अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन कराते हुए रजिस्ट्रेशन की तिथि पर ही जाएं। उन्होंने बताया कि चार धाम यात्रा-2024 के लिए उत्तराखण्ड सरकार द्वारा वेबसाइट जारी की गई है। इसके अलावा मोबाइल ऐप टूरिस्ट केयर उत्तराखंड पर अनिवार्य पंजीयन की व्यवस्था लागू की गई है।

# दो करोड़ 70 लाख मतदाता करेंगे प्रत्याशियों का फैसला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** छठे चरण में 14 लोकसभा सीटों पर कुल दो करोड़ 70 लाख 69 हजार 874 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें एक करोड़ 43 लाख 30 हजार 361 पुरुष व एक करोड़ 27 लाख 38 हजार 257 महिला व 1,256 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताय कि मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता संतकबीरनगर व सबसे कम मतदाता इलाहाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 162 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 146 पुरुष व 16 महिला प्रत्याशी हैं। सबसे अधिक 26 प्रत्याशी प्रतापगढ़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में व सबसे कम छह प्रत्याशी डुमरियागंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। विधानसभा सीट गैंसड़ी में कुल तीन लाख 63 हजार 234 मतदाता हैं, जिसमें एक लाख 93 हजार 822 पुरुष व एक लाख 69 हजार 393 महिला और 19 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। इस सीट पर कुल सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। लोकसभा सीटों पर मतदान के लिए कुल 28,171 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं, जिसमें से 3978 संवेदनशील हैं। कुल 17,113 मतदान केंद्र हैं। विधानसभा सीट गैंसड़ी पर 413 मतदेय स्थल हैं, जिनमें 76 संवदेनशील हैं। कुल 252 मतदान केंद्र हैं।

**मतदान पर सतर्क नजर रखेंगे प्रेक्षकः** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से तीन विशेष प्रेक्षक, 14 सामान्य प्रेक्षक, आठ पुलिस प्रेक्षक और 18 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। इसके अलावा 2,192 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 282 जोनल मजिस्ट्रेट, 24 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 2833 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 6952 भारी वाहन, 7560 हल्के वाहन व 1,21,246 मतदान कार्मिक लगाये गये हैं। चुनाव में मतदान के लिए 34,145 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 36,986 बैलट यूनिट व 36,385 वीवीपैट तैयार किये गये हैं।

50 प्रतिशत से अधिक मतदेय स्थलों पर (14 हजार 480 मतदेय स्थल) लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जायेगा। इसके अलावा 5,057 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है। इस चरण में कुल 293 आदर्श मतदेय स्थल, 86 महिला, 52 दिव्यांग व 63 युवा कार्मिक प्रबंधित मतदेय स्थल बनाये गये हैं।



छठे चरण के चुनाव को लेकर जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

### चुनाव संपन्न कराने को भेजे गए डेढ़ लाख जवान

अमृत विचार, लखनऊ : छठे चरण के मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए उप्र. पुलिस ने लोकसभा क्षेत्रों में करीब डेढ़ लाख पुलिस बल भेजा है। 14 लोकसभा क्षेत्रों में होने वाले चुनावों को संपन्न कराने के लिए 17121 मतदान केंद्रों के 28171 मतदेय स्थलों पर मतदान होना नियत किया गया है शनिवार को सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी, भदोही में स्थित 14 लोकसभा क्षेत्र सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर, भदोही में होना है। चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए 8840 निरीक्षक, 68191 उपनिरीक्षक, 48091 मुख्य आरक्षी एवं आरक्षी, 49 कम्पनी पीएसी बल तथा 229 कम्पनी सीएपीएफ भेजा गया है। इसके अतिरिक्त 18862 ग्राम चौकीदार व 443 पीआरडी जवान भी भेजे गए हैं। चुनाव वाले जनपदों में 230 कंपनी पीएसी बल, 08 कंपनी यूपीएसएसएफ, 03 कंपनी एसडीआरएफ, राजपत्रित अधिकारियों को तैनात किया गया है।

### हेलीकाप्टर की भी व्यवस्था

चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। आकस्मिकता की स्थिति में मेडिकल सहायता के लिए एयर एम्बुलेंस व हेलीकाप्टर की व्यवस्था भी की गई है। हेलीकाप्टर की लोकेशन अयोध्या में व एयर एम्बुलेंस की लोकेशन प्रयागराज में रहेगी।

# स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों की शिकायतें पोर्टल पर होंगी दूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग में कार्य करने वाले चिकित्सकों की शिकायतों को निस्तारित करने के लिए मानव संपदा पोर्टल पर 'ऑनलाइन ग्रीवांस रिड्रेसल मॉडयूल' तैयार किया गया है। निदेशक प्रशासन के नेतृत्व में संचालित होने वाले मॉडयूल में डॉक्टरों को विभागीय चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, शिकायते ऑनलाइन निस्तारित हो जाएंगी।

मॉडयूल के नोडल अधिकारी डॉ.राजागणपति ने बताया कि विभिन्न जिलों में कार्यरत एमबीबीएस व दंत चिकित्सकों की तमाम शिकायतें होती हैं, उन्हें कई बार मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय या मुख्यालय आना पड़ता है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए मानव संपदा पर ही शिकायतों को निस्तारित करने के लिए मॉडयूल बनाया गया है। इसमें 15 दिनों के अंदर शिकायतों को निस्तारित किया जायेगा। संबन्धित अधिकारी को स्वतः संज्ञान लेकर प्रक्रिया को आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने बताया कि इस मॉडयूल में स्थानान्तरण व तैनाती से संबन्धित शिकायतें नहीं ली जायेंगी। इसके लिए उन्हें पूर्व की भांति ही प्रक्रिया अपनानी होगी।

## वर्ग पहेली-80

**बाएं से दाएं**

1.1. पाश जिसका अस्त्र है अर्थात वरुण देवता 2. यम 3. बहेलिया।
4.1. जो मन में बसा हो, प्रिय 2. प्रेमपात्र।
6.1. बंदर 2. पक्षी, चिड़िया 3. सूर्य।
8.1. बुराई 2. अहित।
9. परम दयालु, परम कृपालु।
10.1. अनिश्चयात्मक ज्ञान 2. दुविधा 3. संभावना और असंभावना का मिश्रण 4. संकट की आशंका या संदेह।

**ऊपर से नीचे**

2. तत्काल, अचानक, एकाएक, फटाफट।
3.1. दानशीलता 2. उदारता 3. दरियादिली।
5.1. दो या दो से अधिक संस्थाओं
7.1. किसी बात का परिणाम या फल बताना 2. (ज्योतिष) वे बातें जो व्यक्ति के जीवन पर ग्रहों के प्रभाव के रूप में कही जाती हैं।
8.1. मानरहित, प्रतिष्ठारहित 2. जिसका मान या अंदाज़ न हो, बहुत, बेहद, अपरिमित 3. सीधा-सादा, गर्वरहित।



### वर्ग पहेली -79 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | थे | रा | | | | 2 अ |
| जू | | | 3 कू | | 4 ले | न |
| म | | | प | | | जा |
| | 5 हं | 6 त | का | 7 र | | न |
| | | 8 ब | र | प | ना | |
| 9 भु | 10 र | का | | ट | | |
| | न | | | 11 ना | दि | रा |

## सुडोकू -159

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | | |
| | | | | | | | 5 | |
| | 5 | | | | | | | |
| | | | 1 | | 9 | | | |
| 1 | | | | | | | | 3 |
| | | | 6 | | | 1 | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 2 | | | | | | | |
| | | | 4 | | | | | |

### सुडोकू -158 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 8 | 1 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 | 4 | 5 | 7 |
| 9 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 5 | 8 | 6 | 4 | 1 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 1 | 6 | 9 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 3 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 | 9 |
| 8 | 6 | 9 | 3 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 8 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 मई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 18.58 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 10.36 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष:** आज आपकी कुछ गुप्त बातें लोगों को पता लग सकती हैं। आपको धैर्यवान होकर अपना काम करना चाहिए। बुद्धिजीवी लोगों की सलाह से आप परेशानियों से बाहर आ सकते हैं। नुकीले उपकरणों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें।

**वृष:** आज प्रेम संबंधों में कुछ भी अस्पष्टता न रखें। यदि आवश्यक न हो तो आपको किसी यात्रा पर जाने से बचना चाहिए। आप अपने व्यक्तिगत जीवन को काफी महत्व देंगे। आपको महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के पहले भाग में ही पूर्ण कर लेना चाहिए।

**मिथुन:** आज व्यवसाय में अटका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। छुट्टियां मनाने के लिए आप कहीं बाहर जा सकते हैं। शाम को अपनी कार्य नीति में कुछ बदलाव करने की योजना पर काम करने का विचार बनाएंगे।

**कर्क:** आज इस समय आपको एकतरफा निर्णय लेने से बचना चाहिए। क्रोध और स्वार्थी व्यवहार के कारण कुछ अच्छे लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। शाम के समय आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल की यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**सिंह:** आज होटल कारोबारियों को कुछ तकनीकी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। धन के लेन-देन को लेकर सावधानी बरतें। दार्शनिक विषयों के प्रति आपकी रुचि बढ़ने वाली है। व्यवसाय में कुछ धीमापन देखने को मिल सकता है।

**कन्या:** आज दिन की शुरुआत काफी अच्छी रहेगी। व्यवसाय से जुड़े लोग दुकान या स्थान में बदलाव को लेकर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं, किंतु दोपहर बाद कुछ उलझनों में फंसने के योग बन रहे हैं। अपनी जीवनशैली पर आपको ध्यान देना होगा।

**तुला:** आज अचानक स्थान बदलने के योग बन रहे हैं, जो लोग आपके प्रति नकारात्मक भाव रख रहे थे वे आपको लेकर काफी सहयोगात्मक हो सकते हैं। सलाहकर्ता सेवाओं और धार्मिक कृत्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है।

**वृश्चिक:** आज दिन की शुरुआत सामान्य रहेगी। आप काम को लेकर लापरवाही न करें। गठिया रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। आपके मन में दया का भाव रहेगा। इसीलिए आप दूसरे लोगों और बेजूबान जीवों की सेवा कर सकते हैं।

**धनु:** आज दोपहर के बाद आप काफी परिस्थितियों की समीक्षा करेंगे जिसके परिणाम स्वरूप आप काफी कुछ बदलाव लाने की तैयारी कर सकते हैं। जिन कार्यों से आपको नुकसान हो रहा था उसमें सुधार या उसे बंद करने की भी योजना बनाएंगे।

**मकर:** आज अनावश्यक बातों को लेकर आप अपने नजदीकी लोगों पर नाराज भी हो सकते हैं। आपको बड़े निर्णय लेने से बचना चाहिए। संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। आपके मन को कई तरह की चिंता घेर सकती है।

**कुंभ:** आज संपत्ति खरीदने का निर्णय लेने का प्रयास करेंगे। चिकित्सीय पेशे से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा रहेगा। आपके द्वारा कई लोगों की मदद हो सकती है। गुमी हुई वस्तु आपको वापस मिलने के योग बन रहे हैं।

**मीन:** आज शिक्षण कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन सुखद रहेगा। शाम को घर पर अच्छा समय बिता सकते हैं। आप काफी सजग होकर काम करेंगे। नए व्यवसाय को लेकर बौद्धिक लोगों से परामर्श ले सकते हैं। परिजनों का सहयोग प्राप्त होगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- हिरासत — सुबह : 10.22
- रन — दोपहर : 03.18

**Sony Max**
- आदि पुरुष — सुबह : 08.22
- एक था टाइगर — रात : 09.07

**Sony Pix**
- डंकिर्क — सुबह : 11.20
- 2012 — रात : 08.45

**Zee Cinema**
- जिस्म 2 — सुबह : 09.55
- दबंग 3 — रात : 07.25

**Colors Cineplex**
- सिम्हा 2 — दोपहर : 12.36
- लकीर — शाम : 06.39

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात : 09.07 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने हजामत की दुकान खोली।
एक ग्राहक शेव कराने आया।
पप्पू- मूंछ रखनी है?
ग्राहक- हां।
पप्पू ने ग्राहक की मूंछ काट कर उसके हाथ में देते हुए- लो रख लो, जहां रखनी है।

एक लड़का परीक्षा हॉल में परेशान बैठा था।
टीचर-क्या हुआ प्रश्न कठिन हैं क्या?
लड़का- नहीं सर, मैं तो ये सोच रहा हूं कि इस प्रश्न का उत्तर किस जेब में है।

# चीन ने ताइवान को डराया 49 विमान व 19 पोत ने घेरा

बीजिंग/ताइपे, एजेंसी

- चीन ने फुटेज जारी कर ताइवान को पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के बलों से घिरा दिखाया



चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा आयोजित एक बड़े अभ्यास के दूसरे दिन शुक्रवार को ताइवान ने अपने तट से दर्जनों चीनी युद्धक विमानों और नौसेना जहाजों को ट्रैक किया।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने गुरुवार से शुक्रवार तक 49 युद्धक विमानों और 19 नौसेना जहाजों के साथ-साथ चीनी तट रक्षक जहाजों को भी ट्रैक किया और 24 घंटे की अवधि में 35 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य के मध्य में उड़ान भरी, जो दोनों पक्षों के बीच की वास्तविक सीमा है। ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने गुरुवार को राजधानी ताइपे के दक्षिण में ताओयुआन में एक समुद्री अड्डे का दौरा करते हुए नाविकों और शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि ताइवान एक संप्रभु स्वतंत्र राष्ट्र है, जिसकी संप्रभुता लोगों के हाथों में है। वहीं, चीन की सेना ने कहा है कि ताइवान के आसपास उसका दो दिवसीय अभ्यास स्वतंत्रता चाहने वाली अलगाववादी ताकतों के लिए सजा है।

## भारतीय मूल के मंत्रियों को दो लाख डॉलर हर्जाना देने का आदेश

**सिंगापुर।** सिंगापुर की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री ली सियन लूंग के भाई ली सियन यांग को मानहानि के एक मामले में भारतीय मूल के मंत्रियों के. षण्मुगम और विवियन बालाकृष्णन को दो-दो लाख सिंगापुरी डॉलर का भुगतान करने का आदेश दिया है।

ली सियन यांग पर एक समृद्ध उपनगर में सरकारी संपत्तियों के किराये को लेकर भारतीय मूल के मंत्रियों को बदनाम करने का आरोप है। न्यायमूर्ति ने एक फैसले में दोनों मंत्रियों को हर्जाना देने के अपने कारण बताए। इन दोनों मंत्रियों ने ली के खिलाफ अलग-अलग मानहानि के दावे दायर किए थे। ली सियन यांग द्वारा पिछले साल 23 जुलाई को अपने फेसबुक पेज पर की गई टिप्पणियों को लेकर ये मुकदमे शुरू किए गए थे।

# साइबर बुलिंग : कहीं आपका बच्चा इसका शिकार तो नहीं हो रहा



बच्चे स्कूल जाते हैं, किताबें पढ़ते हैं, खेलते-कूदते हैं, कुछ नया सीखते हैं। पेरेंट्स को यकीन होता है कि उनके करियर की मजबूत नींव तैयार हो रही है। लेकिन एक दिन अचानक खबर आती है कि उनका बच्चा फेल हो गया है। वह स्कूल में साथ के बच्चों के साथ मारपीट भी कर रहा है। या फिर बच्चा घर आने पर डरा-डरा सा रहता है। क्या आपने कभी सोचा है कि इस सबके पीछे वजह साइबर बुलिंग भी हो सकती है। हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्कूली बच्चों के बिहेवियर पर एक स्टडी की है। इस स्टडी के मुताबिक दुनिया भर के 44 देशों में हर छठा बच्चा साइबर बुलिंग का शिकार है। इसका असर उसकी पढ़ाई पर भी पड़ रहा है। बच्चे की मेंटल हेल्थ खराब हो रही है। कई बच्चे डिप्रेशन और एंजाइटी से जूझ रहे हैं। साइबर बुलिंग बच्चों में सुसाइड की भी वजह बन रहा है। इसका बच्चों की मेंटल हेल्थ पर क्या असर पड़ रहा है, क्या इसके पीछे कारण मोबाइल का बढ़ता इस्तेमाल है, बच्चे के साथ साइबर बुलिंग होने पर पेरेंट्स को क्या करना चाहिए, पेरेंट्स कहां और कैसे शिकायत कर सकते हैं।

### क्या कहती है डब्ल्यूएचओ की नई स्टडी

बच्चे हर रोज सोशल मीडिया पर औसतन 6 घंटे बिता रहे हैं। इसलिए साइबर बुलिंग का शिकार होने का खतरा बढ़ गया है। 11% स्टूडेंट्स का कहना था कि उन्हें महीने में दो या तीन बार साइबर बुलिंग का सामना करना पड़ा।

### क्या है साइबर बुलिंग, बच्चों के लिए कितना खतरनाक

साइबर बुलिंग यानी सोशल मीडिया के जरिए किसी को परेशान करना, धमकाना, शर्मिंदा करना या निशाना बनाना। अगर कोई बच्चा लंबे समय तक लगातार साइबर बुलिंग का शिकार हो रहा है, तो वह तनाव और एंजाइटी का शिकार हो सकता है। द जर्नल ऑफ साइकोलॉजिकल रिसर्च ऑन साइबर बुलिंग की एक रिपोर्ट बताती है कि सुसाइड करने वाले 10 बच्चों में 5 बच्चे कभी-न-कभी साइबर बुलिंग के शिकार हुए हैं।

### ऐसे पहचाने बच्चा बुलिंग का शिकार हो रहा

जो बच्चे साइबर बुलिंग का शिकार होते हैं, वह टीचर्स, पेरेंट्स या किसी सगे-संबंधी को कुछ भी बताने से कतराते हैं क्योंकि ज्यादातर बच्चे शर्म या डर महसूस करते हैं। ऐसे में हम इन तरीकों से पहचान सकते हैं जैसेकि- इंटरनेट या स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने के दौरान या उसके बाद परेशान होना। अपने कमरे में सामान्य से अधिक समय बिताना। परिवार के सदस्यों से दूरी बनाना।

### पेरेंट्स बच्चे की इस तरह करें मदद

सबसे पहले बच्चे को यह यकीन दिलाएं कि इसमें उसकी कोई गलती नहीं है। साइबर बुलिंग होने पर किसी तरह का रिप्लाई न देने की सलाह दें। धमकी भरे मैसेज, गलत कमेंट, फोटो या किसी भी तरह की साइबर बुलिंग का स्क्रीनशॉट रखें।

### यहां करें शिकायत

स्थानीय थाने से लेकर जिले के क्राइम ब्रांच ऑफिस तक में बुलिंग की शिकायत दर्ज कर सकते हैं। अगर शिकायत ऑनलाइन करना चाहते हैं तो https://cybercrime.gov.in/ पर शिकायत दे सकते हैं।

## एक नजर

### खारकीव क्षेत्र में रेलवे पटरी और ट्रेन को उड़ाया

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के उत्तर पूर्व स्थित खारकीव क्षेत्र में हमला कर रेलवे पटरियों और ट्रेन को नष्ट कर दिया। यूक्रेन के राष्ट्रीय रेलवे संचालक यूक्रजालिज्नित्सिया के मुताबिक रात भर किए गए हमले में इमारतों और मालगाड़ी को भी नुकसान पहुंचा है। खारकीव के गवर्नर ओलेह सिनियेहुबोव ने बताया कि रूस द्वारा 10 मई को खार्कीव क्षेत्र पर आक्रमण शुरू करने के बाद से 11,000 से अधिक लोगों को वहां से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

### यमन के होदेइदाह हवाई अड्डे पर हवाई हमला

**सना।** अमेरिका-ब्रिटेन गठबंधन बल के लड़ाकू विमानों ने गुरुवार देर रात पश्चिमी यमन के होदेइदाह हवाई अड्डे पर दो हवाई हमले किये। हूती संचालित अल-मसीरा टीवी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। गठबंधन बल ने कथित हवाई हमलों पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन कहा कि उसने बुधवार को हूती समूह के नियंत्रण वाले क्षेत्र में चार हूती ड्रोन को नष्ट कर दिया था।

### वियतनाम में आग लगने से 14 की मौत, छह घायल

**हनोई।** वियतनाम की राजधानी हनोई के एक छोटे अपार्टमेंट में बृहस्पतिवार आधी रात को आग लग जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने बताया कि अपार्टमेंट मध्य हनोई की जिस गली में स्थित है, उसकी चौड़ाई मात्र दो मीटर है जिससे दमकल वहां तक नहीं पहुंच सके और कर्मियों ने पाइपों का उपयोग करके अंतत: आग को काबू किया।

### परिवार के छह लोगों ने की आत्महत्या की कोशिश

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के सराय थाना क्षेत्र के सेक्टर-37 में स्थित एक घर में रहने वाले एक कारोबारी एवं उसके परिवार के पांच अन्य सदस्यों ने अपने हाथ की नसें काट कर आत्महत्या करने की कोशिश की, जिसमें कारोबारी की मौत हो गयी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मरने वाले की पहचान बुजुर्ग व्यापारी श्याम गोयल (70) के तौर पर की गयी है । पांच अन्य लोग उपचाराधीन हैं।

### पूर्व पुलिस महानिदेशक राजेश दास गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु के पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक राजेश दास को उनसे अलग रह रही उनकी पत्नी बीला वेंकटेशन की शिकायत पर घर में घुसकर धमकी देने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। वेंकटेशन ने शिकायत दर्ज कराई थी कि दास और उनके सहयोगी 18 मई को शहर के बाहरी इलाके थाईयूर में उनके आवास पर सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट करने के बाद घर में जबरन घुस गये थे।

# परमाणु क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग बढ़ाएगा रूस

## भारत में उच्च क्षमता वाली ऊर्जा इकाइयों के निर्माण के लिए तैयार

मुंबई, एजेंसी



रूस ने कहा है कि वह भारत में एक नयी जगह पर उच्च क्षमता वाली परमाणु ऊर्जा इकाइयों का निर्माण करने सहित परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में उसके साथ सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है।

परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव अजित कुमार मोहंती ने बृहस्पतिवार को रूस के रोस्तम स्टेट एटॉमिक एनर्जी कॉरपोरेशन के महानिदेशक एलेक्सी लिखाचेव से मुलाकात की तथा दोनों के बीच परमाणु ऊर्जा सहयोग और प्रगाढ़ करने के तरीकों पर चर्चा की। रोस्तम द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, दोनों देशों के अधिकारियों ने रूस के तोम्स्क क्षेत्र के सेवेरस्क में निर्मित किये जा रहे पायलट डेमोंस्ट्रेशन एनर्जी कॉम्पलेक्स (पीडीईसी) का दौरा किया। बयान में कहा गया है कि संयुक्त दौरे के दौरान, परमाणु क्षेत्र में रूस-भारत सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर चर्चा हुई।

लिखाचेव ने कहा हम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा के उपयोग के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग विस्तारित करने को तैयार हैं। इसमें, सबसे पहले, भारत में एक नयी जगह पर रूस द्वारा डिजाइन किये गए उच्च क्षमता वाले परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण करना शामिल है। पिछले सप्ता, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि भारत रूसी परमाणु रिएक्टरों के लिए अतिरिक्त स्थानों की तलाश कर रहा है। रूस और भारत, तमिलनाडु के कुडनकुलम में 1,000 मेगावाट क्षमता के छह परमाणु रिएक्टर का निर्माण करने में सहयोग कर रहे हैं, जिनमें से दो ने विद्युत उत्पादन शुरू कर दिये हैं।

### अमेरिकी संपत्तियां को जब्त करेगा रूस

**मास्को।** रूस में अमेरिकी संपत्तियों को जब्त किया जाएगा। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इससे जुड़े एक आदेश पर साइन किया है। इसके जरिए अमेरिका में सीज हुई रूसी संपत्ति से हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। दरअसल, 24 फरवरी 2022 में शुरू हुई रूस-यूक्रेन जंग के बाद से अमेरिका और पश्चिमी देशों मे रूस पर कई प्रतिबंध लगाए हैं। इनसे रूस को काफी नुकसान हुआ है। इसी नुकसान की भरपाई के लिए अमेरिकी संपत्तियों को जब्त करने की इजाजत दी गई है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद से अमेरिका और पश्चिमी देशों ने 24 लाख करोड़ (300 अरब डॉलर) से ज्यादा मूल्य की रूसी संपत्तियों को जब्त किया है। वहीं, अमेरिकी संसद ने पिछले महीने एक बिल पास किया था, जिसमें राष्ट्रपति जो बाइडेन को यूक्रेन की मदद के लिए अमेरिका में मौजूद रूसी संपत्तियों के इस्तेमाल का अधिकार दिया गया था।

## रईसी का हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुआ था क्रैश हमले का संकेत नहीं

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी जिस हेलीकॉप्टर में सवार थे उसमें दुर्घटनाग्रस्त होते ही आग लग गई थी और इस बात का कोई संकेत नहीं मिला है कि उस पर कोई हमला किया गया था। ईरानी मीडिया ने हादसे के जांचकर्ताओं के हवाले यह जानकारी दी।

रविवार को हुई दुर्घटना में रईसी के अलावा देश के विदेश मंत्री और छह अन्य लोगों की मौत हो गई थी। दुर्घटना की जांच कर रहे सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ का बयान बृस्पतिवार देर रात सरकारी टेलीविजन चैनल पर पढ़ा गया। दुर्घटना को लेकर जारी पहले बयान में किसी को दोषी नहीं ठहराया गया है लेकिन कहा गया कि आगे की जांच के बाद और जानकारी मिलेगी। जनरल स्टाफ के बयान में कहा गया है कि दुर्घटना से पहले नियंत्रण टॉवर और हेलीकॉप्टर के चालक दल के बीच स्थापित हुए संचार में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

इसमें कहा गया है कि हेलीकॉप्टर ने हादसे से करीब 90 सेकंड पहले दो अन्य हेलीकॉप्टर से संचार स्थापित किया था। बयान में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर पर हमला होने का कोई संकेत नहीं मिला है और इसके मार्ग में भी कोई बदलाव नहीं हुआ था। बेल हेलीकॉप्टर ईरान के उत्तर-पश्चिम में कोहरे वाले सुदूर पहाड़ी इलाके में रविवार को दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर गया था।

## पुणे कार हादसा

# नाबालिग को बचाने के लिए सुबूतों से छेड़छाड़

पुणे, एजेंसी

- पुलिस आयुक्त बोले -पूरे होश में था किशोर, ऐसा दिखाने के प्रयास हुए कि वह कार नहीं चला रहा था



पुणे के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि पोर्श कार हादसे के मामले में सबूतों से छेड़छाड़ कर यह दिखाने का प्रयास किया गया कि दुर्घटना के समय गाड़ी 17 वर्षीय किशोर नहीं बल्कि एक वयस्क चला रहा था। कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि यह दिखाने का प्रयास किया गया कि कार कोई वयस्क चालक चला रहा था, लेकिन यह कोशिश नाकाम रही।

उन्होंने कहा हमारे पास उसके (किशोर के) पब में शराब पीने के सीसीटीवी फुटेज हैं। कहने का मतलब यह है कि हमारा मामला केवल खून की रिपोर्ट पर निर्भर नहीं है और हमारे पास अन्य साक्ष्य भी हैं। कुमार ने कहा वह (किशोर) पूरी तरह होश में था, उसे अच्छी तरह पता था कि उसके कृत्य से इस तरह का हादसा हो सकता है जिसमें धारा 304 लागू होती है। किशोर को थाने में सुविधाएं प्रदान किए जाने के आरोपों पर पुलिस आयुक्त ने कहा कि एसीपी स्तर के एक अधिकारी इस दावे की जांच कर रहे हैं। आरोपी किशोर को घटना के बाद पिज्जा खिलाए जाने की खबरों पर कुमार ने कहा हमने साफ कहा है कि थाने में पिज्जा पार्टी नहीं हुई थी। लेकिन हां, कुछ ऐसा हुआ था कि जिस पर हमने आंतरिक जांच शुरू की। हम इस मामले को पूरी तरह पुख्ता बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हमने आरोपी के पिता और बार संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### एसीपी स्तर के अधिकारी कर रहे मामले की जांच

पुलिस आयुक्त ने कहा कि एसीपी स्तर के एक अधिकारी को जांच सौंपी गई है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या सबूतों के साथ छेड़छाड़ या उन्हें नष्ट करने का कोई प्रयास किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि अदालत में पुलिस का पक्ष प्रभावी तरीके से रखने के लिए विशेष वकीलों की नियुक्ति की जाएगी। कुछ पुलिस कर्मियों को गलत तरह से काम कराने के लिए मनाने के आरोपों के बारे में शिकायतों पर कुमार ने कहा कि पुलिस ने शुरू से ही सख्त रुख अपनाया है।

## आईसीजे ने इजराइल को सैन्य अभियान रोकने का दिया आदेश

**हेग।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को इजराइल को गाजा के दक्षिणी हिस्से में स्थित शहर रफह में अपने सैन्य अभियान को तुरंत रोकने का आदेश दिया। इजराइल का कहना है कि उसे हमास के आतंकवादियों से खुद की रक्षा करने का अधिकार है और उसके द्वारा इस फैसले का पालन करने की संभावना नहीं है।

अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के इस आदेश से गाजा में हमास के खिलाफ युद्ध को रोकने के लिए इजराइल पर वैश्विक दबाव और बढ़ गया है। गाजा में अपने सैन्य अभियान को लेकर इजराइल पहले ही अलग-थलग पड़ते जा रहा है। इजराइल के करीबी सहयोगी अमेरिका ने भी रफह में सैन्य अभियान के खिलाफ आगाह किया है जहां युद्ध शुरू होने के बाद से हजारों फिलिस्तीनी पनाह लिए हुए हैं। इस सप्ताह, यूरोप के तीन देशों ने घोषणा की कि वे फिलिस्तीन को राष्ट्र के रूप में मान्यता देंगे।

वहीं, न्यायालय के मुख्य अभियोजक ने हमास अधिकारियों के साथ-साथ इजराइली नेताओं के लिए गिरफ्तारी वारंट का अनुरोध किया है। आईसीजे के शुक्रवार के फैसले के साथ इस साल 15 न्यायाधीशों की पीठ ने तीसरी बार गाजा में हताहतों की संख्या घटाने और मानवीय पीड़ा को कम करने के लिए प्रारंभिक आदेश जारी किए हैं। आदेश कानूनी रूप से बाध्यकारी हैं, लेकिन उन्हें लागू करने के लिए अदालत के पास कोई शक्ति नहीं है।

# भूस्खलन में 100 से अधिक लोगों की मौत की आशंका

मेलबर्न, एजेंसी

- पापुआ न्यू गिनी में मलवे के नीचे दबा गांव

पापुआ न्यू गिनी के एक दूरदराज के इलाके में शुक्रवार तड़के भूस्खलन होने से एक गांव मलवे के नीचे दब गया। हादसे में 100 से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका है।

ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प ने बताया कि भूस्खलन की यह घटना इस दक्षिण प्रशांत द्वीपीय देश की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से लगभग 600 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम में एंगा प्रांत के काओकलाम गांव में तड़के करीब तीन बजे घटी। इलाके के निवासियों का कहना है कि मृतकों की संख्या 100 से अधिक भी हो सकती है। हालांकि अधिकारियों ने इस आंकड़े की पुष्टि नहीं की है। प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने कहा कि प्रशासन कार्रवाई में लगा है तथा वह तबाही एवं मृतक संख्या की जानकारी उपलब्ध होने के बाद ही उसे जारी करेंगे। उन्होंने एक बयान में कहा मुझे स्थिति के बारे में अबतक पूरी तरह नहीं बताया गया है। मैं उन लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने तड़के इस भूस्खलन आपदा में अपनी जान गंवायी है। आस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेन्नी वोंग ने सोशल मीडिया पर लिखा हम काओकलाम गांव में हुए भूस्खलन के बाद पापुआ न्यू गिनी के लोगों के लिए हृदय से सहानुभूति प्रेषित करते हैं।

## हाहाकार



अत्यधिक गर्मी के बीच हर तरफ रहे जलसंकट गहराता जा रहा है। शुक्रवार को जयपुर शहर में निगम के टैंकर से लोगों को पानी भरने पर मजबूर होना पड़ा। ● एजेंसी

## मोदी ने दुनिया में भारत का कद बढ़ाया समुदाय को नई पहचान दी : भंडारी

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीय अमेरिकी समुदाय के नेता ने कहा- 2030 तक भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होगा



भारतीय अमेरिकी समुदाय के एक प्रमुख नेता ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में भारत का कद बढ़ाया है और प्रवासी भारतीयों को एक नई पहचान दी है। भारतीय मूल के अमेरिकी प्रेम भंडारी ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के उनके (मोदी) लक्ष्य को हासिल करने में वैश्विक भारतीय समुदाय साझेदार बनने को तैयार है।

भंडारी ने कहा पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम 2030 से पहले दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर हैं। भारतीय समुदाय को एक नई पहचान दी है। भंडारी जयपुर फुट यूएसए के प्रमुख हैं। वह राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (आरएएनए) के अध्यक्ष भी हैं। भंडारी को वीजा, पासपोर्ट और यात्रा से संबंधित संकट में फंसे समुदाय के लोगों की मदद के लिए भी जाना जाता है। उन्होंने कहा 2014 के बाद से प्रवासी भारतीयों को दुनिया भर में सम्मान की नजर से देखा जाता है। उदाहरण के तौर पर, यूक्रेन संकट के समय भारतीय ध्वज वाली बस से सीमा पार करना आसान हो गया था।

## खगोल विज्ञान | 13 अरब साल पहले हुआ था इनका जन्म

# ब्रह्माण्ड की प्राचीन तीन आकाशगंगाओं की खोज

संवाददाता, नैनीताल



वैज्ञानिकों द्वारा खोजी हुई आकाशगंगा। ● एजेंसी

**अमृत विचार :** ब्रह्माण्ड की सबसे प्राचीन तीन आकाशगंगाओं को देख पाने की कामयाबी वैज्ञानिकों को मिली है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए यह सफलता मिली है। इन आकाशगंगाओं का जन्म 13 अरब साल पहले हुआ था। कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के अनुसार 13 अरब साल से भी पहले ब्रह्मांड में तीन सबसे प्रारंभिक आकाशगंगाओं को देखा है।

यह सनसनीखेज खोज है, जो ब्रह्मांड के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने वाली है । खगोल विज्ञान के इतिहास में पहली बार यह खोज हुई है। इनका जन्म लगभग 13.3 से 13.4 अरब साल पहले माना जा रहा है। इनकी उम्र का पता लगाने के लिए कंप्यूटर सिमुलेशन तकनीक उपयोग में लाई गई।

ये आकाशगंगा निर्माण की पहली प्रत्यक्ष छवियां हैं जिन्हें हमने पहले कभी नही देखा था। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि तीन आकाशगंगाओं का जन्म बिग बैंग के लगभग 400-600 मिलियन वर्ष बाद हुआ। एक विस्फोट से यह सब शुरू हुआ। इनके निर्माण की प्रक्रिया लंबे समय तक रही। यह ब्रह्मांड के 13.8 अरब वर्ष पहले ब्रह्मांड के समग्र जीवनकाल से मेल खाता है। खोजकर्ता वैज्ञानिक कैस्पर एल्म हेन्ट्ज़ के अनुसार इस खोज की वैज्ञानिक टीम कह सकती है कि वो पहली आकाशगंगाओं को देखने वाले गवाह हैं।

### बुनियादी सवाल है कि हम कहां से आए

**नैनीताल।** सबसे बुनियादी सवाल यह है कि हम कहां से आए हैं। हमारी उत्पत्ति का स्रोत क्या है। इस सवाल का जवाब तलाशने में यह खोज मदद कर सकती है। जिस कारण यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस खोज से आगे के अध्ययन शुरु किए जा सकेंगे।

## नंबर प्लेट में हेरफेर पर भारतीय मूल की महिला को जेल

**सिंगापुर।** भारतीय मूल की एक मलेशियाई महिला को अक्टूबर 2019 से फरवरी 2020 के बीच अवैध पार्किंग से जुड़े पांच मामलों और इलेक्ट्रॉनिक रोड प्राइसिंग (ईआरपी) संबंधी 14 मामलों में सिंगापुर में तीन सप्ताह जेल की सजा सुनाई गई है।

दीवानई करुणानिधि (28) ने सड़क-कर संग्रह के मकसद से यातायात की निगरानी के लिए यहां सड़कों पर स्थापित ईआरपी प्रणाली के तहत लगाए जाने वाले सड़क उपयोग शुल्क से बचने के लिए अपनी एक मोटरसाइकिल की लाइसेंस प्लेट में बदलाव किया था। यह पहला मामला है जिसमें भूमि परिवहन प्राधिकरण ने गैरकानूनी गतिविधियों का पता लगने से बचने के लिए गलत लाइसेंस प्लेट वाले विदेशी पंजीकृत वाहन का उपयोग में किसी व्यक्ति पर आरोप लगाया है।

# दुर्लभ भारतीय नोट की लंदन में होगी नीलामी

लंदन, एजेंसी

- वर्ष 1918 में डूबे समुद्री पोत के मलबे से मिले 10 रुपये के दो दुर्लभ भारतीय नोट




पुराने और दुर्लभ नोटों एवं सिक्कों, पेंटिंग आदि के शौकीनों की कोई कमी नहीं है। ऐसी वस्तुओं की ब्रिटेन के मेफेयर स्थित ऑक्शन हाउस नूनान्स में नीलामी होती है। इसी नीलामी घर में अब 106 साल पहले छपे 10 रुपये के दो नोटों की नीलामी होगी। इन नोटों की भी अजीब दास्तां है।

इन्हें बैंक ऑफ इंग्लैंड ने छापा था, जहाज में लाद कर भारत भेजा जा रहा था। लेकिन दुर्भाग्यवश वह जहाज डूब गया। उस जहाज पर लदे अधिकतर भारतीय करेंसी नोटों को तो नष्ट कर दिया गया। लेकिन ये दो नोट अभी भी किसी के पास सुरक्षित हैं।

10 रुपये के इन दो नोटों की नीलामी मेफेयर के ऑक्शन हाउस नूनान्स में होगी। यह नीलामी 29 मई 2024 को होनी है। हालांकि ये बिना हस्ताक्षर के नोट हैं, लेकिन सुपर क्वालिटी ऑरिजिनल पेपर पर छपे हैं। इनका सीरियल नंबर भी अभी तक ज्यों का त्यो हैं। ये नोट लंदन से भारतीय शहर बंबई (अब मुंबई) जर्मन यू-बोट एसएस शिराला से भेजे जा रहे थे। इस जहाज पर इन नोटों के पूरे ब्लॉक्स और ओरिजिनल पेप लादे गए थे।

## एयर टर्बुलेंस : 22 लोगों की रीढ़ की हड्डी में लगी थी चोट

**सिंगापुर।** एयर टर्बुलेंस (वायुमंडलीय विक्षोभ) के कारण सिंगापुर एयरलाइंस की उड़ान में 22 यात्रियों की रीढ़ की हड्डी और छह यात्रियों के सिर में चोट आई है। मीडिया समूह द स्ट्रेट्स टाइम्स ने समितिवेज श्रीनाकारिन अस्पताल के निदेशक डॉ. एडिनुन किट्टीरतनपाइबूल के हवाले से बताया कि मंगलवार को टर्बुलेंस के कारण चोटिल हुए 20 लोग गहन देखभाल इकाई में हैं लेकिन किसी के भी जीवन को खतरा नहीं है।

लंदन से सिंगापुर के लिए उड़ान भरने वाले इस विमान को मंगलवार को अचानेक एयर टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा था और करीब तीन मिनट के अंदर यह 6,000 फुट नीचे आ गया था, जिसके कारण 73 वर्षीय एक ब्रिटिश व्यक्ति की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।